RNI NO.: 54818-92 REG. NO-MH/MR/North East/317/2014-16

मुंबई, पुणे और नाशिक से एक साथ प्रकाशित

# हमारा महानगर

https://www.hamaramahanagar.net

वर्ष 34 ■ अंक 10 ■ मुंबई, मंगलवार 5 अगस्त 2025 ■ पेज 10 ■ मूल्य : ₹ 5.00

संरक्षक : आरएन सिंह



ट्रंप की बौखलाहट का राज क्या? पेज-4



रक्षाबंधन पर योगी सरकार का बहनों को तोहफा पेज-6



सनातन धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व पेज-8



भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 5वें टेस्ट में हराकर अंकतालिका में लगाई छलांग पेज-9



# भारत ने इंग्लैंड के जबड़े से छीनी जीत

## मियां सिराज के पंच से पस्त हुए अंग्रेज

## शुभमन गिल एंड कंपनी ने बराबरी पर छुड़ाई सीरीज

**लंदन।** भारत ने 4 अगस्त 2025 को लंदन के केनिंग्टन ओवल में खेले गए रोमांचक टेस्ट मैच में इंग्लैंड को 6 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही भारत ने पांच टेस्ट की सीरीज 2-2 से बराबर पर छुड़ाई। इंग्लैंड ने सीरीज के पहले टेस्ट में 5 विकेट से जीत हासिल की थी। भारत ने दूसरा टेस्ट 336 रन के बड़े अंतर से जीता। तीसरे टेस्ट में इंग्लैंड ने 22 रन से भारत को हराया। चौथा टेस्ट मैच ड्रॉ रहा।

भारत बनाम इंग्लैंड 5वें टेस्ट के चौथे दिन बारिश और खराब रोशनी के चलते 62.3 ओवर का ही खेल हो पाया था। चौथे दिन का खेल खत्म होने के समय इंग्लैंड का दूसरी पारी में स्कोर 76.2 ओवर में 6 विकेट पर 339 रन था। उसे जीत के लिए 35 रन की जरूरत थी। भारत को मैच जीतने और सीरीज बराबर करने के लिए 4 विकेट की आवश्यकता थी। अंततः 35 रन और 4 विकेट के बीच रेस में भारत ने बाजी मारी। इस तरह एक रोमांचक सीरीज का अंत रोचक रूप में हुआ। चौथे दिन के खेल के अंतिम चरण तक मैच पूरी तरह से इंग्लैंड के कब्जे में प्रतीत हो रहा था, लेकिन पांचवें दिन जेमी ओवरटन और जेमी स्मिथ के विकेट ने मैच का रुख बदला और भारत ने इंग्लैंड के जबड़े से जीत छीन ली। मियां सिराज ने आते ही दिन के अपने पहले ओवर में स्मिथ को पैवेलियन भेजा। अगले ओवर में जेमी ओवरटन को एल्बीडब्ल्यू किया। भारत की ओवल में टेस्ट फॉर्मेट में यह लगातार दूसरी जीत है। इससे पहले उसने सितंबर 2021 में इंग्लैंड को 157 रन से हराया था। भारत ने इस मैदान पर अब तक 15 टेस्ट मैच खेले हैं। इसमें से 3 में जीत हासिल की है।


### सिराज बने प्लेयर ऑफ द मैच

प्रसिद्ध कृष्णा ने भी जोश टंग को पैवेलियन भेजा। गस एटकिंसन बड़े प्रहार कर इंग्लैंड को जल्द से जल्द जीत दिलाने की कोशिश की, लेकिन मोहम्मद सिराज ने 86वें ओवर की पहली गेंद पर गस एटकिंसन को बोल्ड कर भारत की झोली में जीत डाल दी। मोहम्मद सिराज प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। हैरी ब्रूक प्लेयर ऑफ द सीरीज बने।

### क्रिस वोक्स का साहस

इंग्लैंड के क्रिस वोक्स के साहस का जिक्र किए बिना मैच रिपोर्ट पूरी नहीं की जा सकती। वह कंधे में चोट के साथ मैदान पर उतरे थे। वह न सिर्फ दूसरे हाथ से बल्कि सिर्फ एक हाथ से भी बल्लेबाजी करने के लिए तैयार थे। क्रिस वोक्स का बायां हाथ स्वेटर के नीचे छिपा हुआ और दूसरे हाथ में बल्ला, यह एक ऐसी तस्वीर है जो हमेशा याद रहेगी।

# झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन का निधन



## बेटे हेमंत सोरेन ने किया भावुक कर देने वाला ट्वीट

## तीन दिन का राजकीय शोक घोषित

**नई दिल्ली।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के दिग्गज नेता शिबू सोरेन का सोमवार को निधन हो गया। शिबू सोरेन के निधन की जानकारी उनके बेटे और झारखंड सीएम हेमंत सोरेन ने खुद सोशल मीडिया पर साझा की। सीएम हेमंत सोरेन ने पिता के निधन की जानकारी देते हुए एक्स पर लिखा कि आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं। शिबू सोरेन की काफी दिनों से तबियत खराब थी, जिसकी वजह से उनका दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में इलाज चल रहा था। शिबू सोरेन पिछले एक महीने से ज्यादा समय से राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती थे। शिबू सोरेन (81) को जून के आखिरी हफ्ते में किडनी संबंधी समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका राजनीतिक जीवन कई उतार-चढ़ावों से भरा रहा। देश की राजनीति में उन्होंने जो पहचान बनाई, उसकी कोई दूसरी मिसाल शायद ही मिले। साधारण परिवार से निकलकर सीएम पद तक पहुंचने का उनका सफर कई संघर्षों से भरा हुआ रहा। झामुमो सुप्रीमो दिशोम गुरु शिबू सोरेन के निधन से देशभर में शोक की लहर दौड़ पड़ी है। देशभर से लोग उनको श्रद्धांजलि अर्पित कर रहे हैं। गुरु जी के निधन के बाद झारखंड विधानसभा का मानसून सत्र अनिश्चित काल के लिए स्थगित किया गया है। साथ ही तीन दिनों का राजकीय शोक घोषित किया गया है।

### शिबू सोरेन जमीन से जुड़े नेता : पीएम



पीएम नरेंद्र मोदी ने X हैंडल पर लिखा कि शिबू सोरेन जमीन से जुड़े नेता थे, जिन्होंने जनता के प्रति अटूट समर्पण के साथ सार्वजनिक जीवन में ऊंचाइयों को छुआ। वे आदिवासी समुदायों, गरीबों और वंचितों के सशक्तिकरण के लिए विशेष रूप से समर्पित थे। उनके निधन से दु:ख हुआ। मेरी संवेदनाएं उनके परिवार और चाहने वालों के साथ हैं। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से बात की और संवेदना व्यक्त की, ॐ शांति।

### सोरेन ने कमजोर वर्गों के लिए काम किया : राजनाथ



रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी गुरुजी के निधन पर दुख जताया। उन्होंने लिखा कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और देश के वरिष्ठतम नेताओं में से एक, शिबू सोरेन झारखंड के उन कद्दावर नेताओं में गिने जाते थे, जिन्होंने समाज के कमजोर वर्गों विशेष रूप से जनजातीय समाज के अधिकारों और उनके सशक्तिकरण के लिए आजीवन संघर्ष किया। वे हमेशा जमीन और जनता से जुड़े रहे। मेरा भी उनसे लंबा परिचय रहा। उनके निधन से मुझे बहुत दु:ख हुआ है। उनके परिवार एवं समर्थकों के प्रति मेरी संवेदनायें। ओम् शांति!

### राष्ट्रपति ने व्यक्त किया शोक



राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू भी शिबू सोरेन को श्रद्धांजलि देने सर गंगा राम अस्पताल गईं। इससे पहले, राष्ट्रपति मुर्मू ने अपने एक्स हैंडल से उनके निधन पर शोक व्यक्त किया और कहा कि उनका निधन सामाजिक न्याय के क्षेत्र में एक बड़ी क्षति है। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, उन्होंने आदिवासी पहचान और झारखंड राज्य के गठन के लिए अथक प्रयास किए। मैं उनके पुत्र और झारखंड के मुख्यमंत्री श्री हेमंत सोरेन जी, परिवार के अन्य सदस्यों और प्रशंसकों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती हूं।

# सत्येंद्र जैन को क्लीन चिट



## राउज एवेन्यू कोर्ट ने बंद किया केस

**नई दिल्ली।** दिल्ली कोर्ट ने सोमवार को आम आदमी पार्टी (AAP) के नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ चल रहा भ्रष्टाचार का मामला बंद कर दिया है। केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) को इस मामले में किसी भी तरह के अवैध लाभ का कोई सबूत नहीं मिला है। राउज एवेन्यू कोर्ट के विशेष न्यायाधीश (PC अधिनियम) डिग विनय सिंह ने CBI की क्लोजर रिपोर्ट (मामला बंद करने की रिपोर्ट) को मान लिया। उन्होंने कहा कि चार साल की जांच के बाद भी जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार का कोई सबूत नहीं मिला है। अदालत ने कहा कि जो आरोप पेश किए गए हैं और जो तथ्यात्मक पृष्ठभूमि है,वे आगे की जांच या कार्यवाही शुरू करने के लिए पर्याप्त नहीं हैं। कानून स्पष्ट रूप से कहता है कि शक सबूत की जगह नहीं ले सकता।

# ओबीसी आरक्षण के साथ होंगे स्थानीय निकाय चुनाव

## सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनाया फैसला

## वार्ड संरचना तय करने का अधिकार सरकार को

महानगर संवाददाता

मुंबई

महाराष्ट्र में लंबे समय से टल रहे स्थानीय निकाय चुनाव को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा फैसला सुनाया है। एक याचिका पर सुनवाई करते हुए सर्वोच्च अदालत ने नई प्रभाग रचना के अनुसार चुनाव कराने और ओबीसी के 27 प्रतिशत आरक्षण को भी मान्यता दे दी। इस फैसले से राज्य में मनपा, नगर परिषद, नगर पंचायत जैसी स्थानीय निकाय संस्थाओं में चुनाव का रास्ता साफ हो गया है। लातूर जिले की औसा नगर परिषद की वार्ड पुनर्रचना को चुनौती देने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि वार्ड सीमाएं तय करना राज्य सरकार का विशेष अधिकार है। कोर्ट ने पुरानी वार्ड संरचना को बहाल करने की मांग को खारिज कर दिया।

### सरकार को दोनों मांगें मंजूर : फडणवीस



राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि ओबीसी आरक्षण को लेकर इस फैसले के दो मायने हैं। अदालत ने अपने पिछले आदेश में कहा था कि पुराने ओबीसी आरक्षण के हिसाब से चुनाव कराए जाएं, आज के फैसले में इसी निर्देश पर अब मुहर लग गई है। ऐसे में इस चुनाव में ओबीसी आरक्षण पूरी तरह बरकरार रहेगा। मुख्यमंत्री के अनुसार सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव वर्ष 2022 की नहीं, वर्ष 2017 की प्रभाग रचना के अनुसार होंगे। महायुति सरकार ने महाविकास आघाड़ी सरकार के वक्त बनाए कानून को रद्द कर दिया था। ऐसे में सरकार ने दोनों मांगों को मंजूर किया है। अदालत ने ओबीसी आरक्षण सहित चुनाव कराने को मान्यता दी है। इधर सामाजिक न्याय मंत्री संजय शिरसाट ने कहा कि राज्य में नगरपालिका, महानगरपालिका की प्रभाग रचना का काम लगभग पूरा हो चुका है।

## Short News एक नजर

### नागपुर में खुली भारत की पहली AI आंगनबाड़ी

**मुंबई।** भारत के ग्रामीण इलाकों में भी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) की एंट्री हो चुकी है। बचपन से ही बच्चे AI का इस्तेमाल और महत्व समझें, इसके लिए AI की एंट्री आंगनबाड़ी के जरिए हुई है। महाराष्ट्र के नागपुर जिले की हिंगना तहसील के वडधामना गांव में AI पावर्ड आंगनबाड़ी केंद्र की शुरुआत की गई है। यह नागपुर से करीब 18 किलोमीटर दूर है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने इस आंगनबाड़ी केंद्र का उद्घाटन किया था। इसमें ऐसी-ऐसी सुविधाएं हैं, जो प्राइवेट स्कूलों भी टक्कर दे सकती हैं। इस AI आंगनबाड़ी को नागपुर जिला परिषद की 'मिशन बाल भरारी' पहल के तहत शुरू किया गया है।

### मॉर्निंग वॉक के दौरान महिला सांसद से लूटी सोने की चेन, FIR दर्ज

**नई दिल्ली।** देश की राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में अब नेता भी सुरक्षित नजर नहीं आ रहे हैं। कांग्रेस पार्टी की सांसद सुधा रामकृष्णन की सोमवार की सुबह दिल्ली के चाणक्यपुरी इलाके में चेन छीन ली गई। तमिलनाडु के मयिलादुथुराई से सांसद रामकृष्णन ने कहा कि यह घटना उस वक्त हुई जब वह साथी सांसद के साथ टहल रही थीं। दिल्ली पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। रामकृष्णन ने इस मामले में केंद्रीय गृह मंत्री शाह को एक पत्र भी लिखा है। एक व्यक्ति जिसने हेलमेट पहना हुआ था और उसका चेहरा पूरी तरह ढका हुआ था, वह उल्टी साइड से स्कूटी पर सवार होकर हमारे पास आया और मेरी सोने की चेन छीनकर भाग गया।

# राहुल गांधी को 'सुप्रीम' फटकार

## ■ SC का सवाल-कैसे पता चीन ने हड़पी जमीन ■ सच्चे भारतीय होते तो ऐसा नहीं कहते

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली



सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी पर सख्त टिप्पणी की है। शीर्ष अदालत ने कहा कि आपको कैसे पता कि चीन ने भारत की जमीन हड़पी है। अगर आप सच्चे भारतीय हैं तो ऐसी बातें नहीं कहेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने 9 दिसंबर, 2022 को भारतीय और चीनी सेनाओं के बीच झड़प के बाद भारतीय सेना पर उनकी कथित टिप्पणी को लेकर लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की खिंचाई की। राहुल गांधी ने कथित तौर पर ये कमेंट 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान किया था।

सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी की ओर से चीन के भारतीय क्षेत्र पर कब्जा करने को लेकर दिए गए गैर-जिम्मेदाराना बयान पर कड़ी आपत्ति जताई है। अदालत ने कहा कि जब सीमा पर तनावपूर्ण स्थिति है, तब विपक्ष के नेता को ऐसा बयान नहीं देना चाहिए था। राहुल गांधी ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित तौर पर ये टिप्पणी की थी, जिसमें उनके खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज किया गया। इस मामले में उन्हें सुप्रीम कोर्ट से राहत भी मिली है। शीर्ष कोर्ट ने सोमवार को सुनवाई के दौरान कहा कि आपको कैसे पता चला कि चीन ने 2000 वर्ग किलोमीटर जमीन पर कब्जा कर लिया है? विश्वसनीय जानकारी क्या है? अगर आप सच्चे भारतीय होते, तो ऐसा नहीं कहते। जब सीमा पार कोई विवाद होता है... तो क्या आप ये सब कह सकते हैं? आप संसद में सवाल क्यों नहीं पूछ सकते?

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आपके पास भले ही अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है, लेकिन एक सच्चे भारतीय के तौर पर सेना को लेकर क्या ऐसी टिप्पणी करनी चाहिए? आप एक जिम्मेदार नेता हैं।

# कल्याण बनर्जी का पार्टी के मुख्य व्हिप पद से इस्तीफा



**कोलकाता।** तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के बीच ही विवाद काफी बढ़ गया है। पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी ने जानकारी दी है कि उन्होंने लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दे दिया है। कल्याण बनर्जी ने कहा है कि उन्होंने अपनी सहयोगी महुआ मोइत्रा के साथ मतभेदों के बीच इस पद से इस्तीफा दिया है। तृणमूल कांग्रेस की प्रमुख ममता बनर्जी की अध्यक्षता में पार्टी की एक वर्चुअल बैठक हुई थी। इसके बाद कल्याण बनर्जी ने पार्टी अपने इस्तीफे की घोषणा की।

तृणमूल कांग्रेस पार्टी के सांसद कल्याण बनर्जी ने एक समाचार चैनल से कहा- 'मैंने लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक पद से इस्तीफा दे दिया है, क्योंकि 'दीदी' (पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) ने वर्चुअल बैठक के दौरान कहा था कि पार्टी सांसदों के बीच समन्वय की कमी है। इसलिए दोष मुझ पर है। इसलिए, मैंने पद छोड़ने का फैसला किया है।'

# 'भारत पर भारी टैरिफ लगाऊंगा'

## ▶▶ रूस से तेल खरीदने पर भड़के ट्रंप, दी नई धमकी

महानगर नेटवर्क

वॉशिंगटन



अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि भारत रूस से भारी मात्रा में कच्चा तेल खरीद रहा है और फिर उस तेल का बड़ा हिस्सा अंतरराष्ट्रीय बाजार में ऊंचे दामों पर बेचकर भारी मुनाफा कमा रहा है. ट्रंप ने भारत पर यूक्रेन में हो रही मानवीय त्रासदी के प्रति उदासीन रहने का भी आरोप लगाया. ट्रंप ने कहा कि भारत को इस बात की परवाह नहीं है कि रूसी युद्ध मशीन यूक्रेन में कितने लोगों को मार रही है। ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल पर पोस्ट करते हुए कहा कि भारत केवल रूस से भारी मात्रा में तेल ही नहीं खरीद रहा, बल्कि खरीदे गए तेल का एक बड़ा हिस्सा अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचकर भारी मुनाफा कमा रहा है. उन्हें इस बात की कोई परवाह नहीं कि रूस की युद्ध मशीन यूक्रेन में कितने लोगों को मार रही है. इसी वजह से मैं भारत द्वारा अमेरिका को दिए जाने वाले टैरिफ में भारी बढ़ोतरी करूंगा। भारत-रूस संबंधों पर सवाल उठाने वाले ट्रंप ने पिछले हफ्ते कहा था कि उन्हें इस बात की परवाह नहीं है कि नई दिल्ली मास्को के साथ कितना व्यापार करता है।

पिछले हफ्ते, अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत के उच्च टैरिफ और रूस के साथ जारी सैन्य एवं ऊर्जा संबंधों का हवाला देते हुए सभी भारतीय वस्तुओं पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की थी।

## बांके बिहारी मंदिर विवाद

# 'सुको' गठित करेगा अंतरिम समिति



महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

वृन्दावन के बांके बिहारी मंदिर के आस-पास सुविधा परियोजनाओं के बेहतर प्रबंधन के लिए सुप्रीम कोर्ट अंतरिम समिति का गठन करेगा। आज इस सिलसिले में होने वाली सुनवाई में सभी पक्षकार अपने सुझाव और मुद्दों की विंदुवार जानकारी लिखित रूप में कोर्ट को देंगे। उम्मीद है कि मौजूदा अध्यादेश पर कोर्ट के अगले आदेश तक रोक लग जाएगी। सुनवाई के दौरान सीनियर एडवोकेट श्याम दीवान ने याचिकाकर्ताओं की पैरवी करते हुए इसके निजी मंदिर होने की दलील दी। जस्टिस सूर्यकांत ने कहा कि मंदिर की आय सिर्फ अपने लिए नहीं, बल्कि मंदिर विकास योजनाओं के लिए भी है। श्याम दीवान ने कहा कि हम सरकार की योजना पर एकतरफा आदेश को चुनौती दे रहे हैं। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्य बागची के समक्ष पेश इन याचिकाओं में यूपी सरकार के उस अध्यादेश को चुनौती दी गई है, जिसके मुताबिक मंदिर से जुड़ी व्यवस्था राज्य सरकार एक ट्रस्ट को सौंप रही है। याचिकाओं में कहा गया है कि श्री बांके बिहारी मंदिर एक निजी धार्मिक संस्था है।

# कर्नल की पिटाई पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब पुलिस के चार अधिकारियों को सेना के एक कर्नल और उनके बेटे की कथित पिटाई के मामले में राहत देने से इंकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि सेना का सम्मान करें, उनकी वजह से आप चैन की नींद सोते हैं। कोर्ट ने इस मामले में पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखते हुए CBI जांच जारी रखने का निर्देश दिया। यह मामला तब सामने आया जब शिकायतकर्ता सेना कर्नल ने आरोप लगाया कि उन्हें और उनके बेटे को चार पुलिस अधिकारियों ने ढाबे पर कार हटाने से इंकार करने पर पीटा। उनका आरोप था कि इस घटना के बावजूद FIR दर्ज करने में आठ दिन की देरी हुई और राज्य सरकार अपने पुलिस अधिकारियों को बचाने में लगी रही। शिकायतकर्ता ने कोर्ट में कहा कि FIR दर्ज करने में अनावश्यक देरी की गई और पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की।

# शिक्षकों की बहाली में डोमिसाइल नीति लागू

## अब बिहार के लोगों को ही नौकरी में मिलेगी प्राथमिकता

महानगर नेटवर्क

पटना



बिहार विधानसभा चुनाव के पहले राज्य में नई डोमिसाइल नीति लागू हो जाएगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने खुद सोशल मीडिया पर इसकी जानकारी दी। सोमवार को नीतीश कुमार ने शिक्षक भर्ती परीक्षा को लेकर बड़ा ऐलान कर दिया। सीएम नीतीश कुमार ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा- नवम्बर 2005 में सरकार बनने के बाद से ही हम लोग शिक्षा व्यवस्था में सुधार के लिए लगातार काम कर रहे हैं। शिक्षा व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण हेतु बड़ी संख्या में शिक्षकों की नियुक्ति की गई है। शिक्षकों की बहाली में बिहार के निवासियों (डोमिसाइल) को प्राथमिकता देने के लिए शिक्षा विभाग को संबंधित नियम में आवश्यक संशोधन करने का निर्देश दिया गया है। यह टीआरई-4 से ही लागू किया जाएगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बताया कि वर्ष 2025 में टीआरई-4 और वर्ष 2026 में टीआरई-5 का आयोजन किया जाएगा। टीआरई-5 के आयोजन के पूर्व एसटीईटी का आयोजन करने का भी निर्देश दिया गया है। बिहार सरकार के इस फैसले से स्पष्ट है कि अब शिक्षक बहाली प्रक्रिया में बिहार के स्थायी निवासियों को वरीयता दी जाएगी। लंबे समय से युवाओं की यह मांग थी कि बाहर से आकर आवेदन करने वालों की जगह स्थानीय अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जाए। शिक्षा विभाग अब टीआरई-4 के पहले नियम में संशोधन करेगा ताकि डोमिसाइल आधारित चयन की प्रक्रिया कानूनी रूप से प्रभावी हो सके।

गणेश भक्तों की सुविधा के लिए

# गणेशोत्सव में देर रात तक लोकल और मेट्रो चालू रखी जाए : लोढ़ा

**जनता दरबार को मिला उत्स्फूर्त प्रतिसाद**



महानगर संवाददाता

मुंबई

महाराष्ट्र और मुंबई एमएमआर क्षेत्र में धूमधाम से मनाया जाने वाला गणेशोत्सव विश्वविख्यात है। इस दौरान रात देर तक गणेश भक्त दर्शन हेतु प्रयासरत रहते हैं। ऐसे में भक्तों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए लोकल और मेट्रो सेवा देर रात तक चालू रखने के लिए रेलवे और मेट्रो प्रशासन से संवाद किया जाएगा, ऐसी जानकारी कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने दी। वे महापालिका के ग्रांट रोड स्थित डी विभाग कार्यालय में आयोजित जनता दरबार को संबोधित कर रहे थे।

मंत्री लोढ़ा ने कहा कि गणेशोत्सव के समय महाराष्ट्र के कोने-कोने से भक्त मुंबई आते हैं। इस स्थिति में उनकी सुविधा के लिए सार्वजनिक परिवहन का चालू रहना अत्यंत आवश्यक है। इस संदर्भ में रेलवे और मेट्रो प्रशासन से पत्रव्यवहार जारी है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रशासनिक व्यवस्था के माध्यम से सरकार को सीधे जनता तक पहुंचना चाहिए और उनकी समस्याएं जाननी चाहिए। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंत्रिमंडल के सदस्यों को यह सुझाव दिया था, और उसी के अनुरूप इस जनता दरबार का आयोजन किया गया है, मंत्री लोढ़ा ने कहा कि पिछले एक माह में दक्षिण मुंबई में आयोजित पांच जनता दरबारों में ऑनलाइन और ऑफलाइन माध्यम से लगभग दो हजार नागरिकों ने अपनी समस्याएं दर्ज कराईं। नागरिकों की समस्याएं एक ही छत के नीचे सुलझाने हेतु म्हाडा, एस.आर.ए., महापालिका और रेलवे समेत कुल 12 विभागों के अधिकारियों को साथ लाया गया। जिससे नागरिकों की समस्या का तुरंत समाधान मिल सका है। उन्होंने कहा कि संक्रमण शिविर उपलब्ध कराए बिना निवासियों को घर खाली करने की नोटिस न दी जाए।

**जनता दरबार से नागरिकों को राहत**

जनता दरबार में कई नागरिकों ने म्हाडा से जुड़े पुनर्विकास, मरम्मत और संक्रमण शिविर को लेकर शिकायतें रखीं। कई बार बिना संक्रमण शिविर की सुविधा दिए बिना ही नागरिकों को इमारतें खाली करने के लिए 'सी टू' नोटिस थमा दी जाती है। इस संदर्भ में मंत्री लोढ़ा ने निवासियों की बात ध्यान से सुनी। उन्होंने बताया कि जल्द ही म्हाडा के उपाध्यक्ष एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जायसवाल से बैठक कर इस विषय पर चर्चा की जाएगी और संक्रमण शिविर उपलब्ध कराए बिना किसी भी निवासी को घर खाली करने की नोटिस न दी जाए, इस आशय सख्त सूचना दी जाएगी। साथ ही, अगर संक्रमण शिविर उपलब्ध नहीं है तो इमारत की मरम्मत जल्द से जल्द कर नागरिकों को राहत दी जाए।

# बीडीडी चालवासियों को जल्द मिलेगी फ्लैट की चाबियां

- वार रूम की बैठक में विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा
- मेट्रो प्रोजेक्ट में आ रही दिक्कतों को किया गया दूर



महानगर संवाददाता

मुंबई

राज्य के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि पहले चरण में वर्ली स्थित बीडीडी चाल के निवासियों को फ्लैट की चाबियों के वितरण पर अगले सप्ताह निर्णय लिया जाएगा। वे सोमवार को मुख्यमंत्री वार रूम में विभिन्न परियोजनाओं की समीक्षा करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वार रूम में 33 इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रोजेक्ट पर नजर रखी जा रही है। इन परियोजना को लेकर वन, भूमि अधिग्रहण सहित 132 विषय लंबित थे। इनमें से 63 दिक्कतों को दूर किया गया। वार रूम की अगली बैठक में इन सभी समस्याओं को दूर करने का निर्देश दिया गया है। फडणवीस ने कहा कि एमएमआर रीजन में मल्टीमॉडल कॉरिडोर तथा गोरेगांव-मुलुंड लिंक रोड (जेएमएलआर) के अलावा मेट्रो प्रोजेक्ट की समीक्षा की गई। इनमें मुंबई मेट्रो लाइन 4 (वडाला से कसारवडावली), मेट्रो लाइन 5 (ठाणे-भिवंडी-कल्याण), मुंबई मेट्रो 6 (स्वामी समर्थ नगर-विक्रोली), मेट्रो लाइन 2 बी (डीएन नगर से मंडला), मुंबई मेट्रो 7 ए (अंधेरी-छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट टर्मिनल 2), मुंबई मेट्रो लाइन 9 (दहिसर (पूर्व) से मीरा भायंदर) शामिल हैं। बैठक में इन सभी मेट्रो की दिक्कतों को दूर करने का काम किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बीडीडी चाल के संदर्भ में काम तेजी से पूरा करने को लेकर समीक्षा की गई। काम में आ रही कुछ अड़चनों को दूर किया गया। पहले चरण में बीडीडी चाल के लोगों को फ्लैट की चाबियां देने के संदर्भ में अगले सप्ताह निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा शिवड़ी-वर्ली एलिवेटेड प्रोजेक्ट और धारावी पुनर्विकास परियोजना की समीक्षा भी की गई। फडणवीस ने कहा कि दो महत्वपूर्ण टनल प्रोजेक्ट चल रहे हैं, इनमें पहला जेएमएलआर पर और दूसरा बोरीवली-ठाणे टनल प्रोजेक्ट हैं।



# वसई-विरार के सौंदर्यीकरण की बदहाली

**एक साल में ही खराब हुई करोड़ों से बनी सुंदरता**

**वसई।** वसई-विरार शहर की सुंदरता बढ़ाने के लिए महापालिका द्वारा करोड़ों रुपये खर्च करके बनाए गए और सजाए गए चौक एक साल के भीतर ही जीर्ण-शीर्ण अवस्था में पहुंच गए हैं। आकर्षक मूर्तियां, फव्वारे और लाइटिंग की उपेक्षा के कारण इन चौराहों की स्थिति लगातार बिगड़ती जा रही है, जिससे नागरिकों में भारी नाराजगी है।

**खराब रखरखाव और लापरवाही**

महापालिका ने शहर के प्रमुख चौराहों पर विभिन्न समुदायों की पहचान दर्शाने वाली सुंदर मूर्तियां और फव्वारे स्थापित किए थे। हालांकि, इनके रखरखाव में घोर लापरवाही बरती गई है। वसई पूर्व के रेंज ऑफिस चौक और वसई पश्चिम के अग्रवाल मोहल्ले में लगे फव्वारे बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुके हैं। फव्वारे का पानी मटमैला हो गया है, जिससे मच्छरों का खतरा बढ़ गया है। आसपास की लाइट्स भी काम नहीं कर रही हैं, जिससे रात में ये चौक और भी बदहाल दिखते हैं। आगरी-कोली बंधुओं पर आधारित मूर्तियां, जो बाभोला नाका और पापड़ी में लगी थीं, भी टूट गई हैं। विरार मुख्यालय की ओर जाने वाला टावर भी गिर गया है।

**अनाधिकृत विज्ञापनों का बढ़ता बोलबाला**

सौंदर्यीकरण की उपेक्षा के साथ-साथ, इन चौराहों पर अनाधिकृत होर्डिंगों और राजनीतिक शुभकामनाओं के पर्चे और पोस्टरों की संख्या भी बढ़ रही है, जिससे इनकी सुंदरता और भी खराब हो गई है। नागरिकों की मांग है कि ऐसे अवैध विज्ञापनों पर तुरंत रोक लगाया जाए। जब इस मामले में शहर अभियंता प्रदीप पाचंगे से संपर्क किया गया, तो उन्होंने बताया कि महापालिका जल्द ही इस पर ध्यान देगी। उन्होंने कहा, "वसई और विरार शहर के सभी चौराहों का निरीक्षण किया जाएगा। रखरखाव और मरम्मत के लिए टेंडर जारी किए जा चुके हैं, और जल्द ही काम शुरू हो जाएगा।" नागरिकों ने इस बात पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की है कि करोड़ों रुपये खर्च करने के बाद भी इन चौराहों का रखरखाव नहीं किया जा रहा है। उनकी माँग है कि महापालिका तुरंत कार्रवाई करे और इन सुंदर चौराहों को उनके पुराने स्वरूप में वापस लाए।

# सात साल पहले बने ब्रिज को तोड़ने की तैयारी में मनपा

महानगर संवाददाता

मुंबई

गोरेगांव में सात साल पहले बने वीर सावरकर फ्लाईओवर को मनपा ने तोड़ने की योजना बनाई है। मनपा ने यह निर्णय महत्वाकांक्षी मुंबई कोस्टल रोड-2 परियोजना के निर्माण में आ रही बाधा के कारण लिया है। कोस्टल रोड दो वर्सोवा से दहिसर तक बनाया जा रहा है। यह फ्लाईओवर अगस्त 2018 में 27 करोड़ रुपये की लागत से तैयार किया गया था। अभी सात साल पहले बने फ्लाईओवर को तोड़े जाने से स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। बता दें कि गोरेगाव में बना यह फ्लाईओवर स्थानीय तौर पर एमटीएनएल फ्लाईओवर के नाम से जाना जाता है। यह फ्लाईओवर रैडिसन होटल से रुस्तमजी ओझोन तक फैला है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि फ्लाईओवर को बचाने के सभी संभावित विकल्पों का अध्ययन किया गया लेकिन किसी अन्य समाधान की संभावना न होने के कारण इसे तोड़ने का निर्णय लिया गया है। कोस्टल रोड के दौरान इस स्थान पर डबल-डेकर फ्लाईओवर बनाने का प्रस्ताव रखा गया है जिसमें ऊपर का हिस्सा माइंडस्पेस से दिंडोशी कोर्ट को जोड़ेगा और नीचे का हिस्सा सावरकर फ्लाईओवर का स्थान लेगा। मनपा अधिकारी ने बताया कि प्रस्ताव अंतिम मंजूरी के लिए जल्द ही मनपा आयुक्त को भेजा जाएगा। मनपा अधिकारी ने बताया कि यह परिसर कोस्टल रोड-2 परियोजना के उस हिस्से का हिस्सा है जो माइंडस्पेस से दिंडोशी कोर्ट होते हुए प्रस्तावित गोरेगाव-मुलुंड लिंक रोड से जुड़ेगा। इस योजना का उद्देश्य पश्चिमी समुद्री मार्ग को पूर्वी उपनगरों से जोड़ना है। पूर्व नगरसेवक दीपक ठाकुर ने इस कदम पर चिंता जताते हुए कहा कि एमटीएनएल फ्लाईओवर क्षेत्र का एक महत्वपूर्ण मार्ग है और इसे हटाने से क्षेत्र में भारी यातायात की समस्या उत्पन्न होगी।

**कोस्टल दो के निर्माण में बन रहा बाधा**



**मुंबई कोस्टल रोड 2 परियोजना की दूरी**

वर्सोवा से दहिसर तक की 22 किलोमीटर लंबी यह सड़क परियोजना ज़मीन पर बनी सड़कें, एलिवेटेड सेगमेंट, स्टिल्ट्स पर बनी सड़कें, एक केबल-स्टे ब्रिज और एक क्रीक के नीचे कट-एंड-कवर सुरंग जैसे विविध घटकों से मिलकर बनी है। कोस्टल रोड को माइंडस्पेस से डिंडोशी होते हुए गोरेगाव-मुलुंड लिंक रोड तक जोड़ने के लिए यह आवश्यक है।

# विरार गणेश मूर्तिकारों के लिए नि :शुल्क साडू मिट्टी

महानगर संवाददाता

विरार

वसई-विरार महापालिका ने एक महीने पहले ही गणेश मूर्तिकारों के लिए निःशुल्क साडू मिट्टी उपलब्ध कराने की घोषणा की थी। हालांकि, कई दिन बीत जाने के बाद भी मिट्टी वितरित नहीं की गई थी। गणेशोत्सव के कुछ ही दिन दूर होने के कारण, महापालिका ने आखिरकार सोमवार को मिट्टी वितरित की। पर्यावरण-अनुकूल गणेश चतुर्थी मनाने के उद्देश्य से, मूर्तिकारों को साडू मिट्टी उपलब्ध कराई गई है ताकि वे अधिक से अधिक साडू मूर्तियाँ बना सकें। शहर में मूर्ति की दुकानों में पीओपी के उपयोग को कम करने और साडू मिट्टी के उपयोग को बढ़ाने के लिए यह कदम उठाया गया है।

> "शहर में पहली बार महापालिका द्वारा यह पहल लागू की गई है। इसके लिए महापालिका ने मूर्तिकारों की सूची मांगी थी। इसमें 25 मूर्तिकारों ने 40-40 बैग मिट्टी की मांग की थी। इसके अनुसार, महापालिका ने 40 टन मिट्टी मांगी है और सोमवार से मिट्टी का वितरण शुरू हो गया है। पर्यावरण-अनुकूल गणेश उत्सव को प्रोत्साहित करने के लिए, नि :शुल्क शादू मिट्टी का वितरण किया गया है। इससे गणेश भक्तों द्वारा अधिक से अधिक शाडू प्रतिमाएं स्थापित की जाएंगी। महापालिका द्वारा भविष्य में भी ऐसी पर्यावरण-अनुकूल योजनाए लागू की जाएगी।
>
> -दीपक सावंत, अतिरिक्त आयुक्त

# लोकशाही दिन पर आदिवासी समाज को मिला न्याय



महानगर संवाददाता

भायंदर

लोकशाही दिन पर आदिवासी समाज को मनपा आयुक्त ने न्याय दिलाया है। मीरा- भायंदर शहर में मनपा ठेकेदार के माध्यम से बाजार फीस वसूल करती है। ठेकेदार से करारनामे में आदिवासी समाज को इस बाजार फीस से बाहर रखा गया है। इसके बावजूद ठेकेदार द्वारा आदिवासी समाज के लोगों से बाजार फीस वसूली जा रही थी। पूर्व नगरसेवक ओमप्रकाश गाडोदिया द्वारा इस विषय में मनपा से पत्र व्यवहार किया गया था। गाडोदिया द्वारा लोकशाही दिन पर आदिवासी महिला गुलाब मंडल के माध्यम से अपील की गयी थी। लोकशाही दिन पर मनपा आयुक्त ने पूरी जानकारी प्राप्त कर ठेकेदार को किसी भी आदिवासी समाज के लोगों से बाजार फीस वसूली करने की मना किया। साथ ही करारनामे के तहत ही फीस वसूली का आदेश दिया। मनपा आयुक्त ने अपील करने वाली आदिवासी समाज की महिला गुलाब मंडल से ली गयी बाजार फीस को भी ब्याज के साथ वापस करने का आदेश ठेकेदार को दिया है। मीरा - भायंदर शहर में बाजार फीस वसूली ठेकेदार द्वारा तय रकम से ज्यादा वसूली करने जैसे आरोप लगते रहते हैं। शहर में 150 के करीब आदिवासी समाज के लोग फेरी लगाकर खेती से उत्पन्न एवं अन्य चीजों की ब्रिकी करते हैं। इन आदिवासी समाज के लोगों से ठेकेदार के द्वारा जबरन बाजार फीस वसूली जा रही थी।

# केडीएमसी का पर्यावरण जागरुकता कार्यक्रम संपन्न

महानगर संवाददाता

मुंबई

कल्याण-डोंबिवली महानगरपालिका (KDMC) के पर्यावरण व प्रदूषण नियंत्रण विभाग की ओर से "घर-घर संविधान" अभियान के अंतर्गत एक विशेष जनजागृति कार्यक्रम का आयोजन डोंबिवली (पूर्व) स्थित संत तुलसीदास कडोंमपा हिंदी शाला क्र. 86/2 में किया गया। यह आयोजन महापालिका आयुक्त अभिनव गोयल के निर्देश और कार्यकारी अभियंता रोहिणी लोकरे के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को पर्यावरण विषयक संकल्पना व संविधानिक कायदे पर आधारित व्याख्यान दिया गया। इसमें एल.एल.बी द्वितीय वर्ष के छात्रों और पर्यावरण विशेषज्ञ वैशाली तांबट ने बच्चों को भारतीय संविधान में उल्लेखित पर्यावरण संबंधी प्रावधानों व कानूनों की जानकारी दी और उनके महत्व पर प्रकाश डाला। इसके साथ ही, आपदा प्रबंधन और पर्यावरण संतुलन के लिए NDRF के जवानों द्वारा एक प्रभावशाली प्रात्यक्षिक और मार्गदर्शन सत्र भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का आकर्षण रहा रक्षाबंधन का आयोजन, जिसमें पर्यावरण विभाग की ओर से NDRF जवानों के साथ रक्षा सूत्र बांधकर भारतीय संस्कृति और सामाजिक समरसता का संदेश दिया गया। इस अवसर विधायक राजेश मोरे ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा, पर्यावरण संरक्षण केवल किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में कार्यकारी अभियंता रोहिणी लोकरे, उप अभियंता मुराई, NDRF के मुख्य वरिष्ठ निरीक्षक दिलीप कुमार, वरिष्ठ निरीक्षक विश्वनाथ दुधिया, महापालिका अग्निशमन विभाग के उप अधिकारी रवि गोवारी, 6/फ प्रभाग की सहायक आयुक्त हेमा मुंबरकर और पर्यावरण विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। महापालिका के इस प्रयास को स्थानीय नागरिकों व विद्यार्थियों से सराहना मिली।



# अडानी समूह सिखाएगा मनपा स्कूली बच्चों को गणित



**मुंबई।** अडानी इलेक्ट्रिसिटी और अडानी फाउंडेशन के बीच 'प्रोजेक्ट उत्थान' के लाइसेंस प्रमाणपत्र का हस्तांतरण 4 अगस्त को मुंबई महानगरपालिका मुख्यालय में किया गया। परियोजना का उद्देश्य महानगरपालिका की 947 स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों की बुनियादी साक्षरता और संख्यात्मक ज्ञान को सशक्त बनाना है, जिससे लगभग डेढ़ लाख विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। अडानी ने यह प्रोजेक्ट उत्थान को 2021 से सार्वजनिक-निजी भागीदारी के तहत शुरू किया गया था जो केंद्र सरकार की निपुण भारत मिशन योजना और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के उद्देश्यों से मेल खाता है। जनवरी से अप्रैल 2025 के बीच मनपा के स्कूलों में कक्षा 2 के 31,000 छात्रों पर यह प्रोजेक्ट प्रायोगिक रूप से लागू किया गया, जिसमें छात्रों की पढ़ाई में उल्लेखनीय प्रगति देखी गई। इस सफलता से प्रोजेक्ट को 2027-28 तक विस्तारित किया गया है। इसका लाभ कक्षा 1 से 4 तक के सभी छात्रों को मिलेगा। इसके तहत 316 प्रशिक्षित महिला उत्थान सहायिकाओं की नियुक्ति की जाएगी, जो नियमित रूप से स्कूल न आने वाले या पढ़ाई में कमजोर छात्रों को शिक्षकों के सहयोग से मुख्यधारा में लाने का कार्य करेंगी। इस अवसर मनपा आयुक्त एवं प्रशासक भूषण गगराणी, अतिरिक्त आयुक्त (पूर्व उपनगर) डॉ. अमित सैनी, उपायुक्त (शिक्षा) प्राची जांभेकर, अडानी समूह के प्रबंध निदेशक कंदर्प पटेल, सीईओ रमेश शर्मा सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।


**दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे**

**संशोधन**

**निविदा सं.:** 02-SNT-Proj-Tender-2025

**पूर्व प्रकाशित विवरण:**

निविदाएँ जमा करने की तिथि: 25.07.2025 को 11:30 बजे तक

**संशोधित किया गया विवरण:**

**निविदा जमा करण्याची तारीख: दिनांक 25.07.2025 च्या 11:30 वाजेपर्यंत.**

अन्य सभी नियम व शर्तें पूर्ववत रहेंगी।

**उप मुख्य एस & टी अभियंता (परियोजना), दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे,**

PR/R/GSU)DY.CSTE)/FL/125 रायपूर

South East Central Railway @secrail


# सार्वजनिक मूत्र विसर्जन शौचालयों की कमी से नागरिकों में आक्रोश

महानगर संवाददाता

भिवंडी

भिवंडी-निजामपुर शहर महानगर पालिका क्षेत्र में सार्वजनिक मूत्र विसर्जन की उचित व्यवस्था न होने के कारण नागरिकों में भारी असंतोष पनप रहा है। खासकर महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति इतनी बिगड़ गई है कि अब लोगों ने भिवंडी महानगर पालिका के मुख्य इमारत की चारदीवारी पर ही पेशाब करना शुरू कर दिया है। शहर में लगातार बढ़ती जनसंख्या और बाहरी नागरिकों की आमद के कारण सार्वजनिक सुविधाओं की मांग बढ़ गई है। रोज़गार, ख़रीदारी और शासकीय कार्यों के लिए भिवंडी आने वाले हजारों लोगों को सार्वजनिक मूत्र विसर्जन की सुविधा नहीं मिलती। इससे न केवल असुविधा होती है, बल्कि शहर की सड़कों और सार्वजनिक स्थानों पर गंदगी फैलती जा रही है।

पालिक प्रशासन ने शहर को स्वच्छ बनाए रखने के लिए आरोग्य व स्वच्छता विभाग के माध्यम से दंडात्मक कार्रवाई हेतु एक निजी कंपनी को ठेका दिया है। इस कंपनी को शहर में खुले में गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करनी थी, लेकिन सूत्रों के अनुसार यह ठेकेदार केवल प्रतिबंधित प्लास्टिक बेचने वाले विक्रेताओं से उगाही करने में व्यस्त है। हालांकि पालिका ने इस ठेका कंपनी पर नियंत्रण के लिए जे.एम. सोनवणे नामक एक अधिकारी की नियुक्ति की है, लेकिन परिणाम अब तक नगण्य हैं। सूत्रों का यह भी कहना है कि आरोग्य व स्वच्छता विभाग के कुछ अधिकारी और नियंत्रण अधिकारी स्वयं इस कंपनी को संरक्षण प्रदान कर रहे हैं, जिससे यह कंपनी मनमानी करने में सक्षम हो गई है। शहर के तीनबत्ती,मंडाई, धामणकर नाका, कल्याण नाका, जकात नाका, , कल्याण नाका से भिवंडी एस डी बस डिपों रोड़, मनपा मुख्यालय के आसपास आदि मुख्य स्थानों पर स्थिति और भी गंभीर है।

# मदनपुरा की पोस्ट ऑफिस इमारत ढही

**जर्जर इमारत को पहले कराया गया था खाली**



फोटो : कुणाल कासार

**मुंबई।** मौलाना आजाद रोड पर भायखला पश्चिम स्थित मदनपुरा पोस्ट ऑफिस इमारत सोमवार को पूरी तरह ढह गई। म्हाडा की यह इमारत पहले से जर्जर घोषित की गई थी और इमारत को खाली करा दिया गया था। जिससे ईमारत गिरने की घटना के बावजूद किसी प्रकार की जीवित हानि नहीं हुई। मिली जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह लगभग 11, 30 बजे पोस्ट ऑफिस नामक तीन मंजिला इमारत टॉस के पत्तों की तरह ढह गई। इमारत एक कुछ हिस्सा रविवार को ही गिरा था जिसके चलते म्हाडा ने पूरी इमारत को राइवर को खाली करा दिया था। जिससे कोई जनहानि नहीं हुई। सोमवार सुबह इमारत का पहला और तीसरा माला का पिछला हिस्सा गिर गया, और उसके कुछ ही समय बाद पूरी इमारत ढह गई। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, पुलिस, 108 एम्बुलेंस, म्हाडा के कर्मचारी और संबंधित वॉर्ड के अधिकारी घटना स्थल पर पहुंच गए थे। म्हाडा का स्टाफ घटनास्थल पर मौजूद है और स्थिति पर नजर रखी जा रही है। राहत की बात यह है कि इस हादसे में कोई घायल नहीं हुआ है। इमारत के गिरे मलवे को हटाने का काम म्हाडा द्वारा किया जा रहा था।


**कार्यालय अधीक्षण अभियंता,**

**लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग (छत्तीसगढ़)**

**// निविदा निरस्त करने की सूचना //**

इस कार्यालय की निविदा सिस्टम क्रं. 131/172406 एवं 132/172407 ज्ञाप क्रं. 5580/सा./ 2025 दुर्ग दिनांक 15.07.2025 जिसका जी क्रं. 252602348/3 का अपरिहार्य कारणो से निविदा निरस्त किया जाता है।

हस्ता/-

अधीक्षण अभियंता

लोक निर्माण विभाग, दुर्ग मण्डल दुर्ग

दूरभाष 0788-2210876

G-252602577/3


# मरे एलटीटी- धनबाद विशेष ट्रेनों के 18 अतिरिक्त फेरे बढ़ाएगा

**मुंबई।** रेल प्रशासन द्वारा यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए लोकमान्य तिलक टर्मिनस - धनबाद विशेष गाड़ियों के परिचालन में 18 अतिरिक्त फेरे बढ़ाए गए हैं, जिसका विवरण निम्नानुसार है। गाड़ी संख्या 03380 लोकमान्य तिलक टर्मिनस - धनबाद साप्ताहिक विशेष, जो प्रत्येक गुरुवार को चलती है और जिसे पूर्व में 31.07.2025 तक चलाने की अधिसूचना थी, अब इसका परिचालन 07.08.2025 से 02.10.2025 तक बढ़ाया गया है। (कुल 9 फेरे) गाड़ी संख्या 03379 धनबाद- लोकमान्य तिलक टर्मिनस साप्ताहिक विशेष, जो प्रत्येक मंगलवार को चलती है और जिसे पूर्व में 29.07.2025 तक चलाने की अधिसूचना थी, अब इसका परिचालन 05.08.2025 से 30.09.2025 तक बढ़ाया गया है। (कुल 9 फेरे) कोच संरचना: 2 एसी द्वितीय श्रेणी, 2 एसी तृतीय श्रेणी, 6 एसी तृतीय श्रेणी इकोनॉमी, 6 स्लीपर श्रेणी, 4 सामान्य द्वितीय श्रेणी, 1 द्वितीय सीटिंग कम गार्ड ब्रेक वैन तथा 1 जनरेटर कार। समय और ठहराव में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। विशेष गाड़ी संख्या 03380 की विस्तारित ट्रिप्स के लिए आरक्षण सभी कंम्प्यूटरीकृत आरक्षण केंद्रों और वेबसाइट http://www.irctc.co.in पर उपलब्ध है।

# अंतिम सोमवार शिव मंदिरों में लगा रहा भक्तों का तांता

**कल्याण।** सावन के अंतिम सोमवार को शिव मंदिरों में भक्तों का ताता लगा रहा। भक्त अपनी मनोकामना के लिए विधिवत पूजा की। कहा जाता है कि सावन के अंतिम सोमवार को यदि भक्त सुबह शाम जलाभिषेक करके भगवान भोलेनाथ की आरती करते हैं और उनके पंचाक्षर मंत्र का जप करते हैं तो बाबा उनकी झोली भर देते हैं। वैसे इस माह का आध्यात्मिक दृष्टि से विशेष महत्व होता है। सावन माह में सोमवार का विशेष महत्व है। सावन के हर सोमवार का अलग अलग महत्व बताया जाता है। पंडितों और आचार्यों के अनुसार यदि भगवान भोले को सावन में प्रतिदिन पीला फूल चढ़ाएं तो दाम्पत्य जीवन सुखमय हो जाता है।

सावन में सोमवार का व्रत करने से महादेव प्रसन्न होते हैं। जिन लोगों का मन चंचलता के कारण मुश्किलों में रहता है उनके लिए सावन के सोमवार व्रत का विशेष महत्व हो जाता है। भगवान शिव की अराधना लोगों को मन को स्थिर ही नहीं करता बल्कि समस्त मुराद पूरा करने में सहायक भी है। सावन 9 अगस्त को रक्षाबंधन के दिन समाप्त होगा। ऐसा कहा जाता है कि सावन के दिनों में शिवलिंग पर जल चढाने से साक्षात भगवान के दर्शन होते हैं। कल्याण, डोम्बिवली ,अम्बरनाथ, टिटवाला, उल्हासनगर, बदलापुर कोड़ेश्वर धाम में 24 वर्षों से निरंतर भोलेनाथ की पूजा पाठ अखंड भंडारे के साथ दिव्य आयोजन सूर्यकांत त्रिपाठी के अध्यक्षता में किया जा रहा है।

**रक्षाबंधन को समाप्त हो जाएगा सावन**



# कबूतर खाने को लेकर आज बैठक


महानगर संवाददाता
मुंबई

मुंबई के कबूतर खाने को लेकर मंगलवार को एक बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में विशेषज्ञों को बुलाया गया है, उनसे चर्चा कर समस्या के समाधान का प्रयास किया जाएगा। कबूतरखानों के बंद करने को लेकर कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने मनपा आयुक्त भूषण गगरानी को पत्र लिखकर लोगों की भावनाओं पर गौर करने की अपील की है।

सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि कबूतर खाने विषय पर मंगलवार को बैठक बुलाई गई है। ये अदालत का निर्णय है और हमें जनभावनाओं पर भी ध्यान देना है। दोनों मामलों में विशेषज्ञों से चर्चा कर उचित मार्ग निकालने का प्रयास किया जाएगा। शनिवार को मनपा ने तालपत्री लगाकर दादर कबूतर खाना बंद कर दिया था। रविवार को कौशल विकास मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने कबूतरों को दाना खिलाने पर लगाए गए प्रतिबंध के कारण उत्पन्न स्थिति से निपटने के लिए मनपा आयुक्त भूषण गगरानी को पत्र लिखा और सुझाव दिए। लोढ़ा ने मनपा प्रशासन से कहा कि कबूतर खाना बंद करते समय पक्षी प्रेमियों, साधु-संतों और आम लोगों द्वारा व्यक्त की गई भावनाओं पर भी गौर करने की जरूरत है। उन्होंने कहा है कि न्यायालय के निर्णय का सम्मान करते हुए बीच का रास्ता निकाले जाने की जरूरत है। लोढ़ा ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि जब से कबूतरों को दाना देने पर प्रतिबंध लगाया गया है तब से मुंबई में दाने के अभाव में कबूतर सड़कों पर मृत पाए जा रहे हैं, इससे नई स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं उत्पन्न हो रही हैं।

- मुख्यमंत्री करेंगे विशेषज्ञों से बातचीत
- बीच का मार्ग निकालने का होगा प्रयास





### मनपा आयुक्त से मिले मंगल प्रभात लोढ़ा

कैबिनेट मंत्री मंगल प्रभात लोढ़ा ने मनपा आयुक्त से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि कबूतर भी जीव है, उनके साथ इस तरह का अमानवीय व्यवहार ठीक नहीं। उनके लिए नेशनल पार्क में जगह उपलब्ध कराई जाए और यदि कबूतरों से बीमारी फैल रही है तो उसके लिए उपाय योजना की जाए।

### जैन समाज की भूख हड़ताल की चेतावनी

इधर दादर स्थित कबूतर खाने को बंद करने के विरोध में जैन समाज ने आंदोलन की चेतावनी दी है। पूर्व नगरसेवक पूरन दोषी ने बताया कि अगल दादर का बंद कबूतरखाना नहीं खोला गया तो 10 अगस्त से जैन समाज के लोग और साधु-संत भूख हड़ताल करेंगे। मुंबई में 51 कबूतर खाने हैं। लोगों का आरोप था कि कबूतरों के कारण इन स्थानों पर स्थानीय रहिवासियों को सांस संबंधी समस्याएं, दुर्गंध और प्रदूषण का सामना करना पड़ रहा था, इसलिए कबूतर खानों को बंद करने की मांग लंबे समय से हो रही थी। दादर का कबूतर खाना ब्रिटिश काल का माना जाता है। जिसकी स्थापना 1933 में एक पानी के फव्वारे के रूप में हुई थी।

# जोगेश्वरी में हाउसिंग जेहाद: संजय निरुपम

- हिंदुओं के घर मुसलमानों को दिए जाने की साजिश

महानगर संवाददाता
मुंबई

शिवसेना उपनेता और प्रवक्ता संजय निरुपम ने दावा किया कि मुंबई में हाउसिंग जिहाद किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुंबई में मुस्लिम बिल्डर, डेवलपर की तरफ से झोपड़पट्टी पुनर्वसन के नाम पर डेमोग्राफी बदलने का काम हो रहा है। हिंदुओं का घर खरीदकर, अतिरिक्त घर अवैध तरीके से पात्र कराकर मुस्लिम लोगों को बसाने का काम किया जा रहा है। निरुपम ने कहा कि मुंबई के जोगेश्वरी में ओशिवारा पैराडाइस जोन में 44 स्ट्रक्चर थे, जिसे बढ़ाकर 95 किया। यहां 51 अतिरिक्त स्ट्रक्चर में सिर्फ मुस्लिम लोगों को घर अलॉट करने की साजिश की गई। बिल्डर के दो बेटे हैं, जिनके नाम पर 30 घर अलॉट हुए है। हिंदुओं के घर मुस्लिम लोगों ने खरीद कर अब पूरी बस्ती मुस्लिमों की बन गई है।



निरुपम में बताया कि ओशिवारा पैराडाइज के अलावा जोगेश्वरी में श्री शंकर झोपड़पट्टी पुनर्वसन योजना अंतर्गत सोसाइटी में 67 स्ट्रक्चर ( झोपड़े) थे, 123 स्ट्रक्चर बनाकर पात्रता हासिल की। जमीन पर तबेला, पतरा, शेड दिखाया गया, लेकिन भ्रष्टाचार कर बिल्डर-डेवलपर ने 123 निवासी पात्र करा लिए। 67 स्ट्रक्चर के अलावा अन्य स्ट्रक्चर मुस्लिम लोगों के नाम पर की गई। पहले 67 स्ट्रक्चर में सिर्फ़ 6 मुस्लिम परिवार थे, लेकिन नए निर्माण में 6 मुस्लिम घर मालिक के अलावा अतिरिक्त फ्लैट सभी मुस्लिम परिवार को घर दिए गए। सोसाइटी में गणेश मंदिर था, देवी पंडाल की जगह हटा दी गई। इसकी जगह अब मदरसा दिखाया जा रहा है।

उद्धव ठाकरे की दिल्ली यात्रा पर सवाल उठाते हुए संजय निरुपम ने कहा कि 7 अगस्त को उद्धव ठाकरे दिल्ली जा रहे हैं। राहुल गांधी के यहां स्नेह भोजन भी करेंगे। पृथ्वीराज चव्हाण और जितेन्द्र आव्हाड ने हिंदू धर्म का अपमान किया, क्या ऐसे लोगों के साथ उद्धव ठाकरे डिनर करेंगे? वीर सावरकर के विरोधी राहुल गांधी के घर उद्धव ठाकरे भोजन करेंगे? कांग्रेस नेताओं द्वारा जिस तरह से सनातन धर्म और हिंदू आतंकवाद का मुद्दा उठाया जा रहा है, इसे लेकर संजय निरुपम ने अपनी नाराजगी जाहिर की है।

# दिल्ली में राहुल गांधी और उद्धव ठाकरे की डिनर डिप्लोमेसी

### उद्धव ठाकरे तीन दिन के लिए दिल्ली दौरे पर



**मुंबई।** प्रदेश में होने वाले मनपा और स्थानीय निकाय चुनाव से पहले पूर्व मुख्यमंत्री और यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे एक बार फिर एक्टिव हो गए हैं। विपक्षी दलों की इंडिया गठबंधन की बैठक में हिस्सा लेने के लिए उद्धव ठाकरे छह से आठ अगस्त तक दिल्ली में रहेंगे। यूबीटी नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने उक्त जानकारी दी। दिल्ली दौरे के दौरान उद्धव ठाकरे विपक्षी दलों के कई वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात करेंगे। सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक इसमें प्रमुख रूप से लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के साथ डिनर पर चर्चा भी होगी। राजनीति गलियारों में राहुल गांधी और उद्धव ठाकरे की होने वाली डिनर डिप्लोमेसी के बैठक की खूब चर्चा है। वहीं राउत ने बताया कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने ठाकरे को बैठक के लिए विशेष रूप से आमंत्रित किया है। उन्होंने कहा कि बैठक में शिवसेना (उबाठा) प्रमुख हिंदी को थोपने जैसे मुद्दों पर चर्चा करेंगे। सूत्रों का कहना है कि दोनों नेताओं के बीच बीते विधानसभा चुनाव के दौरान अनियमितताओं के मुद्दे पर चर्चा होने की भी संभावना है। राउत ने कहा, 'उद्धव ठाकरे छह से आठ अगस्त तक दिल्ली में रहेंगे। वह वहां सभी मुद्दों पर चर्चा करेंगे। वह 'इंडिया' गठबंधन की बैठक के लिए वहां मौजूद रहेंगे।

# मनपा पर सफाई कर्मचारियों को भुलाने का आरोप

महानगर संवाददाता
मुंबई

दस महीने पहले भूमिपूजन होने के बावजूद सफाई कर्मचारियों के लिए आश्रय योजना के तहत कार्य शुरू न किए जाने पर भाजपा के पूर्व नगरसेवक मकरंद नार्वेकर ने मनपा की तीखी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव से पहले सफाई कर्मचारियों को 'असली नायक' कहकर सम्मानित किया गया था लेकिन मनपा ने उन्हें अब पूरी तरह भुला दिया है। अक्टूबर 2024 में फोर्ट क्षेत्र के कोचीन स्ट्रीट में सफाई कर्मचारियों के लिए 17 करोड़ रुपये की लागत से आश्रय योजना के तहत 238 वर्ग फुट क्षेत्रफल की 54 घर बनाया जाना था। मकरंद नार्वेकर ने मनपा आयुक्त भूषण गगराणी को पत्र लिखकर इस विलंब पर नाराजगी जताई और कहा कि मनपा की भूमिका साफ तौर पर सफाई कर्मचारियों के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि हमारे सफाई कर्मचारियों को सम्मानजनक घर मिलना एक लंबे समय से लंबित न्यायिक मांग है। केवल शहर को स्वच्छ रखने तक ही नहीं, बल्कि विभिन्न स्वच्छता अभियानों में भी मनपा के इन सफ़ाई कर्मचारियों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। ऐसी स्थिति में इन कर्मचारियों को धोखा देने जैसा व्यवहार हो रहा है, क्योंकि प्रोजेक्ट अब तक शुरू नहीं किया गया है। नार्वेकर ने यह भी कहा कि चुनाव से पहले इन परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जाता है, लेकिन उसके बाद मनपा इन्हें ठंडे बस्ते में डाल देती है, जो कतई स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने बताया कि इमारत क्रमांक 1 और 2 के पुनर्विकास के लिए डिज़ाइन एंड बिल्ड निविदा प्रक्रिया के तहत 54 घरों की मंजूरी दी गई थी, लेकिन निविदा के बाद से यह प्रस्ताव रोक दिया गया है। इससे यह प्रतीत होता है कि मनपा को सफाई कर्मचारियों की भलाई से कोई लेना-देना नहीं है, और इससे लोगों का प्रशासन पर से भरोसा उठता जा रहा है।



उन्होंने मनपा प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि इस मुद्दे को गंभीरता से नहीं लिया गया और प्रोजेक्ट पर युद्ध स्तर पर कार्य शुरू नहीं हुआ, तो वे कानूनी कार्रवाई करेंगे। नार्वेकर ने स्पष्ट किया कि ये कर्मचारी वर्षों से चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में काम करते आए हैं और इस तरह की देरी से उनके साथ व्यवस्थागत अन्याय और बढ़ता जा रहा है। यदि त्वरित कदम नहीं उठाए गए तो न्यायालय सहित सभी विकल्पों पर विचार किया जाएगा।

# झोपड़पट्टियों की 5134 दुकानों को प्रॉपर्टी टैक्स भरने का नोटिस

महानगर संवाददाता
मुंबई

मनपा प्रशासन ने अपनी कमाई बढ़ाने के लिए झोपड़पट्टी की दुकानों से प्रॉपर्टी टैक्स वसूलने का निर्णय फ़रवरी महीने में बजट के दौरान लिया था। मनपा ने मुंबई की सभी झोपड़पट्टियों में चल रही दुकानों का सर्वेक्षण कर उनसे प्रॉपर्टी टैक्स लेने की शुरुआत की है। मनपा ने फ़रवरी से जुलाई महीने तक कुल 5134 दूकान दारों को प्रॉपर्टी टैक्स भरने एक नोटिस भेजा है। मनपा अधिकारियों ने जानकारी दी कि झोपड़पट्टियों में व्यवसाय करने वाले दुकानदारों की जांच जारी है। पिछले छह महीने में झोपड़ पट्टी में व्यवसाय करने वाले 5,134 दुकानदारों को संपत्ति कर वसूली के लिए नोटिस भेजा गया है। हालांकि अभी तक किसी से भी वास्तविक टैक्स की वसूली नहीं हुई है। झोपड़पट्टी के दुकानदारों में 1,120 दुकानदारों ने ही मनपा को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराई है। जिनमें से 1,107 दुकानदारों पर कुल 7 करोड़ 39 लाख रुपए से अधिक का प्रॉपर्टी टैक्स तय किया गया है। इन दुकानदारों को 30 दिनों की समय सीमा दी गई है। मनपा ने झोपड़पट्टियों में स्थित दुकानों का सर्वेक्षण कर उनके क्षेत्रफल के अनुसार रेडी रेकनर दरों के आधार पर कर निर्धारण किया है। दुकानों के आकार, उपयोग और दस्तावेजों की जानकारी मांगी गई है। एच पूर्व, एच पश्चिम, पी उत्तर, जी दक्षिण, आर मध्य, एस वॉर्ड और एन वॉर्ड जैसे इलाकों में सबसे ज्यादा झोपड़पट्टी में दूकान पाई गई है।

# मालाड के नागरिकों को मिलेगा नया 60 फीट चौड़ा रोड

महानगर संवाददाता
मुंबई

### ट्रैफिक और पानी भराव की समस्या से मिलेगी राहत

मालाड के नागरिकों के लिए अच्छी खबर यह है कि इस साल के अंत तक एक नया 60 फीट चौड़ा और 550 मीटर लंबा रोड मिलने जा रहा है, जिसे शंकर लेन मिसिंग लिंक प्रोजेक्ट नाम दिया गया है। यह नया रोड सीधे मालाड शंकर लाइन से मालाड लिंक रोड वलनाई मेट्रो स्टेशन के पास जोड़ेगा। मनपा मुंबई पी/नॉर्थ वार्ड ने यहां की ट्रैफिक समस्या को कम करने के लिए इस प्रोजेक्ट पर तेजी से काम शुरू कर दिया है। पी/नॉर्थ के सहायक मनपा आयुक्त कुंदन वलवी ने बताया कि इस रोड के बन जाने से मालवणी, जनकल्याण नगर और लालजी पाड़ा से वेस्टर्न एक्सप्रेस हाईवे तक जाने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग तैयार होगा।



इस परियोजना से मार्वे रोड, मालाड सब-वे जैसे इलाकों पर ट्रैफिक का दबाव भी घटेगा और लोगों को राहत मिलेगी। साथ ही बरसात के समय सापुर पाड़ा इलाके में होने वाली पानी भराव की समस्या भी काफी हद तक सुलझेगी। पी/नॉर्थ के कार्यकारी अभियंता मंदार चौधरी ने जानकारी दी कि यह प्रोजेक्ट तीन फेज में पूरा किया जाएगा। इसके लिए कुल 357 घर हटाए जाने हैं, जिनमें से अब तक 110 झोपड़ियां तोड़ी जा चुकी हैं। बाकी का काम भी तेजी से चल रहा है। जिन लोगों की झोपड़ियां हटाई गई हैं।

# मोबाइल चोरी के शक में ढाबा मालिक की हत्या, 8 गिरफ्तार

**नायगांव।** नायगांव में मोबाइल चोरी का इल्जाम लगाने पर एक ढाबा मालिक और उसके साथी पर जानलेवा हमला किया गया, जिसमें ढाबा मालिक की इलाज के दौरान मौत हो गई। यह घटना 3 अगस्त की देर शाम को हुई थी। नायगांव पुलिस ने इस मामले में 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है।शिकायतकर्ता कपिल यादव ने पुलिस को बताया कि वह और ढाबा मालिक अजीत राजेंद्रप्रसाद यादव अपने "यादव ढाबा" पर काम कर रहे थे। उसी समय, अजीत के दोस्त लल्ला अमर सिंह, अपने साथियों के साथ ढाबे पर आए। लल्ला सिंह ने अजीत से कहा, "तुम हम पर मोबाइल चोरी का इल्जाम लगाते हो?" इतना कहने के बाद उसने लकड़ी के डंडे से अजीत और कपिल के सिर पर हमला कर दिया।लल्ला सिंह के साथ आए शिवम यादव और महेश यादव ने प्लास्टिक की कुर्सियों से अजीत की पिटाई की।


**पश्चिम रेलवे**

**आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण एवं क्रियान्वयन कार्य**

वरि. डीएसटीई/उत्तर/मुंबई सेंट्रल, 2री मंजिल, मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, मुंबई सेंट्रल, मुंबई – 400008 द्वारा **निविदा सूचना क्र. : एसजी_216_2_115_डब्ल्यूए, दि. 30.07.2025** आमंत्रित की जाती है. **कार्य एवं स्थान :** मुंबई मंडल के उधना – जलगांव अनुबाग में दोषपूर्ण/कालबाह्य मिडलाइफ सिग्नलिंग गियर्स का प्रतिस्थापन और विश्वसनीयता सुधार के कार्य के संबंध में सिग्नलिंग आइटमों की आपूर्ति, अधिष्ठापन, परीक्षण एवं क्रियान्वयन. **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹7,11,60,490.35. **ईएमडी :** ₹ 5,05,800/-. **जमा करने की तिथि एवं समय :** 01.09.2025, 15.00 बजे तक, **खुलने की तिथि एवं समय :** 01.09.2025 को 15.30 बजे. अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारी वेबसाइट **www.ireps.gov.in** का अवलोकन करें. **0455**

हमें लाइक करें: facebook.com/WesternRly



## सार्वजनिक सूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि

| फोलिओ क्र. | शेयर्स की सं. | प्रमाणपत्र क्र. | विशिष्ट क्र. | अंकित मूल्य प्रत्येक |
|---|---|---|---|---|
| 048412963 | 50 | 56100249 | 166410944 से 166410993 | ₹ 10/- |
| 048412963 | 50 | 56100250 | 166410994 से 166411043 | ₹ 10/- |
| 048412963 | 50 | 56100251 | 166411044 से 166411093 | ₹ 10/- |
| 048412963 | 50 | 56100248 | 166625044 से 166625093 | ₹ 10/- |
| 048412963 | 200 | 62491347 | 2210001179 से 2210001378 | ₹ 10/- |
| 048412963 | 200 | 58687064 | 3838244666 से 3838244865 | ₹ 10/- |

प्रत्येक ₹ 10 मूल्यवर्ग के उपरोक्त रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के शेयर, जो पहले मेसर्स डी.एस. संचेती सिक्योरिटीज एंड फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के नाम पर दर्ज थे और अब संचय फिनवेस्ट लिमिटेड के नाम से जाने जाते हैं, गुम/चोरी होने की सूचना प्राप्त हुई है और अधोहस्ताक्षरी ने उक्त शेयरों के लिए डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने हेतु कंपनी में आवेदन किया है.

जो कोई भी व्यक्ति उपरोक्त शेयरों के संबंध में दावा करता हो, वह इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 15 दिनों के भीतर कंपनी के पंजीकृत कार्यालय - 3री मंजिल, मेकर चेंबर्स IV, 222, नरिमन पॉइंट, मुंबई – 400021, भारत में अपना दावा प्रस्तुत करें, अन्यथा कंपनी उक्त शेयरों के डुप्लीकेट शेयर प्रमाणपत्र जारी करने की प्रक्रिया आगे बढ़ाएगी.

हस्ता./-
**सार्थक नरेश शर्मा**
संचय फिनवेस्ट लि.
की ओर से अधिकृत हस्ताक्षरकर्ता


दिनांक : 05.08.2025
स्थान : मुंबई


# हिताची कंपनी के एटीएम से चोरी करने वाले 'चिमटा गैंग' के दो गिरफ्तार!

**विरार।** विरार के कारगिल नगर इलाके में स्थित हिताची कंपनी के एटीएम से चोरी करने वाले 'चिमटा गैंग' के दो सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़ गए हैं। यह काम स्थानीय सुरक्षा रक्षक की सतर्कता और नागरिकों की सूझबूझ से मुमकिन हो पाया। पकड़े गए दोनों आरोपियों को लोगों ने पकड़कर जमकर पीटा और फिर विरार पुलिस के हवाले कर दिया। पकड़े गए गिरफ्तार आरोपियों के नाम सोनू सूरज प्रसाद गौतम व रणजीत कुमार गोविंद प्रसाद पासी है! वहीं सीसीटीवी फुटेज में ये दोनों एटीएम में चोरी करते हुए कैद हो गए। इनका तरीका बेहद शातिर था। वे एटीएम मशीन के उस हिस्से में एक चिमटा जिसे हम धातु का पतला क्लिपनुमा उपकरण कह सकते है। फिट कर देते थे जहां से पैसे निकलते हैं। जब कोई ग्राहक पैसे निकालता, तो नोट उस चिमटे में फंस जाते। ग्राहक को लगता कि एटीएम में कोई तकनीकी खराबी है, लेकिन उसी फंसे हुए पैसे को ये चोर बाद में निकाल लेते थे।

# धनंजय मुंडे ने खाली किया सरकारी बंगला

### भुजबल कर रहे हैं सरकारी आवास का इंतजार



महानगर संवाददाता
मुंबई

राज्य के पूर्व मंत्री एवं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता धनंजय मुंडे ने राज्य मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने के चार महीने बाद भी मुंबई स्थित सरकारी बंगला 'सतपुडा' खाली नहीं किया है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने सोमवार को मुंडे के सरकारी आवास में रहने की बात स्वीकार की।

सीएम ने संवाददाताओं से कहा कि मुझे नहीं पता कि (मंत्रिमंडल से इस्तीफे के बावजूद) सरकारी बंगले में रहने के लिए मुंडे पर कितना जुर्माना लगाया गया है। मुझे इसका ब्योरा पता करना होगा। राकांपा के वरिष्ठ नेता एवं राज्य के मंत्री छगन भुजबल मई से ही सरकारी आवास का इंतजार कर रहे हैं, जब मुंडे के इस्तीफे के बाद उन्हें मंत्रिपरिषद में शामिल किया गया था। भुजबल ने कहा कि मुझे आवंटित सरकारी आवास में अब भी एक पूर्व मंत्री रह रहे हैं, जो मेरे पार्टी सहयोगी भी हैं। मैं उन्हें (बंगला) खाली करने के लिए नहीं कह सकता। मैं मुख्यमंत्री से एक छोटा सा आवास देने के लिए कहूंगा। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्रालय देखने वाले मुंडे को बीड के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के मुख्य आरोपी वाल्मीक कराड के साथ संबंधों के आरोपों के बीच चार मार्च को इस्तीफा देना पड़ा था। मुंडे के पद छोड़ने और भुजबल को मंत्री बनाए जाने के बाद 23 मई को एक सरकारी आदेश जारी करके उन्हें सतपुडा बंगला आवंटित किया गया। हालांकि, मुंडे अब भी बंगले में रह रहे हैं, भुजबल अभी तक वहां नहीं जा पाए हैं और आधिकारिक आवास की प्रतीक्षा कर रहे हैं।


**AVAILABLE FOR SALE**

| VEHICLE | MODEL | REGN. NO. |
|---|---|---|
| SANY EXCAVATOR SY220C-9 | 2018 | 18SEY022051261 |

IN AS IS WHERE IS CONDITION

: Contact :

SUNDARAM FINANCE LTD., CHEMBUR

Mob.- 8108637313 / 8108151743 Tel:- 022 25220160

WITHIN 7 WORKING DAYS


# गोरेगांव के कन्या पाड़ा की पानी की समस्या दूर

### सामूहिक एकजुटता से दूर हुई सालों की परेशानी



मुंबई। गोरेगांव स्थित कन्यापाड़ा इलाके की वर्षों पुरानी पानी की समस्या अब स्थायी रूप से दूर हो गई है। यहां छह इंच व्यास की नई पाइप लाइन स्वीकृत की गई थी जिसे मानसून के दौरान ही इसे जोड़ने के कार्य की शुरुआत हो गई है। रविवार को इस कार्य का भूमिपूजन पूर्व भाजपा नगरसेविका प्रीति मनोज साटम की उपस्थिति में स्थानीय रहवासियों के हाथों नारियल तोड़कर किया गया। यह कार्य पूरा होने के बाद इस क्षेत्र के नागरिकों को भरपूर पानी उपलब्ध होगा और पानी की कमी की समस्या खत्म हो जाएगी। बता दें कि पानी संकट को दूर करने के लिए पूर्व भाजपा नगरसेविका प्रीति साटम ने विशेष प्रयास किए। उन्होंने स्थानीय नागरिकों को साथ लेकर पहले आंदोलन की चेतावनी दी और फिर खुद जाकर अतिरिक्त आयुक्त अभिजीत बांगर से मुलाकात कर इस समस्या को उनके ध्यान में लाया। इसके बाद आखिरकार छह इंच व्यास की पाइप लाइन जोड़ने के लिए खुदाई की अनुमति मिली। भूमिपूजन के समय स्थानीय लोगों ने प्रीति साटम का सार्वजनिक रूप से आभार जताया और भरोसा जताया कि वे भविष्य में भी उनके साथ रहेंगे।


**PUBLIC NOTICE**

The Public in general hereby informed that my client **Smt. RENUKA DHANRAJ KARKERA, W/o. Late Dhanraj Sitaram Karkera** is the owner of Flat No. A/42, "VANDANA", Shree Mahalakshmi Co-op. Hsg. Society Ltd., Veera Desai Road, Andheri (West), Mumbai - 400 058, admeasuring area: 316 sq.ft. (carpet), having Share Certificate No. 218, and member's Register No. 218, Society Registration No. BOM/HSG/993 of 1965 for five fully paid up shares of Rupees Fifty each bearing distinctive Nos. 1086 to 1090, (both inclusive), date of issue 10.02.1967, stands in the name of her husband Late **Mr. DHANRAJ SITARAM KARKERA,** this original share certificate was lost/misplaced, and a complaint was filed with Amboli Police Station, N.C. No. 416/2025, dated 02.08.2025.

If any persons have any claim over the said share certificate or finds the said original Share Certificate shall contact me within 14 days of publication of this Notice, failing which, it will be presumed that there is no claim and the same has been waived.

Sd/-
**Nagesh L. Mendon**
Advocate High Court
Mobile: **9820570128**

Place: Mumbai
Dt: 05/08/2025



**Ulhasnagar Municipal Corporation**

**उल्हासनगर महानगरपालिका, उल्हासनगर**

**निविदा सुचना क्र. उमपा/विद्युत/टे-०२/१६,१७,१८,१९,२०,२३**

**(सन २०२५-२०२६)**

**उल्हासनगर महानगपालिकेच्या विद्युत अभियांत्रिकी विभागातर्फे इच्छुक अंजन्सी। ठेकेदारांकडून "ई-निविदा/ निविदा प्रकियेव्दारे दोन लिफाफा पध्दतीने जाहिर निविदा** http://Mahatenders.gov.in/nicgep/ app ?component =%24Direct Link&page = PublishVi... या वेबसाईट वरुन मागवित आहे.

| अ.क्र | कामाचे नाव | निविदा रक्कम रुपये | निविदा अनामत रक्कम (EMD) | निविदा फॉर्म फी | सुरक्षा अनामत रक्कम | निविदा कालावधी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | उल्हासनगर महानगरपालिका, कार्यक्षेत्रातील कॅम्प नं.१. उल्हासनगर-१ अंतर्गत दिवाबत्तीकरिता विविध ठिकाणी उभारण्यात आलेल्या स्विचिंग बॉक्सच्या सुरक्षिततेकरिता आर्थिंग सिस्टिम टाकणेबाबत. | ५,५८,४००/- | ६,०००/- | ७०८/- सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर ५% | ३० दिवस |
| २ | उल्हासनगर महानगरपालिका, विद्युत उप विभागीय कार्यालय येथील हायड्रोलिक सेवावाहिन्यांची वार्षिक देखभाल व दुरुस्ती करणेबाबत. | २,९५,८००/- | ३,०००/- | ३५४/- सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर ५% | ३० दिवस |
| ३ | उल्हासनगर महानगरपालिका, क्षेत्रातील दिवाबत्ती ON/OFF स्विचकरिता डिजिटल ॲलमेनिक टायमरची आवश्यकता असलेबाबत. | ८,७५,१००/- | ९,०००/- | १,०६२/- सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर ५% | ३० दिवस |
| ४ | उल्हासनगर महानगरपालिका, विद्युत उप विभागीय कार्यालय- १ अंतर्गत (१) अमर डाय रोड, उल्हासनगर-१ (२) सेंच्युरी रेयॉन गेस्ट हाऊस, उल्हासनगर-१ (३) हिराघाट बोट क्लब पवई, उल्हासनगर-३ (४) संजय गांधी नगर, उल्हास रेल्वे स्टेशन, उल्हासनगर ३ येथील कृत्रिम गणेश विर्सजन घाट व परिसराकरिता जनरेटर्स, पब्लिक ॲड्रेस सिस्टिम व तात्पुरती विद्युत रोषणाई करणेबाबत. | १०,३३,१००/- | ११,०००/- | १,२९८/- सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर ५% | ३० दिवस |
| ५ | उल्हासनगर महानगरपालिका, विद्युत उप विभागीय कार्यालय- २ अंतर्गत (१) कैलाश कॉलनी, उल्हासनगर-५ (२) नाना-नानी पार्क, जिजामाता गार्डन, उल्हासनगर-४ (३) लालचक्की चौक, उल्हासनगर-४ येथील कृत्रिम गणेश विर्सजन घाट व परिसराकरिता जनरेटर्स, पब्लिक ॲड्रेस सिस्टिम व तात्पुरती विद्युत रोषणाई करणेबाबत. | ५,४१,४००/- | ६,०००/- | ७०८/- सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर ५% | ३० दिवस |
| ६ | उल्हासनगर महानगरपालिका, क्षेत्रात विविध ठिकाणी उभारण्यात आलेल्या दिवाबत्तीची निगा व दुरुस्तीकरीता १०० वॅट क्षमतेच्या फ्लड लाईटची आवश्यकता असलेबाबत. | १२,५१,६००/- | १३,०००/- | १,५३४/- सर्व करांसहीत | निविदा कार्यादेशाच्या किंमतीवर ५% | |

निविदा बाबत सविस्तर माहिती http://Mahatenders.gov.in/nicgep/app ?component=%24Direct Link & page = PublishVi... माहिती या वेबसाईट वर उपलब्ध आहे.

**जा.क्र. उमपा/पीआरओ/२२८/२०२५**
**दिनांक :-०४/०८/२०२५**

**सही/-**
**कार्यकारी अभियंता (विद्युत)**
**उल्हासनगर महभिगरपालिका**

# विकसित कृषि से विकसित भारत की राह

विकसित कृषि के लिए विज्ञान एवं आधुनिक तकनीक का प्रयोग आवश्यक है। समय के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में बदलाव आ रहे हैं। कई क्षेत्रों में भूजल का स्तर घटने एवं जलवायु परिवर्तन होने से फसलों के पैटर्न बदलने की आवश्यकता है। गेंहू, गन्ना, धान, सेब, संतरा, मौसमी, नींबू ,आम,केला व लीची आदि फसलों की आवश्यकताएं भिन्न हैं। इसलिए आज कृषि क्षेत्र के लिए शोध और नवाचार अनिवार्य है। वन ड्रॉप मोर क्रॉप के महत्व को समझना होगा। भूजल की कमी वाले क्षेत्रों में अधिक लाभ एवं पैदावार वाली किस्में विकसित करनी होंगी। वर्ष 2014 में सत्ता में आते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किसानों की आय दोगुनी करने का संकल्प प्रस्तुत किया और उसके लिए विभिन्न योजनाओं को तत्काल प्रभाव से लागू भी किया। परिणामतः विगत कुछ वर्षों से लगातार रिकॉर्ड खाद्यान्न की पैदावार और निर्यात हो रहा है। हाल ही में केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना को मंजूरी दी है। इस योजना में कृषि उत्पादन में पिछड़े जिलों को शामिल किया जाएगा जिसमें प्रत्येक राज्य से कम से कम एक जिला सम्मिलित होगा। योजना पर प्रतिवर्ष 24000 करोड़ रुपए खर्च होंगे, जिससे लगभग एक करोड़ 70 लाख किसानों को लाभ होगा। योजना में छोटे और सीमांत किसानों को आधुनिक और लाभकारी खेती की ओर बढ़ने पर बल दिया जाएगा। यह अन्नदाता के सम्मान और कृषि एवं किसान कल्याण की दिशा में महत्वपूर्ण निर्णय है। ध्यातव्य है कि भारत कृषि प्रधान देश है। देश की लगभग 47 प्रतिशत आबादी कृषि से आजीविका पर निर्भर है। आज भी देश के विभिन्न राज्यों में कृषि के लिए पुरानी तकनीक और पुराने उपकरणों पर ही निर्भरता है। तकनीकी और वैज्ञानिक विकास से वे अभी भी बहुत दूर हैं। दिसंबर 2024 की नेशनल बैंक आफ रूरल एंड एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट की एक रिपोर्ट के अनुसार किसानों की कमाई में खेती का योगदान 33 प्रतिशत है। किसान परिवारों की खेती से औसत मासिक आय केवल 4476 रुपए है। इसके अतिरिक्त खेती, पशुपालन, अन्य उद्यम,मजदूरी एवं सेवा आदि को मिलाकर किसान परिवार की औसत मासिक आय 13661 रुपए है। देश के लगभग 55.4 प्रतिशत किसान परिवारों पर कर्ज है। सामान्यतः छोटी जोत के किसान परिवारों की बदहाली सहज ही देखी जा सकती है। सर्दी, गर्मी, बरसात सभी मौसमों में खुले आसमान के नीचे कठोर परिश्रम करके भी वे मूलभूत आवश्यकताओं से वंचित रहते हैं। क्या किसानों की यह दशा चिंताजनक नहीं है? विगत कुछ वर्षों से कृषि और किसान कल्याण के लिए अनेक योजनाएं आरंभ की गई हैं जिनमें किसान चैनल, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एग्रीकल्चर मार्केट रिफॉर्म, बजटीय आवंटन में बढ़ोतरी, कृषि ऋण, कृषि बाजार ढांचे में सुधार, राष्ट्रीय बांस मिशन, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, परंपरागत कृषि विकास योजना, राष्ट्रीय गोकुल मिशन एवं प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना आदि प्रमुख हैं। प्रधानमंत्री ने वर्ष 2018 के लाल किले की प्राचीर से राष्ट्रीय संबोधन में कहा था- हम किसानों को साथ लेकर कृषि में आधुनिकता करके कृषि के फलक को चौड़ा करके काम करना चाहते हैं। बीज से लेकर बाजार तक हम वैल्यू एडिशन करना चाहते हैं...। फलतः वर्ष 2023 के बजट में खेती किसानी को नए युग में ले जाने के उद्देश्य से डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार करने का विचार आया। प्राकृतिक खेती के लिए एक करोड़ किसानों को पीएम प्रणाम योजना रखी गई। वर्ष 2024 के बजट में गांवों के लिए सहकारिता नीति, राष्ट्रीय आजीविका मिशन के अंतर्गत 3 करोड़ लखपति दीदी बनाने का लक्ष्य आदि महत्वपूर्ण योजनाएं थी, तो वर्ष 2025 के बजट में प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना। करोड़ों मछुआरों, किसानों और डेयरी किसानों को अल्पकालिक ऋण सुविधा, राष्ट्रीय उच्च पैदावार के लिए बीज मिशन, कपास उत्पादकता मिशन, मखाना बोर्ड, ड्रोन दीदी और दलहन में आत्मनिर्भरता आदि ऐसी योजनाएं प्रस्तावित हैं जिनसे कृषि और किसान कल्याण की दिशा में आमूलचूल परिवर्तन होंगे। विगत दिनों भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद की वार्षिक आमसभा में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान में आए सुझावों के आधार पर कृषि विकास की रणनीति बनेगी। उन्होंने जन औषधि केंद्र की तरह फसल औषधि केंद्र खोलने की बात भी कही। साथ ही उन्होंने किसानों की उपयोगिता और मांग आधारित शोध की जरूरत पर भी जोर दिया। आज हमें गंभीरता से यह समझने की जरूरत है कि भारत की वैश्विक कृषि उत्पादन में 7.5 प्रतिशत हिस्सेदारी है तो वहीं राष्ट्रीय जीडीपी में कृषि उत्पादों का 18 प्रतिशत योगदान है। ऐसे में कृषि क्षेत्र पर समग्रता और व्यापकता से विचार करने की आवश्यकता है। यद्यपि विश्व बाजार में भारत की कृषि का निर्यात लगातार बढ़ता जा रहा है. तदुपरांत भी अनेक चुनौतियां हमारे सामने हैं। गेहूं,चावल, दलहन एवं भिन्न-भिन्न प्रकार के खाद्यान्नों का समुचित और सुरक्षित भंडारण एक बड़ी चुनौती है। प्रतिवर्ष हजारों टन खाद्यान्न सड़ जाता है अथवा कीड़ों के द्वारा नष्ट कर दिया जाता है। कई बार भिन्न-भिन्न प्रदेशों में उगाई जा रही फल एवं सब्जियां समुचित यातायात और कोल्ड स्टोरेज के अभाव में बर्बाद हो जाती हैं। आज राष्ट्रीय और वैश्विक फलक पर आम जन की खानपान की शैली बदल रही है, ऐसे में खाद्यान्न उत्पादन के साथ-साथ खाद्य प्रसंस्करण भी आवश्यक है। यह बहुत महत्वपूर्ण एवं व्यापक क्षेत्र है। वैश्विक बाजार में इसकी मांग लगातार बढ़ रही है। नीदरलैंड, मलेशिया और थाईलैंड जैसे छोटे-छोटे देश खाद्य प्रसंस्करण की भागीदारी में हमसे कई गुना आगे हैं। एक रिपोर्ट में यह सामने आया है कि खाद्य प्रसंस्करण की दर बहुत कम होने से और सप्लाई चैन की अक्षमता के कारण प्रतिवर्ष 20- 25 प्रतिशत उत्पादन बर्बाद हो जाता है।

### कटाक्ष | सुरेश मिश्र

*पगलेटों की भीड़ है, रोक सको तो रोक*
*एक लक्ष्य इन सभी का, जितना चाहे झोंक*
*जितना चाहे झोंक, झूठ पर झूठ बोलते*
*खानदान है जोक, प्रजा का मन टटोलते*
*कह सुरेश कविराय झूठ को कितना फेंटो*
*माखन नहीं मिलेगा पटना के पगलेटों*

# ट्रंप की बौखलाहट का राज क्या?

> डोनाल्ड ट्रंप विभिन्न देशों को अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता करने के लिए धमकी दे रहे हैं और कुछ देशों ने उनकी धमकी से डरकर अमेरिका के साथ समझौता भी कर लिया है। लेकिन भारत ने दबाव में आकर समझौता करने से मना कर दिया है। इसी बौखलाहट में ट्रंप ने भारत को एक मरती हुई अर्थव्यवस्था कहा है।



डोनाल्ड ट्रंप जब चुनाव लड़ रहे थे तो भारत का एक बड़ा वर्ग उनकी जीत की कामना कर रहा था। डोनाल्ड ट्रंप के पिछले कार्यकाल के कारण उन्हें भारत समर्थक माना जा रहा था इसलिए उनकी जीत पर भारत में जश्न मनाया गया। डोनाल्ड ट्रंप ने सत्ता में आने के बाद जब अवैध भारतीय प्रवासियों को अपने देश से भारत भेजा तो पता चला कि उनका व्यवहार भारतीयों के प्रति मित्रतापूर्ण नहीं है। उन्होंने अपमानजनक तरीके से भारतीयों को भारत भेजा जिसका देश में विरोध भी हुआ। इसके बाद ट्रंप ने जब विभिन्न देशों को अमेरिका के साथ व्यापार समझौता करने के लिए टैरिफ लगाने की धमकी दी तो उन्होंने यह धमकी भारत को भी दी और कहा कि भारत अमेरिकी सामानों पर बहुत ज्यादा टैक्स लगाता है। उन्होंने भारत को अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता करने के लिए कई बार डेडलाइन दी और कहा कि अगर भारत के साथ अमेरिका का समझौता नहीं हो पाता है तो अमेरिका भारत पर टैरिफ लगा देगा। अब उन्होंने एक अगस्त से भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ के अलावा रूस के साथ व्यापार करने पर जुर्माना लगाने की घोषणा कर दी है हालांकि एक अगस्त की तारीख को बढ़ाकर 7 अगस्त कर दिया गया है। अब देखना है कि इस तारीख को आगे बढ़ाया जाता है या नहीं क्योंकि भारत ने कह दिया है कि वो किसी दबाव में आकर समझौता करने वाला नहीं है। दोनों देशों की इस सम्बन्ध में बातचीत चल रही है। जब बातचीत के बाद समझौते का रास्ता निकलेगा तो भारत अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता कर लेगा। भारत ने कहा है कि अगर बातचीत का सकारात्मक नतीजा नहीं निकला तो समझौता नहीं होगा। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर जब भारत की संसद में चर्चा चल रही थी उस दौरान ही ट्रंप ने कहा था कि भारत एक मित्र देश है लेकिन उसकी टैरिफ दरें दुनिया में सबसे ज्यादा हैं। विपक्ष मोदी जी का मजाक बना रहा है कि डोनाल्ड ट्रंप उनका दोस्त है और भारत को नुकसान पहुंचाने की बात कर रहा है। वैसे देखा जाए तो डोनाल्ड ट्रंप विभिन्न देशों को अमेरिका के साथ व्यापारिक समझौता करने के लिए धमकी दे रहे हैं और कुछ देशों ने उनकी धमकी से डरकर अमेरिका के साथ समझौता भी कर लिया है। ट्रंप की बौखलाहट बढ़ती जा रही है क्योंकि भारत ने दबाव में आकर समझौता करने से मना कर दिया है। इसके अलावा उन्होंने भारत को कई बार कहा है कि वो रूस से हथियार और तेल खरीदना बंद कर दे क्योंकि इससे रूस की अर्थव्यवस्था को बहुत फायदा हो रहा है । भारत ने अभी तक उनकी इस बात पर भी कोई सकारात्मक प्रतिक्रिया नहीं दी है और कहा है कि भारत अपने हितों के अनुसार ही आगे बढ़ेगा। ट्रंप ने अपने चुनाव प्रचार के दौरान यूक्रेन-रूस और हमास-इजराइल युद्ध रुकवाने का वादा किया था लेकिन उन्हें इस काम में कोई कामयाबी नहीं मिली है। अब वो चाहते हैं कि भारत रूस से तेल और हथियार खरीदना बंद कर दे और दबाव में आकर रुस यूक्रेन के खिलाफ युद्ध रोक दे। इसके अलावा ऑपरेशन सिंदूर के बाद ट्रंप चाहते थे कि भारत उन्हें युद्ध विराम करवाने का श्रेय लेने दे लेकिन भारत ने इसके लिए भी हामी नहीं भरी। पाकिस्तान इस मामले पर चुप है लेकिन भारत सरकार कई बार युद्ध विराम में किसी तीसरे देश की भूमिका से इंकार कर चुकी है। मोदी जी ने तो संसद में ही घोषणा कर दी कि युद्ध विराम करवाने में किसी भी नेता की कोई भूमिका नहीं थी। इससे भी डोनाल्ड ट्रंप बहुत बुरी तरह से मोदी जी से चिढ़े हुए हैं और बार-बार युद्ध-विराम करवाने का श्रेय लेने की कोशिश कर रहे हैं। राहुल गांधी और विपक्ष के दूसरे नेता युद्ध-विराम को लेकर मोदी जी को चुनौती दे रहे हैं कि वो सार्वजनिक रूप से कह दें कि ट्रंप झूठ बोल रहे हैं। कूटनीति में ऐसे बयान नहीं दिए जाते, इसलिए मोदी जी ने ट्रंप को झूठा बोलने की जगह किसी भी नेता की भूमिका से इंकार कर दिया है। देखा जाये तो उन्होंने अप्रत्यक्ष रूप से ट्रंप को झूठा करार दिया है। इसके बाद ट्रंप का पारा और चढ़ गया है। वास्तव में ट्रंप पहले व्यापारी हैं और बाद में वो नेता हैं, इसलिए वो यह नहीं समझ पा रहे हैं कि उनकी राजनीति अमेरिका का ही नुकसान कर रही है। वो भूल गए हैं कि वैश्विक राजनीति में सब कुछ आर्थिक हितों के लिए नहीं किया जाता है। अजीब बात है कि उन्होंने भारत को चिढ़ाने के लिए पाकिस्तान के साथ समझौता करने का ऐलान कर दिया है और उस पर भारत से कम सिर्फ 19 प्रतिशत टैरिफ लगाया है। उन्होंने कहा है कि पाकिस्तान में तेल के बड़े भंडार हैं और अमेरिका पाकिस्तान की तेल निकालने में मदद करेगा। हो सकता है कि भविष्य में पाकिस्तान भारत को तेल निर्यात करे। उनके इस बयान का पाकिस्तान में ही मजाक उड़ाया जा रहा है और पाकिस्तानी पूछ रहे हैं कि वो तेल भंडार कहाँ हैं। वास्तव में ट्रंप भारत को चिढ़ा रहे हैं लेकिन भारत उनकी इस बचकाना हरकत पर चुप है। उन्होंने इसी बौखलाहट में बयान दे दिया है कि भारत और रूस एक मरती हुई अर्थव्यवस्थाएं हैं। उनके इस बयान ने मोदी सरकार के लिए घरेलू राजनीति में मुश्किलें खड़ी कर दी हैं क्योंकि विपक्षी दलों को इस मुद्दे पर सरकार को घेरने का मौका मिल गया है। डोनाल्ड ट्रंप अमेरिका के राष्ट्रपति हैं इसलिए उनके बयान का भारत सरकार वैसा विरोध नहीं कर सकती जैसा कि किसी दूसरे वैश्विक नेता का कर सकती थी। दूसरी बात यह भी है कि ट्रंप मोदी के दोस्त माने जाते हैं इसलिए भी मोदी का मजाक बन रहा है। देखा जाए तो ट्रंप की भाषा न तो मोदी के दोस्त की है और न ही भारत के हितैषी की है। ऐसा नहीं है कि ट्रंप सिर्फ मोदी और भारत के खिलाफ ही ऐसी भाषा बोल रहे हैं। वो कई देशों और नेताओं के साथ ऐसा कर चुके हैं। मोदी सरकार की समस्या यह है कि ट्रंप भारत के कृषि और डेयरी क्षेत्र तथा छोटे उद्योगों में भी अमेरिकी कंपनियों का प्रवेश चाहते हैं। यहां तक कि वो चाहते हैं कि अमेरिकी कंपनियों को भारत सरकार द्वारा की जाने वाली खरीद और निर्माण में भी हिस्सा लेने का मौका दिया जाए। भारत सरकार किसी भी हालत में अपने किसानों और छोटे व्यापारियों के हितों की अनदेखी नहीं कर सकती, इसलिए समझौता होने की संभावना नहीं बन पा रही है। इसके अलावा ट्रंप चाहते हैं कि भारत सबसे ज्यादा हथियार अमेरिका से खरीदे और विशेष रूप से वो चाहते हैं कि भारत एफ-35 को खरीद ले लेकिन भारत ने इससे इंकार कर दिया है।

**- राजेश कुमार पासी**

# बाटला हाउस एनकाउंटर पर कांग्रेस असहज !



लोकसभा में पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर की चर्चा में 29 जुलाई 2025 को अमित शाह ने बाटला हाउस एनकाउंटर का जिक्र किया था। उन्होंने कहा कि सोनिया गाँधी बाटला हाउस एनकाउंटर पर रो रही थीं लेकिन शहीद पुलिस इंस्पेक्टर मोहन शर्मा की शहादत पर चुप रहीं। लोकसभा में वाकया सुनाते हुए अमित शाह ने कहा, "मैं सलमान खुर्शीद को याद करना चाहूँगा। एक दिन, मैं सुबह ब्रेकफास्ट कर रहा था, तब मैंने टीवी पर सलमान खुर्शीद को सोनिया गाँधी के घर से बाहर निकलते देखा। वो रो रहे थे। मैंने सोचा कुछ बड़ा हो गया है लेकिन खुर्शीद ने कहा कि सोनिया गाँधी बाटला हाउस एनकाउंटर पर रो रही हैं।" अमित शाह ने आगे कहा कि इसका वीडियो उनके मोबाइल में सेव है और वे इसे सुबह से रिपीट पर देख रहे हैं। अगर स्पीकर चाहें तो इस वीडियो को सदन में लगे टीवी पर दिखाने को भी तैयार हैं। अमित शाह की सोनिया गाँधी पर टिप्पणी करते ही विपक्ष ने सदन में हंगामा शुरू कर दिया। सलमान खुर्शीद के जिस बयान का जिक्र अमित शाह ने लोकसभा में किया, वह बयान सलमान खुर्शीद ने साल 2012 में उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव के तहत आजमगढ़ में आयोजित एक जनसभा के दौरान दिया था। इसका वीडियो क्लिप एक बार फिर वायरल हो रहा है। इस वीडियो में सलमान खुर्शीद बताते हैं कि बाटला हाउस एनकाउंटर की तस्वीरें देख सोनिया गाँधी रोने लग गईं। असल में सलमान खुर्शीद ने कहा था, "हमने सोनिया गाँधी से बात की, उन्हें बाटला हाउस एनकाउंटर की तस्वीर दिखाई तो उनके आँसू फूट पड़े और उन्होंने हाथ जोड़कर कहा कि ये तस्वीर मुझे मत दिखाओ। फौरन जाओ, वजीर-ए-आजम (प्रधानमंत्री) से बात करो।" हालाँकि, बाद में कॉन्ग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने ऐसी किसी भी मुलाक़ात से इनकार कर दिया। सोनिया गाँधी से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में शामिल कॉन्ग्रेस नेता परवेज़ हाशमी ने भी सोनिया गाँधी को रोते हुए देखने से इनकार किया। उन्होंने तब स्पष्ट किया था, "वह चिंतित थीं।" इसके 7 साल बाद खुर्शीद ने भी कहा कि वह कभी रोई ही नहीं। बाटला हाउस एनकाउंटर के बाद पुलिसकर्मियों को जहाँ-तहाँ इस बारे में अपनी बेगुनाही का सबूत देना पड़ा था। यहाँ तक कि उनको साल 2008 में तत्कालीन यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल ने भी लंबी पूछताछ के लिए तलब कर लिया था। इसकी जानकारी दिल्ली पुलिस के पूर्व आईपीएस अधिकारी करनैल सिंह ने अपनी एक किताब में दी है। करनैल सिंह दिल्ली पुलिस के ज्वॉइंट पुलिस कमिश्नर थे और वो बाटला हाउस एनकाउंटर मामले में भी जुड़े थे। करनैल सिंह ने अपनी किताब 'बाटला हाउसः एन एनकाउंटर दैट शुक द नेशन' में बताया था कि एक दिन दिल्ली के तत्कालीन लेफ्टिनेन्ट गवर्नर तेजेंद्र खन्ना का फोन उन्हें आया था। करनाल सिंह के अनुसार '' तेजेंद्र खन्ना ने उन्हें केंद्रीय मंत्री कपिल सिब्बल के सामने बाटला हाउस एनकाउंटर की जानकारी रखने के लिए बुलाया था।'' करनैल सिंह ने किताब में लिखा है कि तेजेंद्र खन्ना ने सिंह को 'तैयार होकर आने' की सलाह दी थी। करनैल सिंह लिखते हैं कि सिब्बल ने उन्हें मीडिया सहित कई विभिन्न मुद्दों के बारे में बताने के लिए कहा और उन्होंने हर मुद्दे पर जवाब दिया और पुलिस के पास उपलब्ध सभी सूचनाओं को सिब्बल से शेयर किया। 13 सितंबर, 2008 को दिल्ली में पाँच बम धमाके हुए। एक धमाका गफ्फार मार्केट में शाम 6 बजकर 7 मिनट पर हुआ। यह धमाका कार के पास विस्फोट रखकर किया गया था। कुछ देर बाद कनॉट प्लेस में दो बम धमाके हुए। प्रत्यक्षदर्शियों ने दावा किया कि दो व्यक्तियों ने कचरे के डब्बे में विस्फोटक रखे थे। इसके कुछ मिनट बाद ही ग्रेटर कैलाश-1 के एम-ब्लॉक मार्केट में दो और ब्लास्ट हुए। बम ब्लास्ट में 26 लोगों की मौत हुई थी और 133 लोग घायल हुए थे। इन बम धमाकों के 5 दिन बाद 19 सितंबर 2008 एनकाउंटर स्पेशलिस्ट मोहन चंद शर्मा की लीडरशिप में दिल्ली पुलिस की टीम बाटला हाउस पहुँची। पुलिस को बाटला हाउस में बम धमाके से जुड़े एक आतंकी के छिपे होने की खुफिया जानकारी मिली थी। पुलिस उसे खोजते हुए बिल्डिंग की दूसरी मंजिल के फ्लैट में घुसी। तभी दोनों तरफ से गोलीबारी शुरू हो गई। इस गोलीबारी में आतंकी आतिफ अमीन और मोहम्मद साजिद मारे गए। वहीं, मोहम्मद सैफ को गिरफ्तार कर लिया गया जबकि शहजाद और जुनैद भागने में कामयाब हो गए। माना जा रहा है कि भागने वालों में एक आतंकी आईएसआईएस का रिक्रूटर बन गया। इस एनकाउंटर में पुलिस इंस्पेक्टर मोहन चंद शर्मा घायल हुए, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई थी। साथ ही हेड कॉन्सटेबल बलविंदर घायल हुए थे। इस पुलिस और आतंकियों के बीच मुठभेड़ को बाटला हाउस एनकाउंटर का नाम दिया गया। सत्ताधारी कॉन्ग्रेस ने बाटला हाउस एनकाउंटर को हमेशा फर्जी बताया है। कॉन्ग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने भी एनकाउंटर को फर्जी करार दिया था। उन्होंने मई 2016 मीडिया को दिए एक इंटरव्यू में कहा था, मैंने हमेशा कहा है कि यह एनकाउंटर फर्जी है और आज भी इस पर अडिग हूँ। यह जाँच एजेंसी की जिम्मेदारी है कि इसकी पुष्टि करे। हमने न्यायिक जाँच की माँग की थी। अगर इसे मान लिया जाता तो सही तथ्य सामने आ जाते। बाद में यह पूरा मामला खुला और सामने आया कि बाटला हाउस एनकाउंटर फर्जी नहीं था बल्कि यहाँ देश पर हमले की फैक्ट्री चल रही थी। जानकारों की माने तो कॉन्ग्रेस ने तब इस एनकाउंटर के तथ्य जानते हुए भी फर्जी इसलिए बताया क्योंकि उसे मुस्लिम वोटों की चिंता थी। बाटला हॉउस एनकाउंटर मुस्लिम इलाके में हुआ था, यहाँ मारे जाने वाले आतंकी मुस्लिम थे। कॉन्ग्रेस को लगता था कि अगर वह बाटला हाउस पर मुस्लिमों का पक्ष लेगी तो उसे लगातार मुस्लिम वोट मिलते रहेंगे। हैरानी वाली बात यह है कि स्पष्ट सबूत सामने होते हुए भी कॉन्ग्रेस ने तब बाटला हाउस एनकाउंटर को फर्जी बताया लेकिन हिन्दू आतंकवाद के नैरेटिव को लगातार हवा देती रही। 26/11 हमले तक को हिन्दुओं पर मढ़ने का प्रयास हुआ। खैर यदि यह एनकाउंटर फर्जी था तो सत्य क्या है, उसे देश के सामने रखना चाहिए था। बम ब्लास्ट में 26 लोगों की मौत हुई थी और 133 लोग घायल हुए थे. इनका दोषी कौन था!

**- रामस्वरूप रावतसरे**

# लोकतंत्र की मजबूती बनाम सियासत की चाल

लोकतंत्र की असली ताक़त मतदाता होता है। मतदाता का अधिकार केवल एक पर्ची या बटन दबाने तक सीमित नहीं, बल्कि लोकतंत्र की नींव का प्रतीक है। लेकिन जब मतदाता सूची ही त्रुटिपूर्ण, अधूरी और संदिग्ध हो, तो लोकतंत्र की पूरी इमारत खोखली हो जाती है। बिहार—जो हिंदुस्तान की राजनीति का धड़कता दिल माना जाता है—आज इसी चुनौती से जूझ रहा है। चुनाव आयोग ने हाल में बिहार की मतदाता सूची के व्यापक पुनरीक्षण का प्रस्ताव रखा, जिसमें आधार से लिंकिंग, डिजिटल सत्यापन और फर्जी नामों की सफाई जैसी सख़्त प्रक्रियाएँ शामिल हैं। यह कदम लोकतंत्र को और मजबूत करने की दिशा में ऐतिहासिक साबित हो सकता है। लेकिन आश्चर्य की बात यह है कि इस सुधार का सबसे बड़ा विरोध वही दल कर रहे हैं जो खुद को लोकतंत्र का संरक्षक बताते हैं—राष्ट्रीय जनता दल (राजद) और कांग्रेस। संसद ठप करना, सड़कों पर जनता को भड़काना और अदालतों में याचिकाएँ दायर करना उनकी रणनीति का हिस्सा बन चुका है। लोकतांत्रिक व्यवस्था का मूलभूत आधार मतदाता सूची है। जब सूची ही अपूर्ण और त्रुटिपूर्ण हो, तो पूरा चुनाव संदिग्ध हो जाता है। फर्जी नाम और मृतकों के नाम : बिहार की सूचियों में हजारों मृत व्यक्तियों के नाम अब भी मौजूद हैं, जिन पर वोट डाले जाते हैं। दोहरी प्रविष्टि : एक ही व्यक्ति का नाम दो-दो जगह दर्ज पाया गया है, जिससे फर्जी वोटिंग आसान हो जाती है। प्रवासी मजदूरों की समस्या : हर चुनाव में लाखों मजदूर अपने कार्यस्थल से वापस नहीं आ पाते और मताधिकार से वंचित हो जाते हैं। युवाओं का बहिष्कार : लाखों नए मतदाता 18 वर्ष की आयु पूरी करने के बावजूद नाम दर्ज नहीं करा पाते। विदेशी नागरिकों का घुसपैठिया वोट : सबसे गंभीर आरोप यह है कि बिहार की वर्तमान यानी पुरानी वोटर लिस्ट में हजारों बांग्लादेशी और अन्य विदेशी नागरिकों के नाम शामिल हैं, जिन्हें विभिन्न दलों की मिलीभगत से जोड़ा गया है। यह स्थिति न केवल लोकतंत्र की साख को कमजोर करती है, बल्कि राष्ट्र की सुरक्षा और सामाजिक संतुलन के लिए भी खतरा है। लोकसभा चुनाव 2024 और बिहार विधानसभा के हालिया उपचुनावों में बड़ी संख्या में फर्जी वोटिंग और बूथ कैप्चरिंग की शिकायतें दर्ज हुईं। कई जगह मृत व्यक्तियों के नाम से वोट डाले गए। कई सीटों पर दोहरी प्रविष्टियों ने नतीजे प्रभावित किए। स्वतंत्र एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार, कुल मतदाताओं का लगभग 8–10% हिस्सा या तो फर्जी या संदिग्ध पाया गया। अगर यह सुधार नहीं किया गया, तो आने वाले विधानसभा चुनावों में भी यही परिदृश्य दोहराया जाएगा, और लोकतंत्र की नींव हिल जाएगी। चुनाव आयोग द्वारा सुधार की घोषणा के बाद विपक्ष ने आक्रामक रुख अपनाया। संसद ठप : पूरे सत्र को बाधित कर दिया गया। सड़क पर आंदोलन : यह प्रचारित किया गया कि सरकार जानबूझकर खास जातीय और धार्मिक समुदायों के नाम सूची से हटाना चाहती है।

**- अशोक कुमार झा.**

### आज का कार्टून




साभार

# राष्ट्र रक्षाबंधन अनुष्ठान पर्व

संस्कृति और पर्व एक दूसरे के उसी तरह से पूरक है जैसे नदी और जल। रक्त और मज्जा। शरीर और आत्मा। संस्कृति जीवन दर्शन, कला, साहित्य, अध्यात्म और संस्कारों जैसे असंख्य रंग-बिरंगे पुष्पों का वह गुलदस्ता है जिसकी सुगंध हजारों वर्षों से निरंतर प्रवाहमान है। पर्व समय-समय पर उस सुगंध की छटा बिखेरने का अवसर होते हैं। बाल गंगाधर द्वारा गणेशोत्सव को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़ना एक उदाहरण है कि पर्व राष्ट्र- ऋषियों के चिंतन का प्रसाद है जो आनंद से आरंभ होकर राष्ट्र चिंतन की ओर ले जाता है। यदि वह वैभव के प्रदर्शन और आनंद की मस्ती पर ही अटक जाते हैं तो समझा जा सकता है कि पर्व ने अपने चरम को स्पर्श नहीं किया। इसीलिए वह अपनी राह भटक गया। भविष्य में ऐसी चूक न हो, इसके लिए राग, द्वेष रहित निष्पक्ष चिंतन-मंथन आवश्यक है। यूं तो रक्षाबंधन को सांस्कृतिक पर्व है लेकिन इस बार रक्षाबंधन राष्ट्रीय परिपेक्ष्य में हमारी परीक्षा भी है। यह महत्वपूर्ण रक्षाबंधन कब से मनाया जा रहा है, किस-किसने इस पर्व में अपने प्राण-प्रण से रंग भरे हैं, इसपर अनेक विचार हो सकते हैं। सूक्ष्मान्वेषण करने पर सुदर्शन चक्र से श्रीकृष्ण की घायल अंगुली पर अपनी साड़ी फाड़कर बांधती द्रोपदी की छवि सामने अंकित होती है तो राजा बलि का दंभ तोड़ने का पराक्रम देखने को मिलता है। कहा तो यह भी जाता है कि देवों और दानवों के युद्ध में जब देवता हारने लगे, तब वे देवराज इंद्र के पास गए। देवताओं को भयभीत देखकर इंद्राणी ने उनके हाथों में रक्षासूत्र बाँध दिया। इससे देवताओं का आत्मविश्वास बढ़ा और उन्होंने दानवों पर विजय प्राप्त की। यदि बहुत पुराने समय में न जायें तो याद आता है कि गुजरात में नागौर किले की फिरोजशाह द्वारा घेराबंदी किए जाने पर वहाँ के राजा मानसिंह की पुत्री पन्नादेवी द्वारा अरिकन्द के राजा उम्मेद सिंह को भावभरे पत्र संग भेजी गई राखी ने गौडवान किले की पराजय और हजारों क्षत्राणियों को जौहर करने से बचा लिया था। वामपंथियों द्वारा इतिहास को मनमानी ढंग से प्रस्तुत करने की श्रृंखला में महारानी कर्मवती द्वारा हुमायुं को भेजी राखी की चर्चा भी की जाती है जबकि वास्तविकता से उसका कोई लेना देना नहीं है। लेकिन हाँ, विदेशी आक्रांता सिकन्दर (अलेक्जेंडर) की प्रेमिका ने भारतीय नरेश पोरस को राखी बांधकर सिकन्दर की प्राण रक्षा का वचन लेना इतिहास का एक निर्णायक मोड़ साबित हुआ। कहा जाता है कि विश्वविजेता बनने निकले सिकन्दर संग युद्ध में एक अवसर ऐसा भी आया था जब राजा पोरस उसका आसानी से वध कर सकते थे लेकिन उन्होंने राखी की लाज रखते हुए ऐसा नहीं किया। राखी आज बेशक बहन द्वारा भाई को राखी बांधने तथा भाई द्वारा उसे उपहार देने तक सिमटता दिखाई दे रहा हो लेकिन कभी मातृभूमि पर आये संकट का सामना करने जा रहे वीरों को उस नगर की नारियाँ तिलक लगा, हाथ पर रक्षा सूत्र बांधते हुए जहाँ उससे वतन की रक्षा का वचन लेती थी वहीं परमात्मा से उन भुजाओं को बल और अमरत्व प्रदान करने की प्रार्थना भी करती थी ताकि वे राष्ट्र-रक्षा कर सके। यजुर्वेदः 'वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः' हम (वयं) प्रबुद्धजन (पुरोहिताः) राष्ट्र का (राष्ट्रे) जागरण करें (जागृयाम) का उद्घोष करता है। इसका आशय स्पष्ट है कि राष्ट्र रक्षा के लिए हम सबको सावधान होकर कार्य करना चाहिए। भारतीय संस्कृति में जननी और जन्मभूमि के प्रति विशेष श्रद्धा है। पश्चिमी भक्त बेशक राष्ट्र शब्द को पश्चिमी विचारकों की देन बताये लेकिन हमारे वेदों में अनेकों बार 'राष्ट्र' शब्द का उल्लेख है। किसी भी राष्ट्र के लिए उसकी सर्वभौमिकता उसकी प्राण-वायु है। पराजित अथवा पराधीन राष्ट्र को प्रतिक्षण अपमानित होना पड़ता है इसीलिए उस राष्ट्र के सुपुत्र अपने प्राणों का बलिदान देकर भी इस कलंक को समाप्त करते हैं। इतिहास साक्षी है भारत की आजादी की लड़ाई ऐसे असंख्य बलिदानों की बुनियाद पर ही लगातार अपने लक्ष्य की और बढ़ती रही है। मंगल पाण्डे से आरंभ हुई यह श्रृंखला तिलका मांझी, लाला लाजपतराय, भगत सिंह, चन्द्रशेखर आजाद, रामप्रसाद बिस्मिल, अश्फाकुल्ला खां, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस जैसे असंख्य, अनाम रणबांकुरों की दास्तान है। 15 अगस्त 1947 को प्राप्त हुई खंडित आज़ादी न केवल हमारे लिए बल्कि सम्पूर्ण विश्व के लिए खतरे का सबक बन रही है। पिछले दिनों पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकी हमले ने प्रत्येक भारतीय को विचलित कर दिया।

**- डा. विनोद बब्बर**

## शिबू सोरेन का निधन

# बिहार के सियासी गलियारे में भी शोक की लहर

## नीतीश-लालू ने जताया दुख

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) संस्थापक शिबू सोरेन के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा, 'उनके साथ हमारे घनिष्ठ संबंध थे।'

**डेप्युटी सीएम सम्राट चौधरी ने भी जताई संवेदना**

बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी ने वंचित समाज के उत्थान के लिए किए गए उनके संघर्ष को याद करते हुए लिखा, 'झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री और झारखंड मुक्ति मोर्चा के संस्थापक शिबू सोरेन के निधन का समाचार अत्यंत दुःखद है। वंचित समाज के उत्थान के लिए उनके द्वारा किए गए संघर्ष सदैव स्मरण रहेगा। ईश्वर पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें एवं परिजनों तथा शुभचिंतकों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।'

**JDU ने भी जताई संवेदना**

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के प्रवक्ता नीरज कुमार ने झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के संस्थापक शिबू सोरेन के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि शिबू सोरेन न केवल एक राजनेता थे, बल्कि उन्होंने आदिवासी समुदाय के लोगों को संगठित किया। उन्होंने इस समुदाय को राजनीतिक ताकत में बदलकर राष्ट्रीय राजनीति में उनकी सामाजिक पहचान स्थापित की। नीरज कुमार ने इसे एक दुखद घटना बताते हुए प्रार्थना की कि भगवान उनकी आत्मा को अपने चरणों में स्थान दें।




### नीतीश कुमार ने भी जताया दुख

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा है कि 'शिबू सोरेन एक प्रख्यात राजनेता थे। वे तीन बार झारखंड के मुख्यमंत्री रहे थे। झारखंड की राजनीति में उनका अहम योगदान रहा है। उनके निधन से न केवल झारखंड बल्कि पूरे देश के राजनीतिक एवं सामाजिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।'

### शिबू सोरेन के निधन पर लालू बोले- दुखद

राजद प्रमुख ने सोमवार को मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि शिबू सोरेन दलितों और आदिवासियों के महान नेता थे। यह गहरे दुख की बात है कि वह हमारे साथ अब नहीं है। हम उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। मेरी ओर से उनके परिवार को संवेदना है।

### इन्हें 'दिशोम गुरु' के नाम से भी जाना जाता

शिबू सोरेन, जिन्हें 'दिशोम गुरु' के नाम से भी जाना जाता था। उनका निधन 4 अगस्त को दिल्ली के सर गंगाराम अस्पताल में हुआ। वे 81 वर्ष के थे और लंबे समय से किडनी की बीमारी तथा ब्रेन स्ट्रोक के कारण आईसीयू में भर्ती थे। उनके निधन पर झारखंड के मुख्यमंत्री और उनके बेटे हेमंत सोरेन ने भी गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने कहा, 'आदरणीय दिशोम गुरुजी हम सभी को छोड़कर चले गए हैं। आज मैं शून्य हो गया हूं।'

# बुराई करते-करते.. CM नीतीश कुमार अच्छे लगने लगे...

## चिराग ने जी भर के की तारीफ, कहा– 100 फीसदी फिट

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की कल तक बुराई करने वाले लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने सीएम की दिल खोलकर तारीफ की। चिराग ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व पर विश्वास जताया है। चिराग पासवान ने कहा कि नीतीश कुमार अगले पांच साल तक बिहार चलाने के लिए पूरी तरह से स्वस्थ और ठीक हैं। उनके नेतृत्व में ही चुनाव लड़ा जाएगा और एनडीए जीत भी दर्ज करेगा। उन्होंने कहा कि बिहार अभी जिस दौर से गुजर रहा है, उसे अनुभवी नेतृत्व की जरूरत है। नीतीश कुमार ही हैं, जिन्होंने राज्य को 'जंगल राज' से



निकालकर आज इस मुकाम तक पहुंचाया है। चिराग पासवान ने बिहार में कानून और व्यवस्था की स्थिति पर अपने बयान पर सफाई देते हुए यह बात कही। चिराग पासवान ने कहा कि, 'मैं केंद्र सरकार का हिस्सा हूं। मुझे मंच मिला है कि जनता की बात सरकार तक पहुंचा सकूं। मैं बिहार की सरकार में नहीं हूं, पर समर्थन कर रहा हूं। इसलिए जब कोई गंभीर मुद्दा सामने आता है, तो उसे मजबूती से उठाता हूं। विपक्ष मेरे शब्दों को तोड़-मरोड़ कर जनता को गुमराह करने की कोशिश करता है। विपक्ष जनता को भ्रमित करना चाहता है कि मैं एनडीए छोड़कर अकेले चुनाव लड़ूंगे।'

उन्होंने कहा कि NDA एक मजबूत गठबंधन है। हम सभी पांच दल एक साथ हैं और हम इस बार बिहार में 225 से ज्यादा सीटें जीतेंगे।' चिराग पासवान ने कहा कि 'विपक्ष ये साबित करने की कोशिश करता है कि चिराग अपनी सरकार को आंखे दिखा रहे हैं, जबकि हम सरकार के साथ है। मेरा अपनी सरकार और नीतीश कुमार पर पूरा विश्वास है।' चिराग ने कहा कि बिहार की जनता ने नीतीश कुमार को सुशासन बाबू का नाम दिया क्योंकि उन्होंने ऐसे काम किए थे।

# बांका-भागलपुर बॉर्डर पर बड़ा हादसा, पांच की दर्दनाक मौत




**बांका।** भागलपुर-बांका बॉर्डर पर शाहकुंड थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में पांच कांवरियों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसा रात 11:30 बजे शाहकुंड-सुल्तानगंज मुख्य सड़क पर बेलथू गांव के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार पिकअप वैन अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई।पिकअप वैन में कुल आठ कांवरिए सवार थे, जो सुल्तानगंज से गंगा जल लेकर बांका जिले के जेठौर स्थित नाथ मंदिर में जल अर्पण करने जा रहे थे। मृतकों की पहचान संतोष कुमार (18), मनोज कुमार (24), विक्रम कुमार (23), अंकुश कुमार (18), और रवीश कुमार उर्फ मुन्ना (18) के रूप में हुई है। ये सभी बांका जिले के कसवा खेरही गांव के निवासी थे। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार गाड़ी की रफ्तार काफी तेज थी और अचानक संतुलन बिगड़ने से वैन गड्ढे में जा गिरी। हादसे की सूचना मिलते ही शाहकुंड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया गया। घायलों को इलाज के लिए नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## अमित शाह के सीतामढ़ी दौरे पर बोले पप्पू यादव

# 'चुनाव के वक्त इनको धर्म याद आ जाता है'

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

बिहार के नेता प्रतिपक्ष और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव को चुनाव आयोग ने दो वोटर आईडी कार्ड के मामले में नोटिस भेजा है। अब तेजस्वी यादव के बचाव ने पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव उतर आए हैं। उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग क्या है? चुनाव आयुक्त बीजेपी का प्रवक्ता है, जो आदेश बीजेपी देती है, वहीं चुनाव आयोग करता है। बीजेपी के कहने पर चुनाव आयोग नोटिस भेज देता है। पप्पू यादव ने सवाल पूछते हुए कहा कि चुनाव आयोग पहले बताए कि कितने लोगों का नाम काटा गया है। इस दौरान पप्पू यादव ने केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह के 8 अगस्त को होने वाले सीतामढ़ी दौरे को लेकर भी तंज किया। पप्पू यादव ने कहा कि जब



चुनाव होता है तो इन लोगों को धर्म याद आ जाता है।

पुनौरा धाम में 8 अगस्त को माता सीता के मंदिर का शिलान्यास होना है। इसमें केंद्रीय मंत्री अमित शाह आ रहे हैं। इस पर पूर्णिया के निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने कहा कि यह सीता मैया को लेकर यात्रा नहीं है, यह चुनाव की यात्रा है। चुनाव होता है बीजेपी वालों को धर्म याद आ जाता है। चुनाव खत्म होता है तो इनको धर्म भी याद नहीं रहता है। पप्पू यादव ने कहा कि यह ना तो सनातन के हैं, ना राम के है।

सांसद पप्पू यादव ने सोमवार को मीडिया से बात करते हुए कहा कि चुनाव आयोग क्या अलादीन का चिराग है? उससे जो कहो वो पूरा कर देगा। उन्होंने कहा कि 'चुनाव आयोग BJP के इशारे पर काम कर रहा है। BJP और मोदी जी भ्रम फैला रहे हैं। चुनाव आयोग अपने आप में एक 'संदिग्ध आयोग' है। चुनाव आयोग ने बीजेपी के कहने पर तेजस्वी को जो नोटिस भेजा है, वो बिल्कुल गलत है। कभी-कभी आदमी की जुबान से कुछ मिस टंग हो जाता है।'

इस दौरान पप्पू यादव ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के बिहार दौरे भी की जानकारी दी। पप्पू यादव ने कहा कि राहुल गांधी और अन्य नेता 10 अगस्त से बिहार का दौरा करेंगे। उन्होंने कहा, 'राहुल गांधी बिहार में तेजस्वी यादव के साथ यात्रा करेंगे।

# बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन का साइड स्लोप धंसा

**पटना।** सीएम नीतीश कुमार के ड्रीम प्रोजेक्ट में एक पटना के बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन का बुरा हाल है। उद्घाटन से पहले ही कई जगहों पर साइड स्लोप धंस गया है। जिसके चलते एक किमी तक दरारें आ गई हैं। कई स्लोप पर कई दरारें तो बहुत मोटी हैं। मेन रोड पर भी गड्ढे देखे जा सकते हैं। बख्तियारपुर के रानीसराय के पास पुल के एक लेन पर निर्माण कार्य अभी जारी है। बताया जा रहा है कि चुनाव से पहले फोरलेन का उद्घाटन होना है। बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन सिमरिया में गंगा नदी पर बने नए पुल का हिस्सा है। जो टाल के इलाके में है। जहां पानी काफी जमता है, इन इलाकों में दाल की खेती खूब होती है। पटना बीते दिनों भारी बारिश हुई थी। गंगा भी उफान पर है। ऐसे में बारिश भी साइड स्लोप के धंसने की वजह



हो सकती है। वहीं स्थानीय लोगों का आरोप है कि निर्माण में घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया गया है। बाइक तक के गुजरने से स्लोप में दरारें आने लगती हैं। लोगों के मुताबिक फोरलेन पर वन-वे की स्थिति के कारण कई सड़क हादसे भी हो चुके हैं। साइड स्लोप के धंसने और दरारें पड़ने की उच्च स्तरीय जांच की मांग की जा रही हैं। आपको बताते दें इस मामले पर अभी तक फोरलेन निर्माण कार्य की निगरानी कर रही कंपनी की तरफ से कोई जवाब नहीं आया है।

## मंत्री ने ली लालू पुत्र की चुटकी

# 'राहुल गांधी का एटम बम तो तेजस्वी के घर पर ही जा गिरा'

**महानगर नेटवर्क**

**पटना**

बिहार सरकार में मंत्री नितिन नवीन ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के उस बयान का हवाला देते हुए तेजस्वी यादव पर जोरदार हमला किया है, जिसमें उन्होंने एसआईआर में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए कहा था कि उनके पास सबूत है, एटम बम है, अगर फटेगा तो चुनाव आयोग नहीं बचेगा। नितिन नवीन ने कहा कि राहुल गांधी का 'एटम बम' तेजस्वी यादव के घर पर गिरा है। बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को दो मतदाता पहचान पत्र रखने के मामले में



चुनाव आयोग द्वारा नोटिस जारी किया गया है।

सोमवार को बातचीत के दौरान मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि तेजस्वी यादव, महागठबंधन, और राहुल गांधी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर जनता को भ्रमित करने की कोशिश की, लेकिन अब वे खुद अपने बनाए जाल में फंस गए हैं।

उन्होंने तेजस्वी पर बिना तथ्यों की जांच किए झूठा दावा करने का आरोप लगाया, जिसमें तेजस्वी ने कहा था कि उनका नाम मतदाता सूची में नहीं है। तेजस्वी के पास दो इपिक नंबर हैं। एक जो 2020 के विधानसभा चुनाव में उनके हलफनामे में दर्ज था। और दूसरा जो उन्होंने प्रेस कॉन्फ्रेंस में दिखाया, लेकिन यह आधिकारिक रिकॉर्ड में नहीं है। चुनाव आयोग ने इस दूसरे नंबर को अस्तित्वहीन या फर्जी बताते हुए जांच शुरू की है और तेजस्वी से मूल दस्तावेज मांगे हैं।

# इन शातिरों को नहीं पकड़ पाई बिहार पुलिस, सिर पर रख दिया बड़ा इनाम

**मुजफ्फरपुर।** मुजफ्फरपुर पुलिस ने जिले के तीन इनामी लुटेरों की तस्वीर जारी की है। इन लुटेरों ने इनाम जारी होने के बावजूद पुलिस के नाक में दम कर रखा है। लगातार वारदात को अंजाम देकर पुलिस की आसूचना प्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। इन बदमाशों की मुजफ्फरपुर के आलावे आसपास के कई जिलों की पुलिस को है क्योंकि उन जिलों में कांडों को अंजाम देकर फरार हैं। एसएसपी सुशील कुमा के द्वारा जारी तस्वीर विभिन्न व्हाट्सएप ग्रुप पर वायरल हो रहा है। एसएसपी ने आमजनों से इन शातिरों की गिरफ्तारी में मदद की अपील की है। टोल फ्री नंबर भी दिया गया है। एसएसपी ने आग्रह करते हुए कहा है शातिरों का सुराग देने वालों का नाम व पहचान गोपनीय रखा जायेगा। उनकी सुरक्षा की चिंता पुलिस करेगी। हालांकि फोटो वायरल किए जाने पर कई तरह की बातें भी कही जा रही हैं।

एसएसपी ने तस्वीर जारी कर बताया है कि सरैया के मोतीचौक निवासी मो. अलाउद्दीन का पुत्र मो. अनवर उर्फ मिट्ठू, तुर्की थाना के चैनपुर गांव के सुरेश राम का पुत्र मंजीत कुमार पर 25-25 हजार और वैशाली जिले के भगवानपुर थाना के सहथा वार्ड दो के निवासी शिवजी सहनी के पुत्र अरविंद सहनी पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया है। पुलिस को उम्मीद है कि सोशल मीडिया पर तस्वीरें वायरल होने के बाद इनकी गिरफ्तारी में आसानी होगी।

# अंधविश्वास में चली गई नानी-नातिन की जान

**पूर्णिया।** पूर्णिया में अंधविश्वास के चक्कर में नानी और नातिन की एक साथ मौत हो गई। बताया जा रहा है कि रविवार की रात सोते वक्त सांप ने दोनों को काट लिया था। लेकिन अस्पताल ले जाने की बजाय परिजन सुबह तक झाड़-फूंक करते रहे। जिसके चलते दोनों की हालत बिगड़ गई, और घर में ही मौत हो गई। केनगर थाना क्षेत्र के गणेशपुर पंचायत के वार्ड संख्या-10 स्थित डहरिया जमैया टोला में बीती रात मृतका बाली हांसदा उर्फ छोटू की 40 वर्षीया पत्नी पूनम मूर्मू एवं उसकी नातिन 5 वर्षीया आरोही किस्कू एक साथ घर में सो रही थी।

# अरवल विधायक महानंद सिंह को कोर्ट ने भेजा जेल

## दीपांकर भट्टाचार्य से जुड़ा 24 साल पुराना केस



**जहानाबाद।** बड़ी खबर बिहार के जहानाबाद से है जहां अरवल के भाकपा माले के विधायक महानंद सिंह को जहानाबाद व्यवहार न्यायालय स्थित एसडीजेएम मनीष कुमार की अदालत ने न्यायिक हिरासत में मंडल कारा काको भेज दिया। वे एक 24 साल पुराने मामले में अदालत में सोमवार को उपस्थित हुए थे। कोर्ट द्वारा विधायक को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने का आदेश देने के बाद अदालत परिसर में खलबली मच गई। उनकी विधायकी पर भी तलवार लटकती दिख रही है। तत्काल पुलिस ने उन्हें अपनी कस्टडी में ले लिया। पुलिस टीम विधायक को लेकर सदर अस्पताल पहुंची, जहां उनका नियमानुकूल कोरोना जांच कराया गया। जांच के बाद उन्हें मंडल कारा भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार विधायक को अदालत ने भगोड़ा घोषित कर रखा था उनके खिलाफ कोर्ट द्वारा लाल वारंट निर्गत किया गया था।

## व्यापार

# 'फास्ट एंड फैबुलस' में रेमंड ने पेश किया स्टाइल

**मुंबई।** डोम एसवीपी में कल रात 'फास्ट एंड फैबुलस' ने एक ऐसी यादगार शाम का आयोजन किया, जहाँ स्पीड और स्टाइल एक साथ नज़र आए। इस ख़ास कार्यक्रम में भारत की 50 से भी ज़्यादा दुर्लभ सुपरकार्स की प्रदर्शनी लगाई गई, साथ ही एक हाई-एनर्जी फैशन शो और फैशन, मनोरंजन और ऑटोमोटिव जगत के कई मशहूर लोग भी शामिल हुए। रेमंड ग्रुप के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर, गौतम सिंघानिया ने कहा, "'फास्ट एंड फैबुलस' बेहतरीन डिज़ाइन और साहस का एक अद्भुत संगम है, जिसे रेमंड हमेशा से बढ़ावा देता आया है।

# आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की बैठक

## 6 अगस्त को गवर्नर संजय मल्होत्रा करेंगे फैसलों का ऐलान

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली दर निर्धारण समिति की बैठक सोमवार को शुरू हो गई। तीन दिवसीय बैठक में द्विमासिक मौद्रिक नीति तय करने के लिए चर्चा होगी। जानकारों का मानना है कि अगस्त एमपीसी बैठक के दौरान ब्याज दरों में नरमी के चक्र के स्थिर रहने की उम्मीद है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने फरवरी में ब्याज दरों में ढील देने का चक्र शुरू किया था और तब से अब तक तीन चरणों में अल्पकालिक उधार दर (रेपो) में 100 आधार अंकों की




कटौती की गई है। गवर्नर मल्होत्रा की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय दर निर्धारण समिति- मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी)- बुधवार (6 अगस्त) को अगली द्विमासिक नीति दर की घोषणा करने वाली है।

विशेषज्ञों का मानना है कि रिजर्व बैंक इस बार यथास्थिति बनाए रख सकता है और अमेरिका की ओर से 7 अगस्त से भारतीय आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद और अधिक मैक्रो डेटा का इंतजार कर सकता है। हालांकि, उद्योग जगत के एक वर्ग को बुधवार को ब्याज दरों में 25 आधार अंकों की कटौती की उम्मीद है।

बैंक ऑफ बड़ौदा के मुख्य अर्थशास्त्री मदन सबनवीस ने कहा कि ऋण नीति जून के लिए कम मुद्रास्फीति और 25 प्रतिशत अमेरिकी टैरिफ के हालिया घटनाक्रम पर आधारित नहीं होगी। उन्होंने कहा कि जून में नीति में पहले से ही 26 प्रतिशत टैरिफ को शामिल कर लिया गया था, जो अप्रैल में स्थगित दर थी।

# सीजीटीएमएसई ने एमएसएमई को किया सम्मानित

**मुंबई।** क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट फॉर माइक्रो एंड स्मॉल एंटरप्राइजेज (सीजीटीएमएसई) ने अपनी 25 वर्षों की प्रभावशाली यात्रा को चिह्नित करते हुए अपनी सिल्वर जुबली समारोह का आयोजन किया, जिसमें सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को वित्तीय सहायता, ऋण जोखिम प्रबंधन और संस्थागत उत्कृष्टता में विशिष्ट योगदान के लिए प्रमुख सदस्य ऋणदात्री संस्थाओं (एमएलआई) को सम्मानित किया गया। मुंबई में आयोजित इस कार्यक्रम ने भारत के सूक्ष्म और लघु उद्यमों को प्रतिभूति रहित ऋण तक पहुंच प्रदान करने की सीजीटीएमएसई की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया।

# एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ मिलाया हाथ

**महानगर नेटवर्क**

**मुंबई**

भारत की सबसे विश्वसनीय जीवन बीमा कंपनियों में से एक एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस ने देश के सबसे बड़े स्मॉल फाइनेंस बैंक, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के साथ एक रणनीतिक कॉर्पोरेट एजेंसी साझेदारी की है। इस सहयोग का उद्देश्य देशभर में व्यापक बीमा समाधान की पहुंच बढ़ाना है, ताकि सरकार के '2047 तक सभी के लिए बीमा' मिशन के तहत वित्तीय सुरक्षा को भारत के अविकसित और उभरते बाजारों तक पहुँचाया जा सके।

इस समझौते पर एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के हैड ऑफ बैंकएश्योरेंस एंड क्रॉस-सेल्स दिलीप के. विद्यार्थी




और एसबीआई लाइफ इंश्योरेंस के रीजनल डायरेक्टर, मुंबई मेट्रो, अश्विनी कुमार ने हस्ताक्षर किए।

इस अवसर पर एसबीआई लाइफ के ईवीपी और चीफ ऑफ इंस्टीट्यूशनल एलायंसेज़ गिरीश थैम्पी समेत दोनों संस्थानों के कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

इस साझेदारी के तहत, एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक 21 राज्यों और 4 केंद्र शासित प्रदेशों में फैले अपने 2,505 से अधिक बैंकिंग टचप्वाइंट्स के नेटवर्क के माध्यम से एसबीआई लाइफ के संपूर्ण जीवन बीमा उत्पाद पोर्टफोलियो, प्रोटेक्शन, सेविंग्स और इन्वेस्टमेंट्स, चाइल्ड, मनी बैक, रिटायरमेंट आदि का वितरण करेगा।

## अमेरिकी टैरिफ व भारत–ब्रिटेन सीईटीए का

# 13 अगस्त को ट्रेड यूनियन और किसान करेंगे विरोध-प्रदर्शन

**महानगर नेटवर्क**

**नई दिल्ली**

देश के 10 केंद्रीय ट्रेड यूनियनों और संयुक्त किसान मोर्चा के मंच, केंद्रीय ट्रेड यूनियनों-एसकेएम ने सोमवार को अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की टैरिफ धमकियों और भारत-ब्रिटेन सीईटीए के खिलाफ मोर्चा खोल दिया।इन संगठनों ने 13 अगस्त को देशव्यापी विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया है। एक संयुक्त बयान के अनुसार, सीटीयू-एसकेएम ने भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने और रूस के साथ तेल व्यापार समझौते के लिए दंडात्मक कर लगाने की ट्रम्प की हालिया धमकियों की कड़ी निंदा की। बयान में कहा गया है कि सीटीयू-एसकेएम



सभी किसानों, श्रमिकों, छात्रों और देशभक्त नागरिकों से 13 अगस्त, 2025 को प्रतिरोध के राष्ट्रव्यापी दिवस में शामिल होने का आह्वान करता है, जिसमें ट्रैक्टर और मोटरसाइकिल रैलियां, विरोध प्रदर्शन, सार्वजनिक सभाएं और विभिन्न प्लेटफार्मों और साझेदार संगठनों द्वारा तय किए गए विरोध के अन्य रूपों जैसे विभिन्न सामूहिक कार्यवाहियां शामिल होंगी।

# सात अगस्त को खुलेगा जेएसडबल्यू सीमेंट लि. का IPO

**महानगर नेटवर्क**

**मुंबई**

सीमेंट मैन्युफैक्चरिंग में लीडिंग कंपनी जेएसडबल्यू सीमेंट लिमिटेड ने अपने आईपीओ के लिए प्राइस बैंड तय कर दिया है। कंपनी ने अपने शुरुआती पब्लिक ऑफर (IPO) के लिए प्रति शेयर कीमत 139 से 147 रुपये तय की है। यह IPO 7 अगस्त 2025 को खुल रहा है और 11 अगस्त 2025 तक इसे सब्सक्राइब किया जा सकता है। आईपीओ का साइज 3,600 करोड़ का है। जेएसडबल्यू सीमेंट लिमिटेड का लक्ष्य आईपीओ के जरिए 3,600 करोड़ रुपये का फंड जुटाना है। इस आईपीओ में 1,600 करोड़ रुपये के नए शेयर जारी होंगे। जबकि




असमें 2,000 करोड़ रुपये तक के शेयर ऑफर फॉर सेल के जरिए बेचे जाएंगे। यह IPO 7 अगस्त 2025 को खुल रहा है और 11 अगस्त 2025 तक इसे सब्सक्राइब किया जा सकता है। आईपीओ का साइज 3,600 करोड़ का है।

### सात अगस्त को ऑल टाइम प्लास्टिक्स का आईपीओ

उपभोक्ता उत्पाद बनाने वाली कंपनी ऑल टाइम प्लास्टिक्स ने अपने 401 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए 260 से 275 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। कंपनी की ओर से सोमवार को जारी बयान के अनुसार, आईपीओ सात अगस्त को खुलेगा और 11 अगस्त को बंद होगा। यह आईपीओ 280 करोड़ रुपये तक के नए शेयर और 120 .6 करोड़ रुपये के 43 .8 लाख शेयर की बिक्री पेशकश का संयोजन है। इस प्रकार निर्गम का कुल आकार 401 करोड़ रुपये बैठता है।

# बॉश हीटिंग इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण

**मुंबई/स्टटगार्ट।** बॉश समूह अपनी कॉर्पोरेट रणनीति 2030 में अगले मील के पत्थर तक पहुँच गया है और लगातार विकास पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। कंपनी ने अपने इतिहास का सबसे बड़ा अधिग्रहण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। जॉनसन कंट्रोल्स से आवासीय और हल्के वाणिज्यिक हीटिंग, वेंटिलेशन और एयर कंडीशनिंग (HVAC) व्यवसाय का अधिग्रहण और जॉनसन कंट्रोल्स-हिताची एयर कंडीशनिंग संयुक्त उद्यम का अधिग्रहण




31 जुलाई को निर्धारित समय पर पूरा हो गया। बॉश प्रबंधन बोर्ड के अध्यक्ष स्टीफन हार्टुंग ने कहा कि श्हमारी कंपनी के इतिहास में सबसे बड़े अधिग्रहण के साथ, हम अपने विकास को गति दे रहे हैं।

## ड्राइवरों के जीवन को बेहतर बना रहा है कैरम मोबिलिटी

**मुंबई।** शहरी गतिशीलता के तेज़ी से विकसित होते परिदृश्य में, फ्लीट ड्राइवरों को अक्सर लंबे समय तक काम करने, अप्रत्याशित आय और नौकरी की सुरक्षा की कमी का सामना करना पड़ता है। लेकिन यह वास्तविकता बदलने लगी है, और इस बदलाव को आगे बढ़ाने के लिए। एक फ्लीट प्रबंधन सेवा कंपनी और कारदेखो समूह का हिस्सा, आपकी मदद के लिए तैयार है। श्कैरम में शामिल होने के बाद, मैंने गाड़ी चलाना सीखा और अब एक सम्मानजनक आय अर्जित कर रहा हूँ।

**महानगर मीडिया नेटवर्क प्रा. लिमिटेड** के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अंतेश आर सिंह द्वारा, महानगर मीडिया नेटवर्क प्राइवेट लिमिटेड 501, ओमेगा हाउस, हीरानंदानी गार्डन्स, पवई, मुंबई-400076 से प्रकाशित एवं **डांगट मीडिया प्रा.लि.**, 22, दीघा एम आई डी सी, टी टी सी इंडस्ट्रियल एरिया, विष्णु नगर, दीघा, नवी मुंबई - 400708 में मुद्रित। ● फोन नंबरः 022-25705039 ईमेल : hmahanagar@gmail.com
● कार्यकारी संपादक : राघवेंद्र नाथ द्विवेदी* (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)

# बाढ़ की चपेट में यूपी के कई जिले

## सीएम योगी ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश, लापरवाही बर्दाश्त नहीं

महानगर संवाददाता
लखनऊ

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास से एक VC के माध्यम से अधिकारियों को बाढ़ को लेकर दिशा निर्देश दिए। इस वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में जनपदों के प्रभारी मंत्री व वरिष्ठ अधिकारी जुड़े थे। मुख्यमंत्री ने बैठक में बाढ़ प्रभावित इलाकों के अधिकारियों को राहत कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिये। इस दौरान उन्होंने कई जनपदों के अधिकारियों से सीधा संवाद कर स्थिति का जायजा लिया। वर्तमान में प्रदेश के 17 जिले बाढ़ से प्रभावित हैं।



मुख्यमंत्री ने निर्देशित किया कि बाढ़ प्रभावित लोगों की सुरक्षा से राहत का सामान समय से बांटा जाए। राहत सामग्री की गुणवत्ता व मात्रा को रैंडम चेक किया जाए। बाढ़ शरणालय में रहने वाले लोगों को पौष्टिक और गर्म खाना उपलब्ध कराया जाए। बाढ़ शरणालयों में महिलाओं के ठहरने के लिए उचित व्यवस्था के साथ उनकी सुरक्षा का पूरा ध्यान रखा जाए और उनके साथ रहने वाले बच्चों के लिए दूध की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाढ़ प्रभावित सभी जनपदों में कंट्रोल रूम 24*7 चालू रहें। जिले से राहत आयुक्त कार्यालय को हर सूचना रोजाना दी जाए। बाढ़ प्रभावित इलाकों में डॉक्टरों की टीम द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाए जाएं, जहां सभी का स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद आवश्यकता के अनुसार दवा बांटी जाए। रेस्क्यू के लिए बड़ी नावों का इस्तेमाल किया जाए, छोटी-मझोली नावों का प्रयोग न किया जाए। कोई भी व्यक्ति जर्जर भवन में न रहे, उन्हें जल्द से जल्द बाढ़ शरणालय में शिफ्ट किया जाए। सीएम ने कहा बाढ़ प्रभावित जनपदों में राहत कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इनमें कानपुर नगर, लखीमपुर खीरी, आगरा, औरैया, चित्रकूट, बलिया, बांदा, गाजीपुर, मीरजापुर, प्रयागराज, वाराणसी, चंदौली, जालौन, कानपुर देहात, हमीरपुर, इटावा और फतेहपुर शामिल हैं। इन सभी जिलों में राहत कार्य तेजी से चल रहे हैं। वहीं एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और पीएसी के जवानों द्वारा पेट्रोलिंग की जा रही है।
सीएम ने कहा कि बाढ़ प्रभावित जिन इलाकों में कटान की समस्या सामने आ रही है, उन पर विशेष नजर रखी जाए, ताकि समय रहते लोगों को राहत दी जा सके। वहीं बाढ़ के पानी की चपेट में क्षतिग्रस्त मकानों का तत्काल सर्वे किया जाए। इससे बाढ़ प्रभावित लोगों को जमीन का पट्टा उपलब्ध कराया जाए। बाढ़ प्रभावित इलाकों में जिन चीजों की आवश्यकता है, उसके लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को तत्काल बताया जाए, ताकि उन चीजों की उपलब्ध कराया जा सके।

### अखिलेश यादव ने साधा निशाना

प्रयागराज की बाढ़ को मुद्दा बनाकर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सरकार पर जमकर निशाना साधा। स्मार्ट सिटी के कार्यों को केंद्र में रखकर इन्होंने हमला बोला और सरकार पर निशाना साधते हुए विभागों पर कमीशनखोरी का आरोप लगाया। कहा कि इस सरकार में हर विभाग और हर कार्य में भ्रष्टाचार और कमीशनखोरी है। भाजपा सरकार ने स्मार्ट सिटी के नाम पर बजट का जमकर बंदरबांट किया है।

# बिजली कंपनियों पर सरकारी विभागों का 15569 करोड़ बकाया

## निजीकरण होने वाली कंपनियों पर बकाया 8591 करोड़



| बिजली कंपनी | कुल सरकारी बकाया |
|---|---|
| दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम | 5398 करोड़ |
| पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम | 3193 करोड़ |
| मध्यांचल विद्युत वितरण निगम | 3895 करोड़ |
| पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम | 1832 करोड़ |
| केस्को विद्युत वितरण निगम कानपुर | 1250 करोड़ |

महानगर संवाददाता
लखनऊ

बिजली कंपनियों का सरकारी विभागों पर 15569 करोड़ बकाया है। सरकारी विभाग बिजली कंपनियों का बकाया जमा कर दें तो वे घाटे से उबर सकती हैं। बिजली कंपनियों को एक लाख करोड़ के घाटे में बताया जा रहा है। पूर्वांचल और दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगमों का निजीकरण किया जा रहा है।
सभी बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का कुल बकाया करीब एक लाख 15 हजार करोड़ है। 31 मार्च 2025 तक सरकारी विभागों के राज्य सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, अधीनस्थ कार्यालयों और स्थानीय निकायों पर कुल बकाया 15569 करोड़ है। सबसे ज्यादा सरकारी बकाया दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम में 5398 करोड़ और पूर्वांचल विद्युत वितरण निगम में 3193 करोड़ है। निजीकरण के लिए प्रस्तावित दोनों बिजली कंपनियों का कुल सरकारी बकाया लगभग 8591 करोड़ है। छह माह के अंदर सरकारी विभागों पर कुल बकाया लगभग 4500 करोड़ है। निजीकरण की बात शुरू होने के बाद कोई सरकारी विभाग इन दोनों बिजली कंपनियों में बिजली का बिल ही नहीं दे रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि केवल सरकारी बकाया बिजली कंपनियों को सरकार तुरंत दे दे तो बिजली कंपनियों की वित्तीय स्थिति ठीक हो जाएगी। उपभोक्ता परिषद अध्यक्ष ने कहा कि सभी बिजली कंपनियों में अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक उत्तर प्रदेश सरकार के आईएएस अफसर हैं। यह सरकारी विभागों से बिजली बकाया को भी नहीं दिला पा रहे हैं। ऐसे में उनकी दक्षता कितनी है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है।

# 'पीडीए पाठशाला' में 'ए' फॉर एप्पल की जगह पढ़ाया अखिलेश, मुकदमा दर्ज

महानगर संवाददाता
सहारनपुर

प्रदेश के सहारनपुर जिले में 'पीडीए पाठशाला' में 'ए' फॉर अखिलेश, 'डी' फॉर डिंपल और 'एम' फॉर मुलायम का ककहरा पढ़ाने पर 'भावनाएं आहत' होने के आरोप में समाजवादी पार्टी (सपा) के एक नेता के खिलाफ देहात कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने यह जानकारी दी।
अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) व्योम बिंदल ने रविवार को बताया कि रामपुर मनिहारन क्षेत्र के निवासी मेम सिंह नामक व्यक्ति ने देहात कोतवाली में तहरीर देकर सपा के



फरहाद गाड़ा पर आरोप लगाया है कि वह 'पीडीए पाठशाला' में बच्चों को 'ए' फॉर एप्पल की जगह 'ए' फॉर अखिलेश, 'बी' फॉर बाबा साहेब, डी फॉर डिंपल और 'एम' फॉर मुलायम सिंह यादव का पाठ पढ़ा रहे हैं। इससे लोगों की भावनाएं आहत हुई हैं।

### कई धाराओं में केस दर्ज

उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर सपा नेता गाडा के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 353 (2) (विभिन्न धार्मिक, जातीय या भाषाई समूहों के बीच शत्रुता, घृणा या दुश्मनी पैदा करने या बढ़ावा देने के इरादे से झूठी जानकारी, अफवाहें या डराने वाली खबरें फैलाना) और अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (नृशंसता निवारण) अधिनियम की धारा 3(2)(वी) (अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति के सदस्य के खिलाफ भारतीय दंड संहिता के तहत दस साल या उससे अधिक की सजा वाले अपराध) के तहत मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच की जा रही है।

# गली से अकेली गुजर रही महिला से अश्लील हरकत

महानगर संवाददाता
मुरादाबाद

जिले के थाना नागफनी क्षेत्र में बुर्का पहनी महिला के साथ युवक द्वारा की गई अश्लील हरकत का वीडियो सामने आने के बाद हड़कंप मचा हुआ है। घटना तीन अगस्त की बताई जा रही है। महिला सामान लेकर घर लौट रही थी, तभी पीछे से आए एक युवक ने उसे जबरदस्ती पकड़कर अश्लील हरकत की।
उसके शोर मचाने और विरोध करने पर आरोपी मौके से भाग गया। पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। इसके बाद यह तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। वीडियो में साफ देखा जा



सकता है कि युवक महिला को पीछे से आकर अचानक पकड़ लेता है। महिला छटपटाती और उससे बचने के लिए लगातार कोशिश कर रही है। युवक उसके साथ लगातार गलत हरकत करता रहता है। घटना की सूचना मिलते ही नागफनी पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने ट्वीट कर बताया कि पीड़िता की तहरीर पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आरोपी की पहचान की जा रही है।

# मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का किया दौरा

## पीड़ितों का जाना हाल, मदद का दिया भरोसा

महानगर संवाददाता
जालौन

उत्तर प्रदेश मे इन दिनों प्रकृति अपना क्रोध दिखा रही है। प्रदेश के कई जिले बाढ़ ग्रस्त हो गए हैं। वहीं सरकार बाढ़ के हालातों से निपटने के लिए पूरी तैयारी से काम कर रही है। प्रदेश सरकार के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह (Swatantra Dev Singh) ने रविवार को जालौन जिले के उरई में बाढ़ से प्रभावित इलाकों का दौरा किया. मंत्री ने पीड़ितों की स्थिति का जायजा लिया. मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर राहत और बचाव कार्यों की



समीक्षा की। सिंह रविवार को पुलिस लाइन मैदान में हेलीकॉप्टर से उतरे। उन्होंने डीएम राजेश कुमार पांडे और एसपी दुर्गेश कुमार के साथ बैठक कर बाढ़ की स्थिति पर निर्देश दिए कि प्रभावित लोगों को तत्काल राहत पहुँचाई जाए और उनके लिए सुरक्षित आश्रय स्थलों की व्यवस्था की जाए. बैठक के बाद, मंत्री ने डीएम और एसपी के साथ सबसे अधिक प्रभावित क्षेत्रों रामपुरा और कालपी का निरीक्षण किया।

### मंत्री ने सुनी बाढ़ पीड़ितों की समस्याएं

उन्होंने बाढ़ पीड़ितों से बातचीत कर उनकी समस्याएँ सुनीं और राहत सामग्री के वितरण का अवलोकन किया। मंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि बाढ़ प्रभावितों को भोजन, पेयजल और दवाइयों की पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। जलभराव वाले क्षेत्रों से लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जाए। नुकसान का आकलन कर मुआवजे का वितरण शीघ्र किया जाए। वहीं, रामपुरा के निवासियों ने बताया कि बाढ़ के कारण उनके घर और खेत डूब गए हैं।

# वसुंधरा के ग्रीन व्यू अपार्टमेंट की सीढ़ियां गिरी

## फ्लैट्स में फंसे कई परिवारों का किया गया रेस्क्यू



महानगर संवाददाता
गाजियाबाद

दिल्ली से सटे गाजियाबाद के वसुंधरा सेक्टर-17 की ग्रीन व्यू अपार्टमेंट रिहायशी सोसाइटी में उस वक्त अफरा-तफरी मच गई, जब अपार्टमेंट की मुख्य सीढ़ियां अचानक भरभराकर गिर गईं। यह हादसा सुबह करीब 4:30 बजे हुआ। दुर्घटना की खबर लगते हुए पुलिस-प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची, साथ ही राहत-बचाव कार्य शुरू किया। बताया गया कि, सीढ़ियां गिरने के बाद ऊपरी मंजिलों पर रहने वाले करीब आठ परिवार अपने फ्लैटों में फंस गए थे, जिन्हे करीब 2 बजे फायर की टीम ने रेस्क्यू किया। इनमें बुजुर्ग, महिलाएं और बच्चे भी शामिल रहे। सीढ़ी टूटने से नीचे आने-जाने का रास्ता पूरी तरह बंद हो गया। राहत की बात यह है कि इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ। वहीं हादसे की जानकारी मिलते ही प्रशासन और राहत टीमें मौके पर पहुंचीं। लोगों ने शिकायत की कि आवास विकास की टीम हादसे के करीब आठ घंटे बाद यानी दोपहर 12 बजे पहुंची।


### स्थानीय लोगों ने लगाया लापरवाही का आरोप

वहीं स्थानीय रहवासियों ने इस घटना के पीछे लापरवाही का आरोप लगाया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बिल्डिंग की सीढ़ियां पहले से ही जर्जर हालत में थीं, लेकिन समय रहते उनकी मरम्मत नहीं कराई गई। लोगों का यह भी कहना है कि इस हादसे के पीछे रखरखाव की भारी कमी और जिम्मेदार एजेंसियों की लापरवाही है। फिलहाल, दूसरी मंजिल पर एक घर के सामने ऊपर से मालवा और सीढ़ी का बड़ा ब्लॉक आकर गिर गया था, जिससे आना जाना शाम तक बाधित रहा। आवास विकास की टीम फिलहाल टेम्परारी, अस्थायी सीढ़ियाँ बनाने के लिए काम कर रही है जिन्होंने दूसरी मंजिल पर मौजूद एक परिवार का बाधित रास्ता भी कड़ी मशक्कत के बाद शाम करीब 6 बजे तक ठीक किया। राहत कार्य अब भी जारी है। सोसाइटी के लोगों ने मांग की है कि पूरी इमारत की सुरक्षा जांच कराई जाए, जर्जर हिस्सों की मरम्मत तुरंत कराई जाए।

# रक्षाबंधन पर योगी सरकार का बहनों को तोहफा

महानगर संवाददाता
लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि बाढ़ राहत कार्य में लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। सीएम ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि बाढ़ शरणालय में महिला सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था की जाए। वहीं बच्चों के लिए दूध उपलब्ध कराने और रेस्क्यू कार्य में छोटी-मझली नाव का प्रयोग न करने के सख्त हिदायत भी दी। वह रविवार को अपने सरकारी आवास पर बाढ़ग्रस्त इलाकों में राहत कार्य की समीक्षा कर रहे थे।
सीएम ने कहा कि क्षति ग्रस्त मकानों का तत्काल सर्वे कर प्रभावित लोगों को मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत आवास व जमीन का पट्टा उपलब्ध कराया जाए। बाढ़ प्रभावित इलाकों में जिन चीजों की आवश्यकता हो, उसके



लिए मुख्यमंत्री कार्यालय को तत्काल बताएं ताकि उन चीजों की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके। वाले बच्चों के लिए दूध की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। कोई भी व्यक्ति जर्जर भवन में न रहे, उसे बिना देर किये बाढ़ शरणालय में शिफ्ट किया जाए।
सीएम ने रक्षाबंधन के अवसर पर आगामी 8 अगस्त की सुबह से 10 अगस्त की रात्रि 12 बजे तक यूपीएसआरटीसी व नगरीय बस सेवा की बसों में माताओं-बहनों को निःशुल्क यात्रा की घोषणा करने के साथ पर्याप्त मात्रा में बसें संचालित करने को कहा। उन्होंने कहा कि आगामी 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका दिवस के अवसर पर तिरंगा यात्रा निकली जाए। स्कूल, कॉलेजों,डिग्री कॉलेजों व अन्य संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित करें। आगामी 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भव्य रूप से सभी जगह तिरंगा फहराया जाए तथा राष्ट्रगान गया जाए। हर घर तिरंगा अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि इस राष्ट्रीय अभियान से हर नागरिक को जुड़ना चाहिए।
विगत वर्षों में यूपी का प्रदर्शन सर्वश्रेष्ठ रहा है। इस वर्ष प्रदेश में 4.60 करोड़ तिरंगों को फहराया जाना है। आगामी 8 अगस्त तक तिरंगा बनाने का कार्य पूर्ण कर लिया जाए। 9 अगस्त से 12 अगस्त तक तिरंगा यात्रा, तिरंगा महोत्सव व मेला का आयोजन हो।

# भारी बारिश के चलते एक से 12 तक के स्कूलों में अवकाश

**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ सहित अन्य जिलों में रविवार से हो रही भारी बारिश के चलते एक से लेकर 12वीं तक के सभी बोर्ड के स्कूलों में छुट्टी घोषित कर दी गई है। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश पांडेय के द्वारा यह अवकाश घोषित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा है कि जो बच्चे स्कूल के लिए रवाना कर दिए गए हैं उन्हें वापस बुला लिया जाए। आदेश के देर से आने से कई स्कूलों के बच्चे रवाना हो गए थे। मालूम हो कि लखनऊ में बारिश रविवार से लगातार हो रही थी। लखनऊ के अलावा रायबरेली, अमेठी, सुल्तानपुर, बहराइच और अंबेडकर नगर में भी अवकाश घोषित किया गया है। डीएम के द्वारा जारी पत्र में कहा गया है कि इस आदेश का कड़ाई से अनुपालन कराया जाए। यूपी में मानसून पूरी तरह से प्रभावी है। आज के लिए प्रदेश के तराई और आगरा मंडल के 15 जिलों में भारी



बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। वहीं 31 अन्य जिलों में भारी बारिश का यलो अलर्ट है और 64 जिलों में गरज चमक के साथ आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई गई है। मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया कि मानसूनी ट्रफ लाइन अभी भी प्रदेश के तराई इलाकों की ओर है।

# पारिवारिक कलह में पिता ने दो बच्चों के साथ गंगा में लगाई छलांग

महानगर संवाददाता
वाराणसी

जिले के चिरईगांव चौबेपुर थाना क्षेत्र के चांदपुर गांव में सोमवार को एक चौंकाने वाला मामला सामने आया। पारिवारिक कलह के चलते चांदपुर निवासी दुर्गा सोनकर (30) ने अपने दो मासूम बेटों के साथ रिंग रोड स्थित भवनपुरा पुल से गंगा नदी में छलांग लगा दी। घटना सोमवार दोपहर करीब 12 बजे की है। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने तत्काल सूचना पुलिस और परिजनों को दी। घटना के दो घंटे बाद तक एनडीआरएफ की टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। उधर, दोपहर 1:50 बजे दुर्गा सोनकर को मुस्तफाबाद रेता के सामने गंगा में बहता हुआ देखा गया। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए



उसे बाहर निकाला और निजी अस्पताल में भर्ती कराया। हालांकि, दुर्गा सोनकर के दोनों पुत्र संदीप (07) और आशीष (05) लापता हैं। उनकी तलाश की जा रही है। बच्चों की तलाश में स्थानीय गोताखोरों के साथ-साथ प्रशासनिक मदद भी ली जा रही है, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली है। घटना की जानकारी मिलते ही पूर्व सांसद रामकिशुन यादव मौके पर पहुंचे।

# आधी रात को घर में सो रही महिला को दबोच ले गया तेंदुआ

**लखीमपुर खीरी।** लखीमपुर खीरी के सदर कोतवाली क्षेत्र में शीतलापुर गांव के मजरा मैनी पुरवा में घर की गैलरी में सो रही बुजुर्ग महिला को तेंदुआ दबोच ले गया। घटना रविवार रात की है। सोमवार सुबह गन्ने के खेत में महिला का अधखाया शव मिला। सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। महिला की मौत से उसके परिवार में कोहराम मचा है। ग्रामीणों में दहशत है। कोतवाली सदर के शीतलापुर गांव के मजरा मैनीपुरवा निवासी सोमवती (65 वर्ष) पत्नी स्वर्गीय रामपाल रविवार रात मकान की गैलरी में तख्त पर सो रही थीं। परिजनों ने बताया कि रात करीब दो बजे घर के पास स्थित गन्ने के खेत से तेंदुआ निकल कर घर में घुस आया और तख्त पर सो रही सोमवती को गन्ने के खेत में खींच ले गया। महिला के चीखने पर परिजनों की आंख खुली। शोर मचाते हुए गन्ने के खेत की तरफ भागे। शोर सुनकर तमाम ग्रामीण इकट्ठा हो गए। अंधेरा होने के कारण महिला का कुछ पता नहीं चल सका। सोमवार की सुबह गन्ने के खेत से महिला का अधखाया शव बरामद हुआ।

# ट्रांसजेंडर को ताना न मारें, उन्हें शिक्षित बनाएं : राज्यपाल



महानगर संवाददाता
अयोध्या

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कहा कि ट्रांसजेंडर बच्चों को जन्म भगवान की देन हैं। ऐसे बच्चों को सड़क पर न छोड़ें ताना न मारें, बल्कि उन्हें शिक्षित बनाएं। उन्होंने कहा कि ट्रांसजेंडर समाज और देश का भविष्य हैं। इसलिए उन्हें ताना न मारकर अच्छी शिक्षा देने के लिए कदम बढ़ाएं। यह बातें राज्यपाल में अवध विवि के स्वामी विवेकानंद सभागार में अयोध्या कॉन्क्लेव में कही। उन्होंने जिला प्रशासन व समाजसेवी संस्थाओं का आह्वान किया कि ट्रांसजेंडर को समाज में सम्मान के लिए बस्ती जिले की तर्ज पर ट्रांसजेंडर पाठशाला शुरू करें। उन्होंने बताया कि बस्ती जिला प्रशासन के प्रयास से 51 ट्रांसजेंडर को रोजगार मिला है। उन्होंने बताया कि गुजरात के लोग अब ट्रांसजेंडर को अपनाने के लिए आगे आ रहे हैं। उन्होंने बताया कि भारत सरकार की ओर से ट्रांसजेंडर को सशक्त बनाने के लिए अलग फंड का प्रावधान किया है और समाज कल्याण विभाग की ओर से योजना चलाई जा रही है। उन्होंने कहा कि काशी, बस्ती और लखनऊ में ट्रांसजेंडर के उत्थान के लिए समिति गठित की गई है और आगे बढ़ाने के लिए चर्चा की जाएगी।

# सावन के चौथे सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

महानगर संवाददाता
वाराणसी

सावन के अंतिम सोमवार को शिवालियों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। विशेष दिन के अवसर पर भक्तों ने बेलपत्र, धतूरा और पुष्प अर्पित कर जलाभिषेक और दुग्ध अभिषेक किया। सावन के चौथे और अंतिम सोमवार पर बाबा विश्वनाथ धाम में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी है। वहीं सावन के अंतिम सोमवार पर काशीपुराधिपति की नगरी में गजब का उत्साह देखने को मिल रहा है। चारों तरफ हर-हर महादेव और बोल बम के जयघोष से काशी गुंज रही है। बाबा विश्वनाथ के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की अटूट



कतार लगी है। काशी विश्वनाथ मंदिर, चौक, ज्ञानवापी, मैदागिन आदि मार्गों पर शिवभक्तों का रेला उमड़ पड़ा है। सावन के अंतिम सोमवार को बाबा विश्वनाथ का रुद्राक्ष शृंगार किया गया। भक्त बाबा के रुद्राक्ष से सजे हुए स्वरूप का दर्शन कर प्रसन्न हो उठे। बता दें कि अंतिम सोमवार को बाबा विश्वनाथ को जल अर्पित करने के लिए श्रद्धालुओं की कतार रविवार की शाम से ही बैरिकेडिंग में लग गई थी। बाबा विश्वनाथ धाम में भक्तों पर पुष्पवर्षा कर उनका स्वागत किया गया।

# खड़े ट्रक से टकराई डीसीएम, दौ की मौत

**बाराबंकी।** जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर हुए सड़क हादसे में युवती और डीसीएम के खलासी की मौत हो गई। जबकि, चालक गंभीर रूप से घायल है। मृतक खलासी इटावा का रहने वाला है। पहला हादसा हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के किमी संख्या 41.900 पर सोमवार की सुबह हुआ। यहां सोनीपत से पटना जा रही डीसीएम का पिछला पहिया निकल गया। इससे वाहन अनियंत्रित होकर ब्रेकडाउन में खड़े एक ट्रक से टकरा गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि डीसीएम चालक राजकुमार और खलासी अनिल कुमार गाड़ी में फंस गए। यूपीआईडीए सुरक्षा दल और पुलिस की मदद से दोनों को बाहर निकालकर सीएचसी, हैदरगढ़ भेजा गया। वहां डॉक्टरों ने जांच के बाद अनिल को मृत घोषित कर दिया।

# मौलाना की शर्मनाक हरकत, साले से कुकर्म का लगा आरोप

महानगर संवाददाता
हापुड़

उत्तर प्रदेश के जनपद हापुड़ से एक मौलाना की हैरान कर देने वाली दरिंदगी की घटना सामने आई है। यहां मौलाना मदरसे में पढ़ने वाले अपने ही 13 साल के साले को अपनी हवस का शिकार बना रहा था और उसके साथ कुकर्म की वारदात को अंजाम दे रहा था। लेकिन अचानक संदिग्ध परिस्थिति में जैसे ही किशोर की मौत हुई, तो परिजनों को रिश्तेदार मौलाना पर शक हुआ। परिजनों ने शक के आधार पर जब मृतक बच्चे का पोस्टमार्टम उसका शव कब्र से निकलवाकर कराया, तो मासूम के साथ दरिंदगी किये जाने की खौफनाक सच्चाई सामने आ गई। आरोपी मौलाना न सिर्फ किशोर के




साथ कुकर्म की वारदात को अंजाम देता था, बल्कि उसके साथ बेरहमी से मारपीट भी किया करता था।

### पुलिस ने आरोपी मौलाना को किया गिरफ्तार

अब पुलिस ने आरोपी मौलाना को गिरफ्तार कर लिया है और उसे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है.
गौरतलब है कि हापुड़ के हाफिजपुर थाना क्षेत्रान्तर्गत एक गांव में 9 जुलाई को 13 वर्षीय किशोर की मौत हुई थी. बताया जा रहा है कि गाजियाबाद मसूरी का रहने वाला किशोर अपने जीजा मौलाना शहजाद पुत्र हनीफ निवासी ग्राम गौसपुर, थाना सिंघावली अहीर, बागपत व वर्तमान निवासी इमाम नूर मस्जिद ग्राम उबारपुर, थाना हाफिजपुर, हापुड़ के पास रहता था और यही मदरसे में रहकर पढ़ाई करता था. किशोर की मौत होने के बाद मौलाना उसे अपने 15-20 अन्य साथियों के साथ एंबुलेंस लेकर गाजियाबाद पहुंचा।

### मृतक के भाई ने डीएम से लगाई जांच की गुहार

मृतक के भाई की ओर से इस पूरे मामले की जांच कराने के लिए पुलिस और डीएम से शिकायत की गई. शिकायत के बाद डीएम ने मृतक बच्चे का शव कब्र से निकलवाकर पोस्टमार्टम कराने की संस्तुति की. बीती 22 जुलाई को शव कब्र से निकाला गया और उसका पोस्टमार्टम हुआ.

# 'प्राइवेट स्कूल मालिकों के फायदे के लिए भाजपा लाई फीस बिल'

## आतिशी ने आरोप लगा बताई इसकी खामियां

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

आम आदमी पार्टी का कहना है कि दिल्ली सरकार द्वारा प्राइवेट स्कूलों की फीस नियंत्रित करने के लिए जो बिल विधानसभा में पेश किया जा रहा है वह पूरी फर्जी है और उसका मकसद सिर्फ निजी स्कूलों को फायदा पहुंचाना है। इस बारे में विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की जिसमें उन्होंने बिल को लेकर अपनी आपत्तियां दर्ज कराईं। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार का यह स्कूल फीस बिल बिना अभिभावकों की राय और बिना पारदर्शिता के सिर्फ प्राइवेट स्कूलों की कमाई बढ़ाने के लिए लाया जा रहा है, और आम आदमी पार्टी इसे दिल्ली के बच्चों और उनके अभिभावकों के हक में बनवाना चाहती है। वर्तमान बिल को लेकर उन्होंने कहा कि यह बिल फिलहाल जिस रूप में है, उसका मकसद सिर्फ प्राइवेट स्कूलों को फायदा पहुंचाना है। इसके साथ ही मौजूदा बिल को लेकर आम आदमी पार्टी ने स्पष्ट रूप से दो मांगे की। जिनमें से पहली मांग में उसने कहा कि स्कूल फीस बिल को विधानसभा




की सिलेक्ट कमेटी को भेजा जाए, ताकि दिल्ली के अभिभावकों, छात्रों और विशेषज्ञों से राय ली जा सके। वहीं दूसरी मांग में उसने कहा कि सभी स्कूलों की फिस को 2024-25 के स्तर पर स्थिर किया जाए, ताकि आने वाले समय में कोई स्कूल मनमानी ना कर सके। नेता विपक्ष आतिशी ने कहा, 'जो दिल्ली विधानसभा में टेबल किया जाएगा, जो विधायकों को दो दिन पहले दिया गया है, दिल्ली स्कूल एजुकेशन ट्रांसपेरेंसी फिक्सेशन एंड रेगुलेशन ऑफ फीस बिल 2025 ये बिल सिर्फ और सिर्फ प्राइवेट स्कूल्स की फीस बढ़ सके, प्राइवेट स्कूल के मालिकों के हित में बनाया गया बिल है। जो आज दिल्ली विधानसभा में पेश हो रहा है। साल 2025-26 में प्राइवेट स्कूलों ने जो बेधड़क फीस बढ़ाई है, उस फीस को कंट्रोल करने का बिल में कोई प्रावधान नहीं है। इस बिल में साफ-साफ लिखा है कि 15 जुलाई तक लेटेस्ट कमेटी बननी होगी। आज 4 अगस्त को यह पेश हो रहा है, इस पर बहस होगी, ये पास होगा, ये केंद्र सरकार के पास जाएगा, ये गजट में आएगा, तो जो तय तारीख है वह तो यूं ही पास हो जाएगी। फिर कहा जाएगा कि इस साल की तारीख तो पार हो गई, अगले साल से देखेंगे। इसका मतलब जो इस साल की बढ़ी हुई बेतहाशा बढ़ी हुई फीस पर कोई भी लगाम नहीं लगेगी।' आतिशी ने आगे कहा, 'एक और बात कि इस 13 पन्ने के बिल में कहीं पर भी प्राइवेट स्कूलों के खातों को ऑडिट करने का प्रावधान नहीं है, यानी प्राइवेट स्कूल मनगढ़ंत फीस बढ़ा सकते हैं, कह सकते हैं हमने इस चीज पर खर्चा किया, उस चीज पर खर्चा किया।



# PM मोदी छह अगस्त को करेंगे कर्तव्य भवन का उद्घाटन

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी छह अगस्त को सेंट्रल विस्टा की नई बिल्डिंग 'कर्तव्य भवन' का उद्घाटन करेंगे। यह भवन सरकारी कामकाजों के लिए बनाया गया है। इसमें केंद्रीय गृह मंत्रालय, कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग जैसे कई सरकारी ऑफिस होंगे। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, पीएम मोदी छह अगस्त की शाम छह बजे सेंट्रल विस्टा की बिल्डिंग में बने कर्तव्य भवन का उद्घाटन कर सकते हैं। सेंट्रल विस्टा एक बड़ी परियोजना है। इसके तहत भारत का पावर कॉरिडोर बनाया जा रहा है। इसमें नया संसद भवन, एक कॉमन सेंट्रल सेक्रेटेरिएट और राष्ट्रपति भवन से इंडिया गेट तक का तीन किलोमीटर का लंबा कर्तव्य पथ (पहले राजपथ) शामिल है। इस प्रोजेक्ट के 2026 तक पूरा होने की उम्मीद है।

फिलहाल सेंट्रल विस्टा प्रोजेक्ट की कई नई बिल्डिंग बन रही हैं। इनमें से एक 'कर्तव्य भवन' है। जो कि सरकारी कामकाजों के लिए बनाया गया है। इसमें गृह मंत्रालय समेत कई सरकारी कार्यालय होंगे। वहीं सेंट्रल विस्टा का मकसद सरकारी कामकाज को बेहतर बनाना है।

# लोकसभा में अभिषेक बनर्जी होंगे TMC के नए नेता

## सुदीप बंदोपाध्याय की जगह लेंगे



महानगर नेटवर्क

कोलकाता

तृणमूल कांग्रेस ने सोमवार को अपने राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी को लोकसभा में अपनी पार्टी का नया नेता नियुक्त किया है। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, अभिषेक बनर्जी ने अनुभवी सांसद सुदीप बंदोपाध्याय की जगह ली है, जो अस्वस्थ हैं। सुदीप बंदोपाध्याय को स्वास्थ्य कारणों से इस जिम्मेदारी से मुक्त किया गया है।

डायमंड हार्बर से तीन बार के सांसद अभिषेक बनर्जी, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के भतीजे हैं। यह फैसला पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी की अध्यक्षता में हुई टीएमसी सांसदों की एक वर्चुअल बैठक में लिया गया, जिसमें लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों के सांसद शामिल थे। 29 लोकसभा सीटों के साथ टीएमसी विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन का एक प्रमुख हिस्सा है।

अभिषेक बनर्जी 2014 से पश्चिम बंगाल के डायमंड हार्बर लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से संसद सदस्य हैं। वह 2011 से अखिल भारतीय तृणमूल युवा कांग्रेस के अध्यक्ष रहे हैं। उन्हें टीएमसी में ममता बनर्जी के बाद सबसे पावरफुल नेताओं में से एक माना जाता है। अभिषेक बनर्जी का जन्म 7 नवंबर 1987 को हुआ था। उन्होंने कोलकाता के नव नालंदा हाई स्कूल और एम.पी. बिड़ला फाउंडेशन हायर सेकेंडरी स्कूल से पढ़ाई की। उन्होंने इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ प्लानिंग एंड मैनेजमेंट से बीबीए और एमबीए की डिग्री ली है। उनकी शादी एक थाई नागरिक रुजिरा बनर्जी से हुई है।

## ट्रंप के बयान पर बोले शशि थरूर

# 'उन्हें गंभीरता से लेने की जरूरत'



• यह अपमान करने के लिए है

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

कांग्रेस के लोकसभा सांसद शशि थरूर ने रविवार को कहा कि व्हाइट हाउस में डोनाल्ड ट्रंप का राष्ट्रपति पद एक अप्रत्याशित वैश्विक माहौल बना रहा है। उन्होंने कहा कि हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति के बयानों को हमेशा शाब्दिक रूप से नहीं लिया जाना चाहिए लेकिन उन्हें गंभीरता से लिया जाना चाहिए।

पुणे में एक कार्यक्रम में थरूर ने कहा, "ट्रंप के मामले में, आप उन्हें शाब्दिक रूप से नहीं ले सकते लेकिन आपको उन्हें गंभीरता से लेने की ज़रूरत है। वह अमेरिका के राष्ट्रपति हैं और उनके द्वारा लिए गए फैसले नीतियों को प्रभावित कर सकते हैं और नीतियां हमें प्रभावित करती हैं।"कांग्रेस नेता ने आगे कहा, "उन्हें गंभीरता से लें लेकिन उनकी हर बात को शाब्दिक रूप से न लें। उनका यह कहना कि भारत की अर्थव्यवस्था मर चुकी है वैसा ही है जैसे कोई स्कूली बच्चा खेल के मैदान में कहे, 'तुम्हारी मां बदसूरत है'। यह अपमान करने के लिए है, गंभीरता से लेने के लिए नहीं।"

शशि थरूर पिछले हफ़्ते ट्रंप की उस टिप्पणी का ज़िक्र कर रहे थे जिसमें उन्होंने भारत से आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ़ लगाने और रूस से सैन्य उपकरण और ऊर्जा ख़रीदने पर जुर्माना लगाने की घोषणा की थी। डोनाल्ड ट्रंप ने भारत और रूस पर निशाना साधते हुए कहा था कि दोनों मिलकर अपनी डेड इकॉनोमी को नीचे गिरा सकते हैं।" बदलती अंतरराष्ट्रीय राजनीति के बारे में एक सवाल का जवाब देते हुए, थरूर ने कहा, "यह एक अशांत दुनिया है और खासकर व्हाइट हाउस में ट्रंप के आने से, यह एक अप्रत्याशित दुनिया है।

# लोकसभा में बिहार वोटर लिस्ट रिवीजन पर नहीं थम रहा हंगामा

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

लोकसभा में सोमवार को फिर से बिहार वोटर लिस्ट रिवीजन पर जोरदार हंगामा हुआ, हंगामे की वजह से पहले लोकसभा की कार्यवाही 2 बजे तक स्थगित की गई। इसके बाद सदन जब दोबारा शुरू हुआ तो भी हंगामा नहीं रुका हालांकि जगदंबिका पाल ने माहौल को शांत करने की कोशिश की लेकिन उनसे भी बात नहीं बनी और विपक्षियों का हंगामा जारी रहा। नतीजतन आज सुबह 11 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई। इससे पहले वहीं राज्यसभा की कार्यवाही को झारखंड के पूर्व सीएम शिबू सोरेन के निधन की वजह से आज तक के लिए स्थगित कर दिया गया था। सूत्रों के मुताबिक लोकसभा में हंगामे के बीच सरकार बिल पारित कराने की तैयारी में है। अध्यक्ष ओम बिरला ने विपक्ष को स्पष्ट किया है कि सदन की कार्यवाही शुरू होगी और प्रस्तावित विधेयकों पर चर्चा की जाएगी। यदि विपक्ष SIR मुद्दे पर हंगामा जारी रखता है, तो भी सरकार बिलों को पारित कराने की प्रक्रिया आगे बढ़ा सकती है।



### विपक्षी सांसदों पर भड़के जगदंबिका

लोकसभा की कार्यवाही जैसे ही 2 बजे शुरू हुई वैसे ही जोरदार हंगामा होने लगा। हालांकि जगदंबिका पाल ने विपक्षी सांसदों को शांत कराने की कोशिश की लेकिन फिर भी बात नहीं बनी। जगदंबिका पाल ने थोड़े से सख्त लहजे में विपक्षी सांसदों से कहा कि बेहद जरूरी बिल पास होने हैं, जनता ने यहां आपको भेजा है कानून बनाने के लिए, लेकिन तीसरा हफ्ता है कोई बिल पारित नहीं हो पाया।

# झूठा नैरेटिव फैला रही कांग्रेस

## राहुल को सुप्रीम कोर्ट से फटकार के बाद बोले किरेन रिजिजू

**नई दिल्ली।** लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के चीन और भारतीय सेना को लेकर दिए बयान पर सोमवार को सर्वोच्च न्यायालय ने फटकार लगाई। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कांग्रेस और 'लेफ्ट इकोसिस्टम' के लोगों पर झूठे नैरेटिव फैलाने का आरोप लगाया। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर संसद में दिए अपने वक्तव्य की एक वीडियो क्लिप शेयर की। वीडियो में वे स्पष्ट बताते हुए दिख रहे हैं कि 1962 के बाद से चीन ने भारत की एक इंच भी जमीन नहीं कब्जाई है। केंद्रीय मंत्री वीडियो शेयर करते हुए एक्स पर लिखा, 'सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी को उनके गैर-जिम्मेदाराना दावे के लिए फटकार लगाई कि चीन ने भारतीय जमीन पर कब्जा कर लिया है। सुप्रीम कोर्ट ने



कहा कि आपको कैसे पता कि 2000 वर्ग किलोमीटर भारतीय जमीन पर चीनियों ने कब्जा कर लिया है? एक सच्चा भारतीय ऐसा नहीं कहेगा।' रिजिजू ने आगे लिखा कि भारत की सीमाओं के संबंध में कांग्रेस और लेफ्ट इकोसिस्टम के झूठे नैरेटिव के कारण कोई भ्रम नहीं होना चाहिए। 1962 के बाद, अरुणाचल प्रदेश में एक इंच जमीन चीन ने नहीं ली है। केंद्रीय मंत्री ने संसद में दिए अपने भाषण की क्लिप शेयर की। इसमें वे बोल रहे हैं कि जिस प्रदेश (अरुणाचल प्रदेश) से मैं आता हूं, वहां पर चीन कितने अंदर घुसकर और कब्जा किए हुए बैठा है, इस पर मैं साफ करना चाहता हूं कि जब 10 अक्टूबर, 1962 में चीन का आक्रमण हुआ, उस समय उनकी आर्मी असम के मिसामारी तक पहुंची। फिर सीजफायर के बाद 21 नवंबर को वे सभी वापस चले गए। किरेन रिजिजू ने बताया कि चीन ने जिस जगह पर कब्जा करके रखा हुआ है, वह लोंगजू है। 1959 में जब हमारी असम राइफल का वहां पर कैंप था, उस समय किया था। चीन ने इसके अतिरिक्त थोड़ा सा और 1962 में लिया। 1962 के बाद से देश में कई सरकारें आईं, लेकिन इस दौरान चीन ने हमारी एक इंच भी जमीन नहीं ली। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 'भारत जोड़ो यात्रा' के दौरान भारतीय सेना के बारे में कथित अपमानजनक टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ अधीनस्थ अदालत में कार्यवाही पर रोक लगा दी।

# स्कॉटलैंड में भीषण तूफान 'फ्लोरिस' की आहट

## ट्रेन सेवाएं रद्द, कार्यक्रम स्थगित

**लंदन।** स्कॉटलैंड में दुर्लभ ग्रीष्मकालीन तूफान 'फ्लोरिस' के चलते प्रशासन ने ट्रेन सेवाएं रद्द कर दी हैं, पार्क बंद कर दिए गए हैं और लोगों को घरों में सतर्कता बरतने की सलाह दी गई है। ब्रिटेन के मौसम विभाग ने स्कॉटलैंड के लिए 'एम्बर' स्तर की चेतावनी जारी की है, जिसका अर्थ है कि तेज हवाओं और भारी बारिश के चलते जीवन और संपत्ति को गंभीर खतरा हो सकता है, विशेषकर तटीय इलाकों में



जहां बड़ी लहरें उठ सकती हैं।

मौसम विभाग के अनुसार, तूफान की वजह से हवा की गति 137 किलोमीटर प्रति घंटे तक पहुंच सकती है। यह तूफान ऐसे समय आया है जब स्कॉटलैंड में पर्यटकों की भारी भीड़ रहती है। राजधानी एडिनबरा में जारी विश्व प्रसिद्ध 'एडिनबरा फ्रिंज फेस्टिवल' और अन्य सांस्कृतिक आयोजनों में हजारों लोग भाग ले रहे हैं। शहर के प्रमुख पर्यटन आकर्षणों में से एक 'एडिनबरा मिलिट्री टैटू' ने सोमवार को एडिनबरा कैसल में होने वाला बैगपाइपर और ड्रमवादकों की प्रस्तुति रद्द कर दी है। स्कॉटलैंड में कई ट्रेन सेवाएं और कुछ नौका सेवाएं रद्द कर दी गई हैं। मौसम विभाग के अनुसार, यह तूफान उत्तरी आयरलैंड, वेल्स और उत्तरी इंग्लैंड के कुछ हिस्सों को भी प्रभावित कर सकता है। स्कॉटलैंड सरकार की मंत्री एंजेला कॉन्स्टेंस ने लोगों से यात्रा के दौरान सावधानी बरतने की अपील करते हुए कहा, ''इस स्थिति को गर्मियों की बजाय सर्दियों की स्थिति की तरह देखें।

# भारत की ग्रीन वर्कफोर्स को मिलेगा नया संबल

## भारत के नेट-ज़ीरो उत्सर्जन को बढ़ावा देने के लिए सर्टिफिकेट कोर्स शुरू

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी AACSB-मान्यता प्राप्त बिजनेस स्कूलों में से एक बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट टेक्नोलॉजी (BIMTECH) ने नेट-ज़ीरो और कार्बन ईकोसिस्टम्स पर आधारित एक सर्टिफिकेट प्रोग्राम की घोषणा की है। यह कार्यक्रम 23-24 अगस्त 2025 को आयोजित किया जाएगा और इसे इड्रोकार्बन सेक्टर स्किल काउंसिल (HSSC) के साथ मिलकर डिज़ाइन किया गया है। आवेदन की अंतिम तिथि 16 अगस्त 2025 है। यह प्रोग्राम मिड-लेवल प्रोफेशनल्स, प्रारंभिक करियर शोधकर्ताओं और ESG एवं सस्टेनेबिलिटी क्षेत्र के पेशेवरों के लिए आदर्श है। कोर्स में हैंड्स-ऑन



लर्निंग, न्यूमेरिकल एक्सरसाइज़, नेटवर्किंग अवसर और उद्योग विशेषज्ञों के साथ इंटरैक्टिव सेशंस शामिल होंगे।

# जेल में नहीं रहेंगे, शोध करेंगे!

## वैक्सीन साइंटिस्ट को उत्तराखंड HC से बड़ी राहत, सजा पर लगी रोक

महानगर नेटवर्क

नैनीताल

उत्तराखंड हाई कोर्ट ने एक वैक्सीन वैज्ञानिक आकाश यादव को बड़ी राहत दी है, जिन्हें अपनी पत्नी को आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी पाया गया था। कोर्ट ने उनकी दोषसिद्धि और पांच साल की जेल की सजा पर रोक लगा दी है। भारतीय प्रोद्यौगिकी संस्थान (IIT) खड़गपुर से पीएचडी (Ph.D.) की उपाधि प्राप्त आकाश यादव को राहत देते हुए न्यायमूर्ति रविंद्र मैठाणी की एकलपीठ ने कहा कि वैज्ञानिक की दोषसिद्धि को व्यापक जनहित में स्थगित किया गया है।




अदालत ने पाया कि वैज्ञानिक आकाश यादव वैक्सीन के शोध और विकास में सक्रिय रूप से लगे हुए हैं और सजा के कारण उनका काम रुक गया है। कोर्ट ने अपने आदेश में यह भी कहा कि उनका शोध व्यापक रूप से समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। आकाश यादव पर उनकी पत्नी की मृत्यु के बाद दहेज निषेध अधिनियम के तहत आरोप लगाया गया था। उधमसिंह नगर जिले के रुद्रपुर की एक अदालत ने उन्हें दहेज के आरोपों से बरी कर दिया, लेकिन आत्महत्या के लिए उकसाने का दोषी पाया और पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई।

आकाश यादव ने इस फैसले के खिलाफ हाई कोर्ट में अपील दायर की। पहले, कोर्ट ने उन्हें जमानत दी थी और उनकी अपील लंबित रहने तक सजा के क्रियान्वयन पर रोक लगा दी थी। बाद में, यादव ने अपनी दोषसिद्धि पर भी रोक लगाने की अपील की और तर्क दिया कि वैक्सीन के विकास का महत्वपूर्ण काम जारी रखना उनके लिए आवश्यक है। अदालत ने दोषसिद्धि के निलंबन और सजा के क्रियान्वयन से संबंधित विभिन्न कानूनी मिसालों का हवाला देते हुए यह आदेश दिया।

# बाबा बागेश्वर पर आपत्तिजनक टिप्पणी

• लखनऊ के प्रोफेसर पर हुई FIR

**छतरपुर।** मध्य प्रदेश के छतरपुर स्थित बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पंडित धीरेन्द्र शास्त्री पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले लखनऊ विवि के प्रोफेसर पर मामला दर्ज हो गया है।

आरोपी का नाम डॉ. रविकांत चंदन है, जो कि वहां पर हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर हैं। चंदन पर छतरपुर की बमीठा थाना पुलिस ने हिन्दू धर्म के अनुयायियों की शिकायत पर मामला दर्ज किया। पुलिस ने प्रोफेसर के खिलाफ यह FIR अपनी पोस्ट के जरिए सनातन धर्म के



अनुयायियों की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और समाज में वैमनस्यता को बढ़ावा देने के आरोप में दर्ज की है। प्रोफेसर पर आरोप है कि उन्होंने बाबा बागेश्वर के खिलाफ सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर आपत्तिजनक टिप्पणी करते हुए उन पर महिला तस्करी करने का आरोप लगाया था। अपनी इस पोस्ट में आरोपी प्रोफेसर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी विवादित टिप्पणी की थी।

## न बैडमिंटन, न बास्केटबॉल

# दिल्ली के इस पार्क में SC ने खेलने पर लगा दी रोक

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

दिल्ली की डिफेंस कॉलोनी इलाके में लोदी-युग के स्मारक शेख अली की गुमटी के अंदर बैडमिंटन या बास्केटबॉल खेलने पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। शीर्ष अदालत ने पहले शेख अली की गुमटी को कानून के तहत एक संरक्षित स्मारक घोषित करने के लिए एक नई अधिसूचना जारी करने का निर्देश दिया था। जस्टिस सुधांशु धूलिया और अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने अधिकारियों को इस क्षेत्र में किसी भी व्यावसायिक गतिविधि,



जिसमें कियोस्क या दुकानें शामिल हैं,के खिलाफ भी निर्देश दिया। शीर्ष अदालत को यह भी आश्वासन दिया गया कि चार हिस्सों वाले इस पार्क का रखरखाव और सौंदर्यीकरण किया जाएगा ताकि यह अपनी प्राकृतिक सुंदरता बनाए रख सके और इसे आम जनता के लाभ के लिए इस्तेमाल किया जा सके।

पीठ के 31 जुलाई के आदेश में कहा गया था कि इसका उपयोग किसी अन्य उद्देश्य के लिए न किया जाए और क्षेत्र की सीमाओं को देखते हुए बैडमिंटन कोर्ट,बास्केटबॉल कोर्ट आदि के निर्माण जैसी कोई गतिविधि न की जाए। शीर्ष अदालत ने आगे कोर्ट कमिश्नर को पार्क के रखरखाव और सौंदर्यीकरण के लिए बागवानी विभाग सहित संबंधित विभाग के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। इस मामले को 28 अगस्त के लिए सूचीबद्ध किया गया था।

# लोकसभा में टीएमसी सांसद पर भड़के जगदंबिका पाल

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

विपक्ष के जोरदार हंगामे के चलते एक बार फिर से लोकसभा की कार्यवाही 5 अगस्त सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। लोकसभा में स्पोर्ट्स गवर्नेंस बिल 2025 पर आज चर्चा होनी थी लेकिन विपक्ष के जोरदार हंगामे के चलते सदन की कार्यवाही आगे नहीं बढ़ सकी। इस बीच लोकसभा पीठासीन जगदंबिका पाल टीएमसी सांसद कल्याण बनर्जी पर भड़क गए और तीखे सवाल कर दिए। उन्होंने कल्याण बनर्जी से कहा कि आप इस सदन में किस लिए चुनकर आए हैं, आपको जनता ने बहस करने के लिए भेजा है, यह आपकी जिम्मेदारी है कि आप बहस में भाग लीजिए। सदन ऐसे



नहीं चलेगा। संसदीय कार्य मंत्री की अपील आप नहीं मान रहे हैं। स्पोर्ट्स मिनिस्टर की अपील आप नहीं मान रहे हैं। आप देश के लाखों खिलाड़ियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। ऐसे क्या चर्चा संभव है? कृपया मैं फिर अपील करता हूं। लेकिन पीठासीन की अपील काम नहीं आई और लोकसभा की कार्यवाही स्थगित करनी पड़ी। दरअसल, कल्याण बनर्जी उस समय अपने सीट से उठकर आगे आ गए और जोरदार नारेबाजी करने लगे।

## अनुवाद फेलोशिप के लिए आवेदन आमंत्रित

# 10 भारतीय भाषाओं से चयनित प्रतिभाओं को मिलेगा 6 लाख रुपए का अनुदान

महानगर नेटवर्क

नई दिल्ली

न्यू इंडिया फाउंडेशन ने 2025 सत्र के लिए अपनी ट्रांसलेशन फेलोशिप के तीसरे चरण की घोषणा कर दी है। इसके तहत देशभर के अनुवादकों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन 1 अगस्त 2025 से शुरू होंगे और 31 दिसंबर 2025 तक स्वीकार किए जाएंगे। यह फेलोशिप भारत की समृद्ध बौद्धिक विरासत तक सबकी पहुंच सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है, क्योंकि इसका बड़ा हिस्सा आज भी क्षेत्रीय भाषाओं तक सीमित है। न्यू इंडिया फाउंडेशन (एनआईएफ) ट्रांसलेशन फेलोशिप्स के माध्यम से देश की प्रमुख भारतीय भाषाओं से अंग्रेज़ी में महत्वपूर्ण नॉन-फिक्शन कृतियों का अनुवाद कराया जाता है, ताकि भारत की भाषाई विविधता को देश-विदेश के व्यापक पाठक वर्ग तक पहुंचाया जा सके। चयनित अनुवादकों को छह महीने की अवधि के लिए 6 लाख रुपए की फेलोशिप दी जाएगी, ताकि वे असमिया, बांग्ला, गुजराती, हिंदी, कन्नड़, मराठी, मलयालम, उड़िया, तमिल या उर्दू—इन दस भारतीय भाषाओं में से किसी एक में लिखी गई मूल नॉन-फिक्शन कृति का अंग्रेज़ी में अनुवाद कर सकें। वर्ष के अंत तक उनसे उम्मीद की जाती है कि वे अपने प्रस्ताव पर आधारित पूर्ण अनुवादित रचना को प्रकाशित करें।

इस पहल पर बात करते हुए न्यू इंडिया फाउंडेशन के ट्रस्टी श्रीनाथ राघवन ने कहा, "भारत का इतिहास सिर्फ स्मारकों या संग्रहालयों में नहीं, बल्कि उन पुस्तकों में भी जीवित है, जो देश की अनेक भाषाओं में लिखी गई हैं। इन कृतियों में विचारकों, समाज सुधारकों, यात्रियों और आम नागरिकों की आवाज़ें दर्ज हैं—जिन्होंने राष्ट्र को देखने और समझने का नजरिया गढ़ा है। दुर्भाग्यवश, इन ग्रंथों को आज भी बहुत कम लोग पढ़ पाए हैं क्योंकि इनका अनुवाद अब तक नहीं हुआ। ट्रांसलेशन फेलोशिप के ज़रिए हम इन्हें नया जीवन देना चाहते हैं।"

# MP में बैंक CEO ने नहीं मानी मंत्री की बात, हो गया निलंबन

## कोर्ट बोला- MLA के अहंकार को ठेस पहुंची

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में एक बैंक के सीईओ को सिर्फ इसलिए निलंबित कर दिया गया क्योंकि उसने एक विधायक से मिले निर्देश के अनुसार एक कर्मचारी (क्लर्क) का तबादला रोकने से इनकार कर दिया था। जिसके बाद अधिकारी ने इस मामले में हाईकोर्ट की शरण ली। इस अनोखे मामले पर सुनवाई करते हुए जबलपुर हाई कोर्ट ने इसे साधारण जन शिकायत का मामला ना मानते हुए अनुचित दबाव डालने का मामला बताया। कोर्ट ने कहा कि एक बैंक के अधिकारी को इसलिए निलंबित किया गया क्योंकि एक क्लर्क द्वारा अपने राजनीतिक संबंधों का इस्तेमाल करके सीईओ द्वारा दिए गए आदेश को रद्द करवाने की कोशिश की गई, लेकिन अधिकारी ने इससे इनकार कर दिया और एक विधायक का अहंकार आहत हो गया। कोर्ट ने कहा इस मामले में विधायक ने अपने अधिकारों का दुरुपयोग किया। अदालत ने कहा, 'यह वह मामला था जहां जनप्रतिनिधि क्लर्क जैसे छोटे पद



पर कार्यरत एक कर्मचारी का पक्ष रख रहे थे और बैंक के मुख्य कार्यकारी अधिकारी पर स्थानांतरण आदेश रद्द करने का दबाव बना रहे थे। लेकिन याचिकाकर्ता ने दबाव में आने से इनकार कर दिया। इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के अनुसार याचिकाकर्ता सीधी जिले के केंद्रीय सहकारी बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हैं, जिन पर एक महिला विधायक और तत्कालीन मंत्री के खिलाफ असंसदीय भाषा का प्रयोग करने का आरोप लगा था।

# सनातन धर्म में एकादशी व्रत का विशेष महत्व

सनातन धर्म में एकादशी व्रत को अधिक महत्वपूर्ण माना गया है। वैदिक पंचांग के अनुसार सावन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि पर पुत्रदा एकादशी व्रत किया जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार इस व्रत को करने से सभी पापों से छुटकारा मिलता है और संतान सुख की प्राप्ति होती है। जगत के पालनहार भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की कृपा प्राप्त करने के लिए एकादशी तिथि को शुभ माना जाता है। वैदिक पंचांग के अनुसार, सावन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी को पुत्रदा एकादशी के नाम से जाना जाता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, इस व्रत को करने से सुख-समृद्धि में वृद्धि होती है और संतान को दीर्घायु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इस बार पुत्रदा एकादशी व्रत 05 अगस्त को किया जाएगा। ऐसे में आइए जानते हैं कब और कैसे करें पुत्रदा एकादशी व्रत का पारण।



### पुत्रदा एकादशी 2025 शुभ मुहूर्त

वैदिक पंचांग के अनुसार, सावन माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि की शुरुआत 04 अगस्त को सुबह 11 बजकर 41 मिनट पर होगी। वहीं, इस तिथि का समापन 05 अगस्त को दोपहर 01 बजकर 12 मिनट पर होगा। ऐसे में पुत्रदा एकादशी व्रत 05 अगस्त को किया जाएगा और व्रत का पारण अगले दिन यानी द्वादशी तिथि पर किया जाएगा।

- ब्रह्म मुहूर्त – सुबह 04 बजकर 02 मिनट से 04 बजकर 42 मिनट तक
- विजय मुहूर्त – दोपहर 02 बजकर 39 मिनट से 03 बजकर 35 मिनट तक
- गोधूलि मुहूर्त – शाम 07 बजकर 16 मिनट से 07 बजकर 36 मिनट तक
- निशिता मुहूर्त – रात 12 बजे से 12 बजकर 40 मिनट तक

### पुत्रदा एकादशी 2025 व्रत पारण का समय

पुत्रदा एकादशी व्रत का पारण 06 अगस्त को किया जाएगा। इस दिन व्रत का पारण करने का शुभ मुहूर्त सुबह 07 बजकर 15 मिनट से 08 बजकर 21 मिनट तक है।

### पुत्रदा एकादशी व्रत पारण की विधि

इस दिन स्नान करने के बाद सूर्य देव को अर्घ्य दें। इसके बाद मंदिर की सफाई करने के बाद पूजा-अर्चना करें। देसी घी का दीपक जलाकर भगवान विष्णु और मां लक्ष्मी की आरती करें। मंत्रों का जप और विष्णु चालीसा का पाठ करें। इसके बाद सात्विक चीजों का भोग लगाएं। गरीब लोगों या मंदिर में दान करें।



# चौथा मंगला गौरी व्रत का विशेष महत्व

सावन 2025 में मनाया जाने वाला चौथा मंगल गौरी व्रत 5 अगस्त को पड़ रहा है, यह व्रत सुहागिन महिलाओं के लिए विशेष महत्व रखता है। यह व्रत मुख्यत: पति की लंबी उम्र, सुख-समृद्धि और पारिवारिक कल्याण की कामना के लिए रखा जाता है। इस पावन अवसर पर महिलाएं श्रद्धा और विधिपूर्वक मां गौरी की पूजा करती हैं, पूजा स्थल को गंगाजल से शुद्ध कर माँ गौरी की प्रतिमा या चित्र स्थापित करती हैं।

इसके बाद फूल, हल्दी, कुमकुम, चूड़ियाँ, सिंदूर, सुहाग सामग्री आदि अर्पित की जाती है जिससे उन्हें अखंड सौभाग्य और मानसिक शांति का आशीर्वाद प्राप्त होता है। यह व्रत नारी शक्ति, भक्ति और आस्था का प्रतीक है। सावन का पवित्र महीना भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा के लिए समर्पित है। इस महीने में भगवान शंकर की पूजा के साथ-साथ प्रत्येक मंगलवार को देवी पार्वती के स्वरूप यानी मां मंगला गौरी की पूजा का विधान है। ऐसा कहा जाता है कि इस व्रत को रखने से पति को लंबी उम्र, सौभाग्य और सुखी वैवाहिक जीवन का वरदान मिलता है। वहीं, जिन कन्याओं का विवाह नहीं हो रहा है वे इस व्रत को अच्छे पति की कामना लेकर रखती हैं।

## क्यों खास है सावन का प्रत्येक मंगलवार?

***सावन माह के प्रत्येक मंगलवार को किया जाने वाला मंगला गौरी व्रत बहुत शुभ माना जाता है। यह व्रत वैवाहिक जीवन में आने वाली बाधाओं को दूर करता है और दांपत्य जीवन में सुख-शांति लाता है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, इस व्रत को करने से कुंडली में मौजूद मंगल दोष का प्रभाव कम होता है, जिससे विवाह में देरी, वैवाहिक जीवन में आ रही सभी तरह की मुश्किलें दूर होती हैं।***

### पूजा विधि

मंगला गौरी व्रत के दिन सुबह ब्रह्म मुहूर्त में उठकर स्नान करें। लाल रंग के कपड़े पहनें। इसके बाद पूजा घर को साफ करें। एक वेदी पर लाल रंग का कपड़ा बिछाएं और माता मंगला गौरी की प्रतिमा स्थापित करें। व्रत का संकल्प लें। माता गौरी को 16 श्रृंगार की सामग्री, सूखे मेवे, फल, मिठाई, फूल, कुमकुम, पान, सुपारी, लौंग, इलायची और सोलह दीये अर्पित करें। मंगला गौरी व्रत कथा का पाठ करें और 'ओम गौरी शंकराय नमः' मंत्र का 108 बार जप करें। आखिरी में विधि-विधान से माता गौरी की आरती करें।

### व्रत के लाभ और धार्मिक महत्व

मंगला गौरी व्रत का हिंदू धर्म में विशेष महत्व है। यह व्रत न केवल वैवाहिक सुख प्रदान करता है, बल्कि संतान से जुड़ी सभी मुश्किलों को दूर करता है। कहते हैं जो कन्याएं इस कठिन व्रत का पालन करती हैं, उन्हें मनचाहा वर मिलता है। इसके साथ ही जीवन में सुख-समृद्धि का आगमन होता है।

# क्यों मनाई जाती है दामोदर द्वादशी

**हिंदू धर्म में श्रावण मास का विशेष महत्व है और इस पवित्र महीने में पड़ने वाली दामोदर द्वादशी भगवान विष्णु के भक्तों के लिए एक अत्यंत शुभ और पुण्यदायी दिन माना जाता है। यह त्योहार भगवान विष्णु के दामोदर स्वरूप को समर्पित है, जिसका नाम उनके द्वारा यशोदा माता के साथ जुड़ी एक मनोहर लीलाओं से प्रेरित है। दामोदर द्वादशी श्रावण मास के शुक्ल पक्ष की द्वादशी तिथि को मनाई जाती है। ऐसे में इस वर्ष यानी 2025 में दामोदर द्वादशी 5 अगस्त को मनाई जाएगी। ऐसे में पूजा करते हुए दामोदर द्वादशी की कथा का पाठ करने का विशेष महत्व होता है। चलिए जानते हैं कि क्यों मनाई जाती है दामोदर द्वादशी और क्या है इसकी पौराणिक कथा...**

### दामोदर द्वादशी का महत्व

दामोदर शब्द का अर्थ है– वह जिसका उदर रस्सी से बंधा हो। यह नाम भगवान श्रीकृष्ण के उस बाल स्वरूप को संदर्भित करता है, जब माता यशोदा ने उन्हें रस्सी से उखल (ओखली) से बांध दिया था। यह घटना भगवान कृष्ण की लीलाओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो भक्तों को उनकी नटखट और दयालु प्रकृति का स्मरण कराती है। दामोदर द्वादशी के दिन भक्त भगवान विष्णु और श्रीकृष्ण के इस विशेष स्वरूप की पूजा करते हैं, ताकि उनकी कृपा प्राप्त हो और जीवन में सुख-समृद्धि प्राप्त हो। यह पर्व विशेष रूप से कार्तिक मास में मनाया जाता है, जो हिंदू धर्म में अत्यंत पवित्र माना जाता है। कार्तिक मास में भगवान विष्णु की भक्ति और दीपदान का विशेष महत्व है। दामोदर द्वादशी के दिन भक्त व्रत, पूजा और दान-पुण्य के कार्य करते हैं, जिससे मोक्ष की प्राप्ति और पापों से मुक्ति मिलती है।

### पौराणिक कथा

दामोदर द्वादशी की पौराणिक कथा भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं से जुड़ी है, जो भागवत पुराण और अन्य हिंदू शास्त्रों में वर्णित है। पौराणिक कथा के अनुसार, एक बार वृंदावन में माता यशोदा अपने लाडले बालकृष्ण की नटखट हरकतों से परेशान थीं। छोटा कृष्ण अपनी शरारतों से पूरे गोकुल में हलचल मचा देता था। एक दिन माता यशोदा माखन चुराने की शिकायत सुनकर कृष्ण को सबक सिखाने का मन बनाया। उन्होंने कृष्ण को पकड़ा और उसे रस्सी से उखल से बांधने का प्रयास किया, लेकिन यह कार्य इतना आसान नहीं था। माता यशोदा चाहे जितनी भी लंबी रस्सी बांधते, वह हमेशा दो इंच छोटी रह जाती। यशोदा यह देखकर आश्चर्यचकित थीं, क्योंकि उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि रस्सी बार-बार छोटी क्यों हो रही है। यह सब भगवान कृष्ण की माया थी, क्योंकि वे सर्वशक्तिमान और ब्रह्मांड के संचालक हैं। अंततः, श्रीकृष्ण को अपनी माता की भक्ति और प्रेम देखकर दया आ गई और उन्होंने स्वयं को बाँध लिया। इस प्रकार, माता यशोदा ने उन्हें रस्सी से बांध दिया।

## दामोदर द्वादशी के दिन कैसे करें पूजा

व्यक्ति को जल्दी उठना चाहिए। फिर नित्य क्रिया से निपट कर आपको किसी नदी या तालाब में पवित्र स्नान करना चाहिए। यदि आप किसी नदी या तालाब में नहीं जा सकते हैं, तो आप अपने घर में शुद्ध जल से स्नान कर सकते हैं। अगर घर में गंगाजल उपलब्ध हो तो उसे नहाने के पानी में मिला लें। इसके बाद पूरे दिन व्रत रखने का संकल्प लें।

### भगवान विष्णु की पूजा करें


शुणु और कृष्ण को फूल, फल, रोली, अक्षत, प्रसाद और कई अन्य चीजें जो देवताओं को प्रिय हैं, उन्हें अर्पित करके। अब उन्हें बांस से बना हाथ का पंखा भेंट करें। इसके बाद विष्णु सहस्रनाम और अन्य मंत्रों का जाप करें। आप भगवान विष्णु के भजन भी सुन और/या गा सकते हैं। अब प्रसाद को बच्चों और अन्य लोगों में बांटें। ऐसा माना जाता है कि इस दिन विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा करने से देवता से आशीर्वाद प्राप्त करने में मदद मिल सकती है।

ब्राह्मणों को चावल, गुड़, फल और वस्त्र दान करने से व्यक्ति के जीवन में सौभाग्य की प्राप्ति होती है। हालांकि जिन लोगों ने पुत्रदा एकादशी का व्रत रखा था, वे दामोदर एकादशी के दिन अपना व्रत तोड़ते हैं, उन्हें कुछ चीजों जैसे कि उबले हुए चावल, शराब, मांसाहारी भोजन, बीन्स आदि का सेवन करने से बचना चाहिए।



# सुबह-सुबह भूलकर भी न देखें ये 3 चीजें

**कहा जाता है सुबह-सुबह अगर ठीक ढंग से दिन की शुरुआत हो जाए तो पूरा दिन अच्छा हो जाता है। क्योंकि ब्रह्म मुहूर्त में किया गया काम आपका दिन कैसे बीतेगा इसका फैसला करता है। लेकिन भारतीय वास्तु शास्त्र की मानें तो काम के अलावा आपकी नजर भी इसमें बड़ा रोल निभाता है। वजह ये है कि सुबह का समय अत्यंत पवित्र और ऊर्जावान माना जाता है। इस समय यदि कुछ गलत या नकारात्मक चीजें नजर आ जाएं, तो वह पूरे दिन की ऊर्जा को प्रभावित कर सकती हैं। आज हम इस लेख में जानेंगे कि कौन कौन सी चीजों पर नजर पड़ना आपके दिन को बर्बाद कर सकती है।**



### झगड़ते हुए लोग या चीख-पुकार सुनना

यदि सुबह उठते ही अगर आपने किसी झगड़े को देख लिया या जोर-जोर से किसी के चिल्लाने की आवाज सुन ली, तो आपके लिए यह दिन खराब होने का संकेत है। यह नेगेटिव वाइब्स को न्योता देता है और आपका मन विचलित कर सकता है। इसलिए सुबह उठते ही पहले आंखें बंद कर 1 मिनट के लिए अपने ईष्ट देव पर ध्यान लगाएं। आप चाहें तो धार्मिक मंत्र या शांत संगीत सुन सकते हैं।

### टूटे हुए बर्तन या कबाड़

अगर सुबह-सुबह आपकी नजर किसी टूटे हुए बर्तन, जंग लगे लोहे या घर में पड़े कबाड़ पर पड़ जाए, तो यह धन और स्वास्थ्य दोनों के लिए अशुभ माना जाता है। रात को सोने से पहले अपने घर को जरूर व्यवस्थित कर लेना चाहिए। या फिर टूटे सामान को घर से या तो हटा लेना चाहिए।



### काले या घायल जानवर

सुबह उठते ही अगर कोई घायल जानवर, खासकर काला कुत्ता या बिल्ली दिख जाए, तो यह मानसिक तनाव और बाधाओं का संकेत माना जाता है।

अपने दिनचर्या की शुरुआत पूजा, प्रार्थना और ध्यान के साथ करें। इसके अलावा 'ॐ नमः शिवाय' या 'गायत्री मंत्र' का जाप करें।

# अपने ब्यूटी रूटीन को बनाएं स्मार्ट

**आजकल की तेज रफ्तार जिंदगी में हर कोई चाहता है कि उसका मेकअप कम समय में परफेक्ट दिखे। घंटों पार्लर में बिताने का वक्त किसके पास है। यहीं काम आते हैं मेकअप हैक्स। ये स्मार्ट ट्रिक्स और आसान तरीके आपके मेकअप रूटीन को न सिर्फ आसान बनाते हैं बल्कि आपको कम प्रोडक्ट में भी शानदार लुक पाने में मदद करते हैं। चाहे आप ऑफिस जाने की जल्दी में हों या किसी पार्टी के लिए तैयार हो रही हों ये मेकअप हैक्स आपके समय और पैसे दोनों की बचत करेंगे। जानते हैं कुछ ऐसे कमाल के हैक्स जिनसे आप मिनटों में पा सकती हैं परफेक्ट और फ्लॉलेस लुक।**



### लिपस्टिक से पाएं परफेक्ट ब्लश और आईशैडो

अपनी पसंदीदा क्रीम या मैट लिपस्टिक के हल्के शेड (जैसे पीच, पिंक, या न्यूड ब्राउन) को उंगली पर लेकर गालों के एप्पल पर लगाएं और हल्का ब्लेंड करें। यही शेड अपनी उंगली से पलकों पर भी हल्के से लगाकर स्मज करें। यह आपको एक मोनोक्रोमैटिक लुक देता है जो बेहद सुंदर और नेचुरल लगता है।

### मेकअप को बनाएं लॉन्ग-लास्टिंग

क्या आप चाहती हैं कि आपका मेकअप घंटों तक टिका रहे। फाउंडेशन और कंसीलर लगाने के बाद एक ट्रांसलूसेंट पाउडर को ब्यूटी ब्लेंडर या पफ से हल्के से डैब करें। खासकर उन जगहों पर जहां ज्यादा ऑयल आता है। फिर अपने पूरे चेहरे पर एक अच्छा सेटिंग स्प्रे लगाएं।

### होठों को दें फुलर और डिफाइंड लुक

अपने नेचुरल लिप लाइन से हल्का सा बाहर की तरफ एक न्यूड या अपनी लिपस्टिक से थोड़े गहरे रंग के लिप लाइनर से आउटलाइन करें। फिर लिपस्टिक लगाएं। आप होठों के बीच में थोड़ा सा हाईलाइटर भी लगा सकती हैं ताकि होंठ और भरे हुए दिखें।

### ब्रोकेन प्रोडक्ट्स को करें री-यूज

अगर आपका पसंदीदा लिपस्टिक, ब्लश, या आईशैडो टूट गया है तो उसे फेंकने की बजाय आप उसे ठीक कर सकती हैं। टूटे हुए टुकड़ों को वापस कंटेनर में डालें और उस पर थोड़ी सी रबिंग अल्कोहल छिड़कें। सूखने के बाद आपका प्रोडक्ट लगभग नया जैसा हो जाएगा।



# बरसात में करें अजवाइन पानी का सेवन

## बचे रहेंगे संक्रमण से

**बरसात के मौसम में कीट-पतंगों और बैक्टीरिया, वायरस की बहुतायत होने से हमारे बीमार होने का डर बना रहता है। जरा-सी लापरवाही के चलते हम संक्रमण की चपेट में आ सकते हैं। ऐसे में हमें अपनी डाइट में उन चीजों को शामिल करना चाहिए जो हमें इन संक्रमणों से बचाने में कारगर साबित होते हैं। अजवाइन ऐसा ही एक मसाला है, जो हर रसाई में मौजूद होता है। बरसात के मौसम में इसका पानी पीने से हम पाचन संबंधी समस्याओं और संक्रमण से बचे रहते हैं। असल में अजवाइन एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-फंगल, एंटी-इंफ्लामेटरी और एंटी-ऑक्सीडेंट गुणों से भरपूर होता है। इसी कारण यह न केवल संक्रमण से लड़ने में हमारी सहायता करता है, बल्कि शरीर को डिटॉक्सिफाई करने और पाचन को बेहतर बनाने में भी सहायक सिद्ध होता है। जानते हैं, बरसात के मौसम में अजवाइन का पानी पीने से हमें किस तरह के लाभ मिलते हैं।**



**पाचन में सुधार:** अजवाइन का पानी पीने से हमारी पाचन क्रिया बेहतर होती है। यह गैस, अपच और कब्ज जैसी समस्याओं से राहत दिलाने में मददगार साबित होता है। अजवाइन में थाइमॉल नामक तत्व पाया जाता है, जो खाना को अच्छी तरह पचाने में मदद करता है, इससे हम गैस व अपच से बचे रहते हैं। इसके पानी के सेवन से एसिडिटी और पेट में भारीपन महसूस होने की समस्या से भी राहत मिलती है।

**डायरिया से बचाता है:** बरसात के मौसम में पानी व भोज्य पदार्थ जल्दी दूषित हो जाते हैं। नतीजा पेट खराब होने, उल्टी होने और डायरिया के रूप में सामने आता है। अजवाइन पानी का सेवन हमें इन सभी परेशानियों से बचाता है।

# भारतीय टीम ने इंग्लैंड को 5वें टेस्ट में हराकर अंकतालिका में लगाई छलांग

## इस नंबर पर पहुंचा | इंग्लैंड नीचे फिसला




**लंदन।** ओवल टेस्ट मैच में भारतीय टीम ने शुभमन गिल की कप्तानी में वो कर दिया जिसकी शायद ही उम्मीद थी। इंग्लैंड को जीत के लिए आखिरी दिन 35 रन बनाने थे, लेकिन भारत ने इंग्लिश टीम को 6 रन पहले ही यानी 29 रन पर ही समेट दिया। इंग्लैंड को जीत के लिए कुल 374 रन का टारगेट मिला था, लेकिन ये टीम दूसरी पारी में 367 रन पर सिमट गई और इंडिया ने मैच जीत लिया। इस जीत के साथ ही भारत ने ना सिर्फ सीरीज में 2-2 से बराबरी कर ली बल्कि वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 की अंकतालिका में छलांग लगाते हुए इंग्लैंड को पीछे छोड़ दिया। इंग्लैंड को हराने से पहले भारतीय टीम अंकतालिका में पहले चौथे स्थान पर थी जो तीसरे नंबर पर चली गई वहीं इंग्लैंड की टीम तीसरे नंबर पर थी जिसे हारने के बाद नुकसान हुआ और वो चौथे नंबर पर खिसक गई। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप 2025-27 साइकल में अब तक भारत ने 5 मैच खेले हैं जिसमें उसे 2 में जीत 2 में हार और एक मैच ड्रॉ रहा है। भारत के अब 28 अंक हो गए हैं जबकि उसकी जीत का प्रतिशत 46.67 हो गया और ये टीम तीसरे नंबर पर आ गई। इंग्लैंड की बात करें तो इस टीम ने अब तक खेले 5 मैचों में 2 जीते हैं 2 मैच गंवाए हैं और एक मैच ड्रॉ खेला है। इंग्लैंड के अब कुल 26 अंक हैं और जीत प्रतिशत 43.33 है। ये टीम अब चौथे नंबर पर आ गई है। इस अंकतालिका में अब तक ऑस्ट्रेलिया की टीम पहले स्थान पर है जिसने 3 में से 3 मैच जीते हैं और इस टीम के 36 अंक हैं जबकि जीत का प्रतिशत 100 है। दूसरे नंबर पर अभी श्रीलंका है जिसे 2 मैचों में से एक में जीत मिली है जबकि एक मैच में हार मिली है। इस टीम के 16 अंक हैं जीत फीसदी 66.67 है। पांचवें नंबर पर अभी बांग्लादेश है जबकि छठे नंबर पर वेस्टइंडीज की टीम है।



### डब्ल्यूटीसी 2025-27 अंक तालिका

| स्थान | टीम | मैच | जीते | हारे | ड्रॉ | अंक | पीसीटी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ऑस्ट्रेलिया | 3 | 3 | 0 | 0 | 36 | 100 |
| 2 | श्रीलंका | 2 | 1 | 0 | 1 | 16 | 66.67 |
| 3 | भारत | 5 | 2 | 2 | 1 | 28 | 46.67 |
| 4 | इंग्लैंड | 5 | 2 | 2 | 1 | 26 | 43.33 |
| 5 | बांग्लादेश | 2 | 0 | 1 | 1 | 4 | 16.67 |
| 6 | वेस्टइंडीज | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | 0 |
| 7 | न्यूजीलैंड | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 8 | पाकिस्तान | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| 9 | द. अफ्रीका | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 |

नोट: लॉर्ड्स टेस्ट में धीमी ओवर गति के लिए इंग्लैंड के 2 अंक कटे थे



### भारत की टीम

यशस्वी जयसवाल, केएल राहुल, साई सुदर्शन, शुबमन गिल (कप्तान), करुण नायर, रवींद्र जड़ेजा, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, आकाश दीप, प्रसिद्ध कृष्णा, मोहम्मद सिराज

### इंग्लैंड की टीम

जैक क्रॉली, बेन डकेट, ओली पोप (कप्तान), जो रूट, हैरी ब्रुक, जैकब बेथेल, जेमी स्मिथ (विकेटकीपर), क्रिस वोक्स, गस एटकिंसन, जेमी ओवरटन, जोश टंग

# फ्लावियो कोबोली को हराकर बेन शेल्टन क्वार्टर फाइनल में




**टोरंटो।** चौथी वरीयता प्राप्त अमेरिका के बेन शेल्टन ने 13वीं वरीयता प्राप्त इटली के फ्लावियो कोबोली को 6-4, 4-6, 7-6 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। अब उनका सामना आस्ट्रेलिया के नौवीं वरीयता प्राप्त एलेक्स डि मिनौर से होगा जिन्होंने अमेरिका के सातवीं वरीयता प्राप्त फ्रांसिस टियाफो को 6-2, 4-6, 6-4 से हराया। इससे पहले छठी वरीयता प्राप्त रूस के आंद्रे रुबलेव अपने मुकाबले में स्पेन के अलेजांद्रो फोकिना से 6-7, 7-6, 3-0 से आगे थे जब थकान के कारण फोकिना ने कोर्ट छोड़ दिया। रुबलेव का सामना अब अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और चेक गणराज्य के जिरि लेहेका के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। डेनमार्क की क्लारा टॉसन ने दूसरी वरीयता प्राप्त विम्बलडन चैम्पियन पोलैंड की इगा स्वियातेक को 7-6, 6-3 से हराकर नेशनल बैंक ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छह फुट लंबी टॉसन ने स्वियातेक के हाथों विम्बलडन में मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। अब उनका सामना अमेरिका की मेडिसन कीस से होगा जिन्होंने चेक गणराज्य की 11वीं वरीयता प्राप्त कैरोलिना मुचोवा को 4-6, 6-3, 7-5 से मात दी। टॉसन ने जनवरी में न्यूजीलैंड में एकमात्र टूर खिताब जीता था। जापान की नाओमी ओसाका भी लाटविया की अनास्तासिया सेवास्तोवा को 6-1, 6-0 से हराकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गईं। अब उनका सामना दसवीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना से होगा जिन्होंने अमेरिका की पांचवीं वरीयता प्राप्त अमांडा अनिसिमोवा को 6-4, 6-1 से हराया।

# मोहम्मद सिराज बने नंबर-1

## सिराज ने तीन गेंदों में खत्म कर दिया इंग्लैंड का खेल

**लंदन।** मोहम्मद सिराज ने ओवल टेस्ट में इतिहास रच दिया. दाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने आखिरी दिन बचे हुए चार में तीन विकेट लेकर सिराज ने इंग्लैंड को टेस्ट सीरीज जीतने से रोक दिया. ओवल टेस्ट में टीम इंडिया 6 रन से जीती और इसके साथ ही सीरीज 2-2 से ड्रॉ हो गई. सिराज ने पांचवें टेस्ट में कुल 9 विकेट लिए जिसमें से 5 विकेट उन्होंने दूसरी पारी में झटके.सिराज ने चौथे दिन 2 ही विकेट लिए थे लेकिन पांचवें दिन उन्होंने 3 कमाल की गेंद फेंक टीम इंडिया को जीत दिलाई. सिराज ने सबसे पहले जेमी स्मिथ को ध्रुव जुरेल के हाथों कैच आउट कराया. जेमी ओवर्टन को सिराज ने एलबीडब्ल्यू आउट किया. आखिर में सिराज ने गस एटकिंसन को 17 रन पर बोल्ड कर टीम इंडिया को जीत दिला दी. इस जीत के साथ ही सिराज इंग्लैंड सीरीज में नंबर 1 गेंदबाज भी बन गए।



मोहम्मद सिराज ने इस टेस्ट सीरीज में पांच मैच में सबसे ज्यादा 23 विकेट झटके. इसके अलावा भारतीय तेज गेंदबाज ने पहली बार किसी टेस्ट सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट अपने नाम किए हैं. सिराज ने पहले टेस्ट में दो विकेट लिए थे. इसके बाद दूसरे टेस्ट में उन्होंने घातक गेंदबाजी करते हुए कुल 7 विकेट अपने नाम किए थे. लॉड्र्स में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भारतीय तेज गेंदबाज ने दोनों पारी को मिलाकर चार विकेट झटके थे. चौथे टेस्ट मैच में उन्होंने सिर्फ एक ही विकेट लिया जबकि पांचवें और अंतिम टेस्ट में सिराज ने 6 विकेट हासिल किए।

इससे पहले ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी 2024-25 में भी सिराज ने 5 मैच में 20 विकेट लिए थे लेकिन वो सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की सूची में चौथे स्थान पर थे. मोहम्मद सिराज ने पिछले कुछ समय से टेस्ट क्रिकेट में धमाकेदार गेंदबाजी की है. उन्होंने टीम मैनेजमेंट और फैंस को निराश नहीं किया है।

# ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरूष हॉकी टीम का ऐलान

**नई दिल्ली।** इस महीने के आखिर में होने वाले एशिया कप की तैयारी के मद्देनजर 15 अगस्त से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए हॉकी इंडिया ने हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में 24 सदस्यीय भारतीय पुरूष टीम का ऐलान किया है जिसमें कर्नाटक के पूवन्ना सीबी नया चेहरा होंगे। अगले साल नीदरलैंड और बेल्जियम में होने वाले विश्व कप के लिए एशिया कप क्वालीफायर टूर्नामेंट है जो 29 अगस्त से बिहार के राजगीर में खेला जाएगा।




इसकी तैयारी के लिए भारतीय टीम 15 से 21 अगस्त तक पर्थ में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चार मैच खेलेगी। टीम की कमान ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत के ही पास है जबकि गोलकीपिंग का जिम्मा कृशन पाठक और सूरज करकेरा संभालेंगे। डिफेंस में सुमित, जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह और नए खिलाड़ी कर्नाटक के पूवन्ना होंगे। मिडफील्डर में युवा राजिंदर सिंह को शामिल किया गया है जिनकी अक्सर तुलना पूर्व कप्तान सरदार सिंह से होती है। उनके अलावा राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह भी मिडफील्ड में होंगे। फॉरवर्ड पंक्ति में मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे रहेंगे।

एशिया कप से पहले इस दौरे की अहमियत के बारे में मुख्य कोच क्रेग फुल्टोन ने कहा, 'हमारा फोकस शारीरिक अनुकूलन बेहतर करने और तकनीकी पहलुओं पर रहेगा।' टीम में युवा खिलाड़ियों को चुने जाने के बारे में उन्होंने कहा, 'हमने कुछ युवाओं को दबाव में खेलने की उनकी क्षमता परखने और जरूरी एक्सपोजर देने के लिए चुना है।' भारतीय टीम 8 अगस्त को बेंगलुरू से ऑस्ट्रेलिया रवाना होगी जहां भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र पर शिविर चल रहा है।

### टीम इस प्रकार है

**गोलकीपर:** कृशन बी पाठक और सूरज करकेरा
**डिफेंडर:** हरमनप्रीत सिंह (कप्तान), सुमित , जरमनप्रीत सिंह, संजय, अमित रोहिदास, नीलम संजीप सेस, जुगराज सिंह , पूवन्ना सीबी
**मिडफील्डर:** राजिंदर सिंह, राजकुमार पाल, हार्दिक सिंह, मनप्रीत सिंह, विवेक सागर प्रसाद, रबिचंद्र सिंह मोइरांगथम, विष्णु कांत सिंह
**फॉरवर्ड:** मनदीप सिंह, शिलानंद लाकड़ा, अभिषेक, सुखजीत सिंह, दिलप्रीत सिंह, सेल्वम कार्ति और आदित्य लालागे

वेस्टइंडीज-पाकिस्तान तीसरा टी-20

# पाक ने वेस्टइंडीज को 13 रन से हराया

## सीरीज भी 2-1 से अपने नाम की



**लॉडरहिल।** पाकिस्तान ने वेस्टइंडीज को फ्लोरिडा के लॉडरहिल में खेले गए तीसरे टी-20 में 13 रन से हरा दिया। इस जीत के साथ ही पाकिस्तान ने तीन मैचों की टी20 सीरीज भी 2-1 से अपने नाम की। पहला मुकाबला पाकिस्तान ने 14 रन से और दूसरा टी20 वेस्टइंडीज ने दो विकेट से अपने नाम किया था। अब दोनों टीमों के बीच तीन मैचों की वनडे सीरीज खेली जाएगी। तीनों मुकाबले त्रिनिदाद में खेले जाएंगे। पहला वनडे आठ अगस्त, दूसरा वनडे 10 अगस्त और तीसरा वनडे 12 अगस्त को खेला जाएगा। तीसरे टी20 में शाहिबजादा फरहान को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जबकि ऑलराउंडर मोहम्मद नवाज प्लेयर ऑफ द सीरीज बने। 190 रन के लक्ष्य के जवाब में वेस्टइंडीज की टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 176 रन ही बना सकी।

### पाकिस्तान की पारी

पाकिस्तान ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। शाहिबजादा फरहान और सैम अयूब ने पहले विकेट के लिए 138 रन की साझेदारी की। फरहान ने 53 गेंद में तीन चौके और पांच छक्कों की मदद से 74 रन की पारी खेली। वहीं, सैम अयूब ने 49 गेंदों में चार चौके और दो छक्कों की मदद से 66 रन बनाए। हसन नवाज ने सात गेंदों में दो छक्कों की मदद से 15 रन और मोहम्मद हारिस ने दो रन बनाए। खुशदिल शाह 11 रन और फहीम अशरम 10 रन बनाकर नाबाद रहे। वेस्टइंडीज की ओर से जेसन होल्डर, रोस्टन चेज और शमार जोसेफ को एक-एक विकेट मिला।

### वेस्टइंडीज की पारी

190 रन के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वेस्टइंडीज की टीम की शुरुआत ठीक ठाक रही। जेवेल एंड्रयू और एलिक एथिनाजे ने पहले विकेट के लिए 44 रन जोड़े कप्तान शाई होप सात रन बना सके। वहीं, शेरफेन रदरफोर्ड ने अर्धशतक जमाया। वह 35 गेंद में चार चौके और तीन छक्कों की मदद से 51 रन बनाकर आउट हुए। रोस्टन चेज रिटायर्ड आउट हुए। वह 12 गेंद में 15 रन बना सके। जेसन होल्डर खाता नहीं खोल सके। रोमारियो शेफर्ड चार रन और गुडाकेश मोती 10 रन बनाकर नाबाद रहे।

# जसप्रीत बुमराह को लगी एक और चोट

## टीम से बाहर होते ही आई बुरी खबर



**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ओवल टेस्ट में नहीं खेले और इसकी वजह अब सामने आई है. ऐसा माना जा रहा था कि बुमराह को आराम दिया गया है लेकिन रिपोट्र्स हैं कि वो चोटिल हो गए हैं. रिपोट्र्स के मुताबिक जसप्रीत बुमराह को इस बार घुटने में चोट लगी है. बता दें 31 जुलाई को जब ओवल टेस्ट का आगाज हुआ था उसी दिन बुमराह को टीम इंडिया से रिलीज कर दिया गया था. बीसीसीआई ने प्रेस रिलीज जारी कर इसकी जानकारी दी थी. लेकिन अब उन्हें रिलीज करने की वजह सामने आ गई है. मुंबई मिरर में छपी रिपोर्ट के मुताबिक जसप्रीत बुमराह को घुटने में चोट लगी. अच्छी बात ये है कि बुमराह की चोट ज्यादा गंभीर नहीं है और उसकी सर्जरी नहीं होगी. हालांकि बुमराह के घुटने का स्कैन कराया गया है और बीसीसीआई की मेडिकल टीम को उनकी स्कैन रिपोट्र्स का इंतजार है. ऐसी खबर है कि 31 साल का ये गेंदबाज बीसीसीआई के सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में रिकवरी के लिए जाएगा. वहां उनपर काम किया जाएगा ताकि वो भविष्य में होने वाले मैचों के लिए फिट हो सकें. हालांकि ऐसी खबरें भी हैं कि बुमराह एशिया कप नहीं खेलेंगे. एहतियातन उन्हें आराम दिया जाएगा. बुमराह के लिए इंग्लैंड का दौरा औसत रहा. ये खिलाड़ी सीरीज में 3 टेस्ट मैच खेला जिसमें उन्होंने 14 विकेट हासिल किए. बड़ी बात ये है कि बुमराह ने दो टेस्ट मैचों में पारी में पांच विकेट लेने का कारनामा किया। लेकिन इसके बावजूद वो 14 ही विकेट हासिल कर सके. इसकी बड़ी वजह उन्हें चोट का भी डर रहा. मैनचेस्टर टेस्ट में तो बुमराह ने 140 किमी. प्रति घंटे की रफ्तार भी बमुश्किल हासिल की. बुमराह की ऐसी फिटनेस से फैंस भी काफी निराश हैं क्योंकि ओवल टेस्ट में वो नहीं खेले जब टीम को उनकी काफी जरूरत थी।

# सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद फिट होने के लिए NCA पहुंचे

**बेंगलुरु।** भारतीय टी20 टीम के कप्तान सूर्यकुमार यादव सर्जरी के बाद एशिया कप से पहले पूरी तरह फिट होने के लिए इस समय राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (NCA) में है। सूर्यकुमार यादव ने हाल ही में पुनर्वास और फिटनेस आकलन के लिए बेंगलुरु स्थित भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) के सेंटर में रिपोर्ट की थी। पूरी तहर फिट न होने के कारण उन्हें पश्चिम क्षेत्र के चयनकर्ताओं ने दलीप ट्रॉफी के लिए 15 सदस्यीय टीम से बाहर रखा। ऐसा माना जा रहा है कि सूर्यकुमार ने उन्हें सूचित कर दिया था कि उन्होंने सीओई जांच करा ली है। म्यूनिख में हुई उनकी हर्निया की सर्जरी के बाद वह पुनर्वास की प्रक्रिया में है। सूर्यकुमार का अगला बड़ा टूर्नामेंट 9 से 28 सितंबर तक UAE में होने वाला एशिया कप है। इस तेजतररर टी-20 बल्लेबाज से इस टूर्नामेंट में भारत की कप्तानी करने की उम्मीद है। मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन के अधिकारियों के अनुसार उन्हें इस आयोजन से पहले पूरी तरह फिट होने का भरोसा है। उन्हें आखिरी बार आईपीएल के दौरान मुंबई इंडियंस की ओर से खेलते हुए देखा गया था। इस बीच पता चला है कि श्रेयस अय्यर पिछले हफ्ते फिटनेस टेस्ट के लिए सीओई आये थे। अब वह मुंबई लौट गये हैं और माना जा रहा है कि यह दौरा नियमित जांच के लिए था। बताया जा रहा है कि वह पूरी तरह फिट हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। एशिया कप के लिए चुने जाने तक, उन्हें दलीप ट्रॉफी में खेलना चाहिए। अय्यर आखिरी बार आईपीएल फाइनल में पंजाब किंग्स फ्रैंचाइजी की कप्तानी करते हुए देखे गए थे। आईपीएल के बेहद सफल सीजन के बाद एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के लिए भारतीय टेस्ट टीम में उनके शामिल होने की काफी अटकलें लगाई जा रही थीं।



# विश्व चैंपियनशिप ट्रायल्स में अंतिम पंघाल आसानी से जीतीं



## वैष्णवी और मनीषा भी भारतीय टीम में

**नई दिल्ली।** महिला पहलवान अंतिम पंघाल ने रविवार को विश्व चैंपियनशिप के ट्रायल्स में 53 किग्रा भार वर्ग में बिना किसी परेशानी के भारतीय टीम में अपनी जगह पक्की कर ली जबकि वैष्णवी पाटिल (65 किग्रा) और मनीषा भानवाला (62 किग्रा) ने भी प्रभावशाली प्रदर्शन के साथ क्वालिफाई किया। अंतिम 20 साल की उम्र में सीनियर विश्व चैंपियनशिप, एशियाई खेलों और एशियाई चैंपियनशिप में पदक जीत चुकी हैं। उन्होंने मध्य प्रदेश की पूजा और गुजरात की हिनाबेन को बिना एक भी अंक गंवाए हराया और विजेता बनीं। अंतिम ने 2022 में देश की पहली अंडर-20 विश्व चैंपियन बनकर सुर्खियां बटोरी थीं और 2024 पेरिस ओलंपिक के लिए भी क्वालिफाई किया था। लेकिन वह ओलंपिक में विवादों में घिर गई थीं। पेरिस में मैट में उनका प्रदर्शन फीका रहा और उन्होंने अपनी बहन को अपने मान्यता कार्ड पर खेल गांव भेजकर बड़ा विवाद भी खड़ा कर दिया था। भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने अनुशासनात्मक कार्रवाई पर विचार किया लेकिन ऐसा नहीं किया। हाल में वह अपने निजी कोच के साथ विदेश में ट्रेनिंग लेना चाहती थीं।

# भारतीय तीरंदाजी संघ ने तीरंदाजी लीग के पहले सत्र की घोषणा की




**नई दिल्ली।** भारतीय तीरंदाजी संघ (एएआई) ने सोमवार को पहली तीरंदाजी लीग की घोषणा की जिसमें दुनिया भर के महिला और पुरूष रिकर्व और कंपाउंड तीरंदाज फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लेंगे। लीग का पहला सत्र दिल्ली के यमुना खेल परिसर में अक्टूबर में आयोजित हो सकता है जो 11 दिन तक चलेगा ।इसे विश्व तीरंदाजी, विश्व तीरंदाजी एशिया और खेल मंत्रालय से मंजूरी मिल चुकी है। भारतीय तीरंदाजी संघ के अध्यक्ष अर्जुन मुंडा ने कहा, 'हमें यकीन है कि तीरंदाजी लीग से हम युवा तीरंदाजों को और मौके देकर उनके सपने पूरे कर सकेंगे ।हम सभी को मिलकर इस लीग के जरिये देश में खेल को नयी ऊंचाइयों तक ले जाना है।'



# होगा तुमसे प्यारा कौन...ऋषि कपूर के गाने पर झूमकर नाचीं

# माधुरी दीक्षित



बॉलीवुड की धक-धक गर्ल यानी माधुरी दीक्षित सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं. वह अपने फैंस को इम्प्रेस करने के लिए अक्सर अपने नए-नए वीडियोज पोस्ट करती हैं. इस बीच उनका एक वीडियो जमकर वायरल हो रहा है, जिसमें वह होगा तुमसे प्यारा कौन गाने पर डांस करती नजर आ रही हैं. ऋषि कपूर के इस सॉन्ग पर माधुरी दीक्षित ने झूमकर डांस किया है. एक्ट्रेस का यह डांस वीडियो इंटरनेट पर धमाम मचा रहा है.

# दिशा ने 'जिया जले' गाने पर किया धमाकेदार डांस

**बॉलीवुड में अपनी एक अलग पहचान बनाने वाली हसीनाओं में से एक दिशा पाटनी ने हाल ही में अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक डांस वीडियो शेयर किया है. वीडियो में दिशा जागब का डांस करते दिख रही हैं. ब्लैक ऑउटफिट में डांस करती दिशा एक अलग ही अंदाज में नजर आ रही हैं .दिशा अपनी फिटनेस का काफी ख्याल रखती हैं. अक्सर वो अपने वर्कआउट सेशन की तस्वीरें और वीडियोज शेयर करती रहती हैं. 33 साल की दिशा का यह वीडियो काफी तेजी से वायरल हुआ है. फैंस इसपर जमकर अपनी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं.**



हाल ही में शेयर किए गए इस वीडियो में दिशा पटानी अपनी टोंड बॉडी फ्लॉन्ट करते हुए बेहतरीन डांस करते नजर आ रही हैं. एक्ट्रेस पॉपुलर बॉलीवुड सॉन्ग 'जिया जले' पर थिरकती नजर आ रही हैं. सिंपल ब्लैक ऑउटफिट में दिशा के साथ कोरियोग्राफर अलीशा सिंह भी जबरदस्त अदाएं दिखा रही हैं. वीडियो को शेयर करते हुए दिशा ने लिखा, 'पहली बार ट्राई कर रही हूं, सबसे सेक्सी टीचर के साथ प्रैक्टिस करती रहूंगी'. पूरे वीडियो में दिशा जीतोड़ डांस करती नजर आ रही हैं. शेयर करने के बाद एक्ट्रेस का वीडियो काफी तेजी से वायरल हो गया है. दिशा के इस डांस वीडियो पर उनके फैंस जमकर प्यार लुटा रहे हैं. कमेंट सेक्शन में दिशा को भर-भरकर तारीफें मिल रही हैं. एक यूजर ने लिखा, 'बेहद हॉट और सिजलिंग लग रही हैं. वहीं एक दूसरे फैन ने लिखा कि, 'डांस फ्लोर पर आग लगा दी!' दिशा का यह बेहरीन डांस वीडियो हर किसी को पसंद आ रहा है.





अपनी पत्नी के जन्मदिन के मौके पर अरमान मलिक ने इंस्टाग्राम पर रोमांटिक तस्वीरें पोस्ट की, जिसमें दोनों प्यार में डूबे हुए नजर आ रहे हैं. एक तस्वीर में अरमान अपनी पत्नी के माथे पर किस करते दिख रहे हैं. बाकी तस्वीरों में वे रोमांटिक डिनर डेट पर नजर आ रहे हैं.

# अरमान ने शादी के बाद मनाया पत्नी आशना श्रॉफ का पहला बर्थडे

इस तस्वीरों को पोस्ट करते हुए उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'जब तक तुम मेरी जिंदगी में नहीं आई, जिंदगी ऐसी नहीं थी और ऐसा महसूस भी नहीं होता था. हैप्पी बर्थडे, दुनिया की मेरी सबसे पसंदीदा इंसान, आशना श्रॉफ.' अरमान और आशना ने 28 दिसंबर 2024 को एक निजी समारोह में शादी की थी. दोनों 2019 से रिलेशनशिप में थे. उनका रिश्ता समय के साथ और मजबूत होता गया. कई सालों तक साथ रहने के बाद, दोनों 28 दिसंबर को अपने करीबी दोस्तों और परिवार के सामने शादी के बंधन में बंध गए. अपनी शादी की कुछ तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर कर दोनों ने कैप्शन में लिखा, 'तू ही मेरा घर है.'



# 6 साल बाद बॉलीवुड में धमाकेदार वापसी को तैयार प्रियंका

बॉलीवुड की 'देसी गर्ल' प्रियंका चोपड़ा आज सिर्फ हिंदी सिनेमा तक ही नहीं बल्कि हॉलीवुड तक अपनी दमदार पहचान बना चुकी हैं. आज ग्लोबल स्टार बन चुकी प्रियंका ने कुछ साल पहले बॉलीवुड को अलविदा कह दिया था, लेकिन आज भी उनके फैंस उन्हें हिंदी फिल्मों में देखने को बेताब हैं. हालांकि, इस बीच खबर आ रही है कि प्रियंका चोपड़ा 6 साल बाद एक बार फिर से बॉलीवुड में वापसी करने के लिए तैयार हैं और जल्द ही वह अपनी अदाकारी का जलवा दिखाएंगी.

## विक्की कौशल की फिल्म में आएंगी नजर?

**किस फिल्म में नजर आएंगी प्रियंका चोपड़ा?**

हिंदुस्तान टाइम्स की एक रिपोर्ट के मुताबिक, प्रियंका चोपड़ा हिंदी सिनेमा के जाने-माने फिल्ममेकर संजय लीला भंसाली की फिल्म 'लव एंड वॉर' में नजर आ सकती हैं. खास बात यह है कि फिल्म में उनका एक स्पेशल डांस नंबर होगा. हालांकि, प्रियंका चोपड़ा या मेकर्स की ओर से इस बारे में कोई भी ऑफिशियल स्टेटमेंट सामने नहीं आया है, लेकिन प्रियंका की वापसी की खबर सुनकर फैंस काफी ज्यादा खुश और एक्साइटेड हैं. बता दें कि, 'लव एंड वॉर' में रणबीर कपूर, आलिया भट्ट और विक्की कौशल जैसे बड़े नाम शामिल हैं, जिससे दर्शकों का उत्साह और भी बढ़ गया है.

**पहले भी भंसाली संग कर चुकी हैं धमाल**

आपको बता दें कि, प्रियंका चोपड़ा इससे पहले भी संयज लीला भंसाली की फिल्म 'गोलियों की रासलीला राम-लीला' में आइकॉनिक गाने 'राह चाहे लीला' में नजर आ चुकी हैं. उनके दमदार डांस मूव्स और स्टाइलिश लुक ने उस समय खूब सुर्खियां बटोरी थीं. ऐसे में वह 'लव एंड वॉर' में भी डांस करती नजर आती हैं, तो ये फैंस के लिए किसी ट्रीट से कम नहीं होगा.

'शोले' के 50 साल हुए पूरे

# हेमा मालिनी ने पार्लियामेंट में कही खास बात

**अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र और हेमा मालिनी की अदाकारी वाली फिल्म 'शोले' बॉलीवुड की सबसे अच्छी फिल्मों में से एक है। इस साल स्वतंत्रता दिवस पर, यह फिल्म अपनी रिलीज के 50 साल पूरे कर लेगी। सोमवार को हेमा मालिनी ने इस फिल्म के 50 साल पूरे होने एक खास बात कही है।**

**दूसरी 'शोले' बनना मुश्किल**

फिल्म के बारे में बात करते हुए हेमा मालिनी ने एएनआई से कहा 'हमें खुशी होती है। जब काम करना शुरू किया था तब मालूम नहीं था कि इतनी बड़ी हिट होगी। अब 50 साल के बाद आप पार्लियामेंट में उसके बारे में सवाल पूछ रहे हैं। उस वक्त मुझे नहीं पता था कि हम पार्लियामेंट में आएंगे। वह वक्त अलग था। बस पिक्चर बन गई। दूसरी 'शोले' बनना मुश्किल है।'

**दो हफ्तों के बाद फिल्म ने अच्छा प्रदर्शन किया**

आपको बता दें कि 'शोले' को एक कल्ट फिल्म माना जाता है। बहुत कम लोग जानते होंगे कि जब यह फिल्म रिलीज हुई थी, तो इसे नकारात्मक समीक्षाएं मिलीं। पहले दो हफ्तों में यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर कोई खास कमाल नहीं दिखा पाई। हालांकि, बाद में सकारात्मक प्रचार के चलते इसने अच्छा प्रदर्शन करना शुरू कर दिया।

**थिएटर में पांच वर्षों तक चली 'शोले'**

रमेश सिप्पी के द्वारा निर्देशित यह फिल्म मुंबई के मिनर्वा थिएटर में पांच वर्षों तक प्रदर्शित हुई। यह सबसे लंबे समय तक चलने वाली फिल्म थी। 'दिलवाले दुल्हनिया ले जाएंगे' ने इसका रिकॉर्ड तोड़ दिया।

**हेमा मालिनी का काम**

हेमा मालिनी पिछले कुछ वर्षों से फिल्मों से दूर हैं। अभिनेत्री को आखिरी बार 2020 में रिलीज हुई फिल्म 'शिमला मिर्ची' में देखा था। उनके फैन्स उन्हें फिर से पर्दे पर देखने का से इंतजार कर रहे हैं।





# विराट और अब्दुल रज्जाक को डेट कर चुकी हैं तमन्ना भाटिया ?

**भारतीय सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया आज किसी पहचान की मोहताज नहीं हैं, उन्होंने हिंदी ही नहीं बल्कि साउथ इंडस्ट्री में भी अपनी खूबसूरती और एक्टिंग का लोहा मनवाया है. हालांकि, एक्ट्रेस अपनी फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स के साथ-साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी खासा सुर्खियों में रहती हैं. एक्ट्रेस का नाम कई सेलेब्स के साथ जुड़ा चुका है, जिसमें दो दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली और अब्दुल रज्जाक का नाम भी शामिल है. हालांकि, तमन्ना ने अब खुद ही क्रिकेटर्स को डेट करने के राज से पर्दा उठा दिया है.**

**इन दो दिग्गज क्रिकेटरों को डेट कर चुकी हैं तमन्ना भाटिया?**

तमन्ना भाटिया ने हाल ही में एक मीडिया इंटरव्यू के दौरान अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ पर खुलकर बात की. इस दौरान उन्होंने उन अफवाहों पर भी बात की, जो सालों से उनके नाम के साथ जुड़ी है. दरअसल, ऐसा कहा जाता है कि तमन्ना भाटिया भारतीय क्रिकेटर विराट कोहली और अब्दुल रज्जाक को डेट कर चुकी हैं. हालांकि, एक्ट्रेस ने इंटरव्यू के दौरान साफ कहा कि उनका इन दोनों क्रिकेटर्स के साथ कोई रोमांटिक या लव रिलेशनशिप नहीं रहा है.

**क्या है विराट कोहली और तमन्ना भाटिया की डेटिंग का सच?**

तमन्ना भाटिया ने विराट कोहली संग डेटिंग की अफवाहों पर बात करते हुए कहा कि, 'मुझे बहुत बुरा लग रहा है, क्योंकि मैं उनसे सिर्फ एक दिन के लिए मिली थी. शूटिंग के बाद मैं विराट से कभी नहीं मिली और न मैंने उनसे बात की.' दरअसल, साल 2010 के शुरुआती सालों में एक एड शूट के दौरान विराट और तमन्ना की एक तस्वीर काफी वायरल हुई थी, जिसके बाद दोनों के अफेयर की खबरें उड़ने लगीं, लेकिन अब सालों बाद एक्ट्रेस ने खुद साफ किया कि यह सिर्फ एक प्रोफेशनल मीटिंग थी, इससे ज्यादा कुछ नहीं.

**क्या अब्दुल रज्जाक से तमन्ना ने रचाई थी गुपचुप शादी?**

तमन्ना भाटिया से इंटरव्यू में क्रिकेटर अब्दुल रज्जाक संग उनके रिश्ते की अफवाहों के बारे में भी सवाल किया गया. दरअसल, ऐसा दावा किया गया था कि, तमन्ना भाटिया ने पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर अब्दुल रज्जाक संग गुपचुप शादी रचा ली है. इस सवाल पर एक्ट्रेस ने हंसते हुए कहा, 'मजाक मजाक में अब्दुल रज्जाक! इंटरनेट तो बड़ा मजेदार है. हैं, इंटरनेट के मुताबिक, मेरी अब्दुल रज्जाक से कुछ समय के लिए शादी हुई थी.' एक्ट्रेस ने आगे बताया कि, 'यह बहुत शर्मनाक है, उन दोनों की वायरल फोटो असल में एक ज्वेलरी स्टोर के ओपनिंग इवेंट की थी जहां वह दोनों इत्तेफाक से पहुंचे थे और वहीं तस्वीर खिंच गई, जिसे गलत तरीके से फैलाया गया.'

# 'खोटी बहू' से बनी करोड़ों की ब्यूटी क्वीन

## लुक में देती हैं आलिया-दीपिका-करीना को टक्कर

टीवी की 'वैंप' नामी एक्ट्रेस आशका गोराडिया ने साल 2002 में अपने करियर की शुरुआत की थी. पहले ही शो में अपने शानदार अभिनय से वो दर्शकों पर अपना छाप छोड़ने में सफल रही थीं .लेकिन फिर भी उन्होंने एक्टिंग को अलविदा कह दिया. लुक में तो वह आलिया-दीपिका-करीना को टक्कर देती हैं. इन दिनों आशका ने एक्टिंग से दूर बिजनेस की दुनिया में जा पहुंची हैं. आज उनका ब्यूटी ब्रांड "Renee Cosmetics" करोड़ों का कारोबार कर रहा है.<br />आशका ने अपने करियर में 'भाभी', 'कुसुम', 'तुम बिन जाऊं कहां', 'सिंदूर तेरे नाम का', और सबसे ज़्यादा फेमस शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' में नजर आईं. उन्होंने 'नागिन' में भी दमदार रोल किया था. एक्टिंग ही नहीं, रियलिटी शोज़ जैसे 'बिग बॉस', 'खतरों के खिलाड़ी', 'नच बलिए' में भी वो नजर आईं और अपनी बहुमुखी प्रतिभा साबित की. लेकिन उन्होंने टीवी में ज्यादातर खोटी बहू यानी नेगेटिव रोल ही रोल निभाए हैं. साल 2021 में उन्होंने एक्टिंग छोड़ने का फैसला लिया. लोगों ने कयास लगाए, अफवाहें उड़ने लगीं. पर बाद में सबको समझ आया कि आशका बिजनेस में कुछ बड़ा करने का सपना देख रही थीं. सोशल मीडिया पर तो वह तहलका मचाए रखती हैं. अपने लुक से वह बॉलीवुड की कई बड़ी स्टार को टक्कर देती हैं. 2018 में उन्होंने अपने दो साथियों, प्रियांक शाह और आशुतोष वालानी के साथ Renee Cosmetics की शुरुआत की. उन्होंने सिर्फ 50 लाख रुपये के निवेश से कंपनी की नींव रखी और सबसे पहले ऑनलाइन मार्केटिंग के ज़रिए प्रोडक्ट्स बेचना शुरू किया.





# 'मुझे बेहोश करके', कभी बर्बाद होने से बची थी जिंदगी

क्टिंग की दुनिया में कास्टिंग काउच के शिकार होने की खबरें अक्सर आती रहती हैं. टीवी की एक खूबसूरत और टैलेंटेड एक्ट्रेस के साथ भी ऐसा ही कुछ हुआ था. 16 की उम्र में एक्ट्रेस ने ये दर्द झेला था. एक वक्त में करोड़ों के कर्ज में डूबी ये एक्ट्रेस सड़कों पर सोने को मजबूर थीं. हम जिस एक्ट्रेस की बात कर रहे हैं, वो कोई और नहीं रश्मि देसाई है. रश्मि टीवी की दुनिया की जानी मानी एक्ट्रेस हैं. उन्होंने भोजपुरी सिनेमा में अपनी एक्टिंग से कभी तहलका मचाया था. अपने करियर में वह हर तरह के रोल निभा चुकी हैं. रश्मि अपने बेबाक अंदाज के लिए भी जानी जाती हैं .वह अक्सर सोशल मीडिया पर पर भी हर मुद्दे पर दिल खोलकर बात करती हैं. एक्ट्रेस ने खुलासा किया है कि वह कास्टिंग काउच का भी शिकार हो चुकी हैं.

**16 की उम्र में झेल चुकीं दर्द**

एक्टिंग की दुनिया में अक्सर इस तरह की खबरें सामने आती हैं. कई एक्ट्रेसेस अपने साथ हुए इस हादसे पर खुलकर बात भी करती हैं. रश्मि ने साल 2024 में बॉलीवुड बबल को दिए इंटरव्यू में बताया था कि जब वह 16 साल की की ती, तब 'दुर्भाग्य से, मैं भी इसका शिकार हो चुकी हूं,मुझे ऑडिशन के लिए बुलाया गया, मैं वहां गई और उन्होंने मुझे बेहोश करने की कोशिश की. लेकिन मैं किसी तरह वहां से बाहर निकलकर भागी थी. अगले दिन मेरी मां मेरे साथ वहीं गईं और उसे सबक सिखाने के लिए उसे थप्पड़ भी जड़ा था. लेकिन आगे चलकर मुझे बहुत अच्छे लोगों का साथ मिला.